उत्तराखंड, नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित/उत्तर प्रदेश में प्रसारित

उत्तम भारत

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक — सत्य, निष्पक्ष भारत

कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत् 2082 ▸▸ वर्ष: 1 ▸▸ अंक: 191 ▸▸ देहरादून ▸▸ गुरुवार, 26 नवम्बर 2026 ▸▸ मूल्य: 3.00 ▸▸ पृष्ठ: 12, (www.uttambharatnews.com), RNI.No. UAHIN/26/A3885



मोदी कैबिनेट के 5 बड़े फैसले, कहीं बनेगा नया एयरपोर्ट तो कहीं होगा पोर्ट का विस्तार

19,934 करोड़ खर्च करेगी सरकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को देश के इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और डाक सेवाओं को मजबूत करने के लिए पांच बड़े फैसले लिए गए। सरकार इन योजनाओं पर कुल 19,934 करोड़ खर्च करेगी। इन फैसलों में जहां असम के सिलचर में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने को मंजूरी दी गई है, वहीं तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट पर दूसरा कंटेनर टर्मिनल भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ की योजना को मंजूरी मिली है। आइए जानते हैं कि आज की कैबिनेट मीटिंग में क्या-क्या बड़े फैसले लिए गए।



निर्माण उपकरणों के लिए 11,000 करोड़

नई दिल्ली, एजेंसी। कैबिनेट ने देश में कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट यानी निर्माण और बुनियादी ढांचे से जुड़े उपकरणों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 11,000 करोड़ की योजना को मंजूरी दी है। यह योजना वित्त वर्ष 2026-27 से 2033-34 तक आठ साल के लिए लागू होगी। प्रेस ब्रीफिंग में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत का उद्योग दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उद्योग है। वित्त वर्ष 2024-25 में इसका बाजार करीब 97,000 करोड़ का था। हालांकि, इस क्षेत्र की लगभग 45 फीसदी जरूरतें आयात से पूरी होती हैं। ऐसे में सरकार का लक्ष्य देश में ही आधुनिक उपकरणों के निर्माण की क्षमता विकसित करना और आयात पर निर्भरता कम करना है। इस योजना के तहत सात तरह के उपकरणों के घरेलू उत्पादन पर खास ध्यान दिया जाएगा। इनमें टनल बोरिंग मशीन, ऑफ-हाईवे ट्रक, एक्सकेवेटर, क्रेन, लोडर, पाइलिंग रिग और ड्रिलिंग मशीन शामिल हैं। इन उपकरणों का इस्तेमाल सड़क, सुरंग, पुल और अन्य बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में होता है।

कामराजार पोर्ट पर बनेगा दूसरा कंटेनर टर्मिनल

कैबिनेट ने तमिलनाडु के कामराजार पोर्ट लिमिटेड में दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को भी मंजूरी दी है। इस परियोजना पर करीब 4,288 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसे पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत यानी डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और हस्तांतरण के आधार पर विकसित किया जाएगा। इस टर्मिनल को 111 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। इसकी सालाना क्षमता 20 लाख (ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट) होगी। टर्मिनल का बर्थ 900 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा होगा। यहां 24,346 तक क्षमता वाले और 400 मीटर तक लंबे बड़े कंटेनर जहाजों को संभाला जा सकेगा। परियोजना की रियायत अवधि 40 साल तय की गई है। इससे बंदरगाह की कंटेनर हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने और समुद्री व्यापार को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है।



असम के सिलचर में बनेगा नया एयरपोर्ट

कैबिनेट ने असम के सिलचर में डोलू इलाके में नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 2,014 करोड़ खर्च होंगे। इसका पूरा खर्च एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी। नए एयरपोर्ट में व्यस्त समय के दौरान एक घंटे में 800 यात्रियों को संभालने की क्षमता होगी। इसमें 400 यात्री आने और 400 यात्री जाने की क्षमता शामिल है। इसकी सालाना यात्री क्षमता 10.1 लाख होगी। फिलहाल सिलचर का मौजूदा एयरपोर्ट भारतीय वायुसेना के स्वामित्व में है, जहां करीब 70 एकड़ क्षेत्र में सिविल एन्क्लेव संचालित करती है। जगह की कमी के कारण मौजूदा एयरपोर्ट का विस्तार करना मुश्किल है। नया एयरपोर्ट बनने से बराक वैली और पूर्वोत्तर के आसपास के इलाकों की हवाई कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है। इससे पर्यटन और क्षेत्रीय कारोबार को भी बढ़ावा मिल सकता है।

अब हाई-टेक पार्सल हब से लैस होगा इंडिया पोस्ट

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े डाक नेटवर्क इंडिया पोस्ट को आधुनिक और हाई-टेक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16वें वित्त आयोग चक्र (वित्त वर्ष 2026-27 से वित्त वर्ष 2030-31) के लिए 1,141 करोड़ रुपये के बजट के साथ केंद्रीय क्षेत्र की योजना पोस्टल ऑपरेशंस (डाक संचालन) को जारी रखने की मंजूरी दे दी है। पांच साल तक चलने वाली इस योजना का मुख्य उद्देश्य डाक बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना, अंतिम छोर तक डिलीवरी (लास्ट-माइल डिलीवरी) को मजबूत बनाना और ई-कॉमर्स लॉजिस्टिक्स व डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा देना है।



केंद्रीय रेल तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते हुए। फोटो : अम्लान पालीवाल

वर्तमान में इंडिया पोस्ट के पास देशभर में 1.65 लाख डाकघर हैं, जिनमें से 1,49,655 डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। दूर-दराज के इलाकों में यह नेटवर्क डाक और पार्सल के अलावा कई महत्वपूर्ण सार्वजनिक सेवाएं उपलब्ध कराता है। इनमें पोस्ट ऑफिस सेविंग्स बैंक, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक, पोस्टल लाइफ इंश्योरेंस, आधार नामांकन और अपडेट, पासपोर्ट सेवा केंद्र, केवाईसी सत्यापन और डाकघर निर्यात केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण कारीगरों को निर्यात सहायता शामिल है। यह नई योजना डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्यों को गति देगी।

मेल नेटवर्क ऑप्टिमाइजेशन (575 करोड़ रुपये) : सबसे बड़ा हिस्सा मेल संचालन के आधुनिकीकरण पर खर्च होगा। इसके तहत एडवांस्ड पोस्टल टेक्नोलॉजी, जीआईएस आधारित सेवाओं, मशीनीकरण और सेंट्रलाइज्ड डिलीवरी सिस्टम को लागू किया जाएगा।

कांग्रेस हिंसा के जरिए सत्ता बदलना चाहती है : राजनाथ

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह अपनी सत्ता परिवर्तन की योजना के जरिए अराजकता फैला रही है। कर्नाटक के कलबुर्गी में एक भाषण के दौरान, राजनाथ ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को चेतावनी दी कि सड़कों पर उनकी पार्टी के हंगामे से भारत के लोकतंत्र को कमजोर नहीं किया जा सकता। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब, जब उनके सारे हथकंडे फेल हो गए हैं, तो कांग्रेस पार्टी और उसके कई सहयोगी कह रहे हैं कि 'मोदी ऐसे जाने वाले नहीं हैं; अब यहां सत्ता परिवर्तन होना चाहिए।' वे अराजकता फैलाकर, अशांति पैदा करके और खून-खराबा भड़काकर यहां की सरकार बदलना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे कई पड़ोसी देशों में इसी तरह से सत्ता परिवर्तन हुआ है; क्या वे वैसी ही अराजकता फैलाकर यहां सरकार बनाना चाहते हैं? मैं कांग्रेस के राहुल गांधी को साफ तौर पर बता देना चाहता हूं कि भारत का लोकतंत्र इतना कमजोर नहीं है कि आपकी पार्टी के लोग सड़कों पर हंगामा करके इसे कमजोर कर सकें।

राजनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर सवाल उठा रही है। क्या आपके समय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें नहीं थीं? मैं कहना चाहता हूँ कि आप चाहे जिस तरीके से चुनाव करवा कर देख लें।

धामी सरकार का खेलों पर बड़ा दांव, मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी की इनामी राशि दोगुनी

50 खेलों में दिखेगा प्रतिभाओं का दम, हर ग्राम पंचायत में बनेगा मुख्यमंत्री खेल क्लब



उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। *मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री चैंपियनशिप ट्रॉफी की पुरस्कार राशि बढ़ाने को मंजूरी दी है। प्रतियोगिता में शामिल खेलों की संख्या 32 से बढ़ाकर 50 करने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुख्यमंत्री खेल क्लब गठित करने का भी निर्णय लिया गया है। नई व्यवस्था के तहत न्याय पंचायत स्तर पर प्रथम पुरस्कार 400, द्वितीय 300 और तृतीय 200 रुपये होगा। विधानसभा स्तर पर पुरस्कार राशि क्रमशः 700, 500 और 400 रुपये निर्धारित की गई है। संसदीय क्षेत्र स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार 1000, 800 और 600 रुपये होंगे।*

राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2000, द्वितीय 1500 और तृतीय 1000 रुपये किया गया है। वहीं, ओवरऑल विजेता जनपद को मिलने वाली मुख्यमंत्री कप की धनराशि पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। प्रतियोगिताओं में पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने पीआरडी जवानों को होमगार्ड जवानों की तर्ज पर मानदेय देने के लिए समिति गठित करने तथा विभिन्न विभागों में कार्यरत सफाई कर्मियों का मानदेय बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

इसके अलावा आमवाला में मिनी स्टेडियम और अग्निवीर प्रशिक्षण केंद्र बनाने के लिए भूमि हस्तांतरण को अनुमोदन दिया गया। चम्पावत की ग्राम पंचायत ढकना बडोला में श्री ऐड़ी ब्यानधुरा भूमिया मेला स्थल के सौंदर्यीकरण के लिए 109.88 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बन रहा मेरठ : योगी

मेरठ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश की औद्योगिक क्रांति और वैश्विक निवेशकों के बढ़ते भरोसे की कड़ी में बुधवार को एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया, जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेरठ के इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर में वैश्विक दिग्गज बॉल कॉर्पोरेशन की नई मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी का शिलान्यास किया।



मेरठ में दो हजार 900 करोड़ से अधिक के निवेश से स्थापित होने जा रही एल्युमिनियम बेवरेज कैन की इस विश्वस्तरीय इकाई के भूमिपूजन अवसर पर मुख्यमंत्री ने बुधवार को बॉल कॉर्पोरेशन की पूरी टीम का हृदय से आभार जताते हुए कहा कि यह प्लांट आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने प्रदेश में आ रहे निवेश की निरंतरता का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले सीएनएच इंडस्ट्रियल के एक हजार 200 करोड़ से अधिक के नए प्लांट का भूमिपूजन हुआ, दो दिन पूर्व ताइवान की क्रिएटिव सेंसर के साथ एक हजार 100 करोड़ से अधिक के निवेश पर सार्थक संवाद हुआ और आज मेरठ में बॉल कॉर्पोरेशन का शिलान्यास हो रहा है, जो उत्तर प्रदेश के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का जीवंत प्रमाण है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक एंकर यूनिट के रूप में कार्य करेगी। इससे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। स्थानीय एमएसएमई, पैकेजिंग सप्लायर्स, लॉजिस्टिक्स, ट्रांसपोर्ट और रीसाइक्लिंग पार्टनर्स के लिए भी व्यापार के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ओडीओपी स्पोर्ट्स गुड्स के लिए विश्व प्रसिद्ध मेरठ में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी का निर्माण भी हो रहा है और अब स्पोर्ट्स व पारंपरिक उद्योगों के साथ-साथ मेरठ एडवांस्ड ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग का भी प्रमुख केंद्र बन रहा है।

मेरठ में दो हजार 900 करोड़ का निवेश

बॉल कॉर्पोरेशन द्वारा मेरठ के चयन को अत्यंत दूरदर्शी निर्णय बताते हुए उन्होंने कहा कि नमो भारत रैपिड रेल, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, दिल्ली-एनसीआर व 25 हजार हेक्टेयर के यीडा क्षेत्र, जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की निकटता तथा ईस्टर्न व वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की पहुंच मेरठ को तेज, निर्बाध और वर्ल्ड-क्लास मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए उद्योग, निवेश और लॉजिस्टिक्स के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित कर रही है।

उन्होंने कहा कि आज भारत में सॉफ्ट ड्रिंक्स, जूस, एनर्जी ड्रिंक्स और रेडी-टू-ड्रिंक बेवरेज का बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

शिवराज सिंह चौहान ने पंजाब के किसानों के सुझाव सुने



चंडीगढ़, एजेंसी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को पंजाब के तरनतारन जिले के ग्राम बूह हवेलियां में आयोजित किसान चौपाल में शिरकत कर अन्नदाताओं के साथ सीधा संवाद किया। खेतों के बीच किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने।

कहा, किसानों की सेवा सतगुरु की सच्ची पूजा

उन्होंने कहा कि वे कोई बड़ी राजनीतिक सभा करने नहीं, बल्कि एक सेवक के रूप में किसानों के बीच बैठकर उनकी बात समझने आए हैं। इस दौरान उन्होंने पंजाब सरकार से किसानों के हित में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू करने का आग्रह किया और मोदी सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की प्रतिबद्धता को दोहराया।

किसान चौपाल को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने भावुक और आत्मीय अंदाज में कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके पूरे देश का पेट भरता है। उन्होंने कहा, मैं कोई नेता-वेता नहीं हूं, मैं तो किसानों का सेवक हूं। गुरु नानक देव जी ने भी यही संदेश दिया है कि अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष से दूर रहकर सेवा करनी चाहिए। मंत्री पद किसी अहंकार के लिए नहीं, बल्कि जनता की सेवा के लिए मिला है और मेरे लिए किसानों की सेवा ही सतगुरु भगवान की पूजा है।

पंजाब के किसानों के ऐतिहासिक योगदान को नमन करते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि जब देश में अन्न का संकट था और बाहर से लाल गेहूं मंगाना पड़ता था, तब पंजाब के किसानों ने ही हरित क्रांति लाकर देश के अन्न के भंडार भरे थे। लेकिन आज अत्यधिक रासायनिक खाद, कीटनाशक और पराली जलाने के कारण हमारी धरती माता की सेहत बिगड़ रही है।

कश्मीर में बढ़ी ठंड, इस सीजन का सबसे कम तापमान

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में बुधवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई। श्रीनगर में पारा माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है। स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश में 3 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहने की संभावना है। रात में आसमान साफ रहने के कारण आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस सीजन में अब तक का सबसे कम तापमान है। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री, जबकि



पहलगाम में माइनस 3.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

इस बीच, जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कटरा में यह 10.2 डिग्री, बटोटे में 10.6 डिग्री, बनिहाल में 8.9 डिग्री और भद्रवाह में 3.2 डिग्री सेल्सियस रहा। घाटी में कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कश्मीरी लोगों ने अपना पारंपरिक ऊनी परिधान ह्यफेरनह्ल पहनना शुरू कर दिया है। यह ढीले गाउन जैसा होता है और इसका मोटा ऊनी कपड़ा ठंड से बचाव करता है। दफ्तर जाने वाले स्थानीय लोग आमतौर पर गर्म ऊनी कपड़े पहनते हैं, हालांकि अब फेरन की सिलाई और डिजाइन में भी बदलाव किए गए हैं, ताकि इसे दफ्तरों में भी पहना जा सके। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में शीतकालीन अवकाश का फैसला ठंड की तीव्रता को देखते हुए किया जाएगा।

भारतीय महिला हॉकी टीम का धमाकेदार प्रदर्शन: चीन को 6-2 से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को भोपाल के इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चीन को 6-2 से रौंद दिया। सेमीफाइनल में पहले ही जगह बना चुकी टीम ने इस जीत के साथ टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज की। यह चीन के खिलाफ टूर्नामेंट के इतिहास में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत साबित हुई। इस शानदार प्रदर्शन के साथ भारतीय महिला टीम एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। अक्टूबर 2003 में रैंकिंग शुरू होने के बाद से यह भारतीय महिला टीम की अब तक की सबसे ऊंची रैंकिंग है। भारत ने पूरे मैच में चीन पर दबदबा बनाए रखा। आक्रामक खेल की कमान दीपिका ने संभाली, जिन्होंने पहले क्वार्टर में ही शानदार हैट्रिक लगाई। लालरेमसियामी, नेहा और साक्षी राणा ने भी एक-एक गोल करके इस बड़ी जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



मैच की शुरूआत तेज गति से हुई। पहले ही मिनट में दीपिका ने शानदार रिवर्स-हिट से खाता खोला। ऋतुजा दादासो पिसल और सलीमा टेटे के सटीक पास से मौका बना और दीपिका ने तीन डिफेंडरों को छकाते हुए गोल दाग दिया। छठे मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर पर दीपिका ने दूसरा गोल किया, जबकि 14वें मिनट में हैट्रिक पूरी कर ली। दूसरे क्वार्टर में लालरेमसियामी ने 19वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-1 किया। इसके बाद 22वें मिनट में नेहा ने रिवर्स फ्लिक से गोल दागकर हाफ-टाइम तक भारत को 5-1 की मजबूत बढ़त दिला दी। चीन ने पहले क्वार्टर के अंत में फेंग किंगमियाओ के पेनाल्टी कॉर्नर से एक गोल किया था। हाफ-टाइम के बाद चीन ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन भारतीय डिफेंस ने डटकर मुकाबला किया। गोलकीपर बिचू देवी ने अहम बचाव किए। 33वें मिनट में साक्षी राणा ने हवा में आए पास को कंट्रोल करके जोरदार शॉट से गोल किया और स्कोर 6-1 कर दिया। भारत ने अंत तक नियंत्रण बनाए रखते हुए 6-2 की जीत दर्ज की। पूजा साहू और ज्योति ने डिफेंस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दीपिका की हैट्रिक ने मैच पर किया कब्जा

दूसरे क्वार्टर में भी जारी रहा दबदबा

दूसरे हाफ में साक्षी का गोल और मजबूत डिफेंस

इस जीत के साथ भारत के 12 अंक हो गए हैं। टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही टीम का अगला मुकाबला बुधवार शाम 7 बजे जापान से होगा। जापान भी 12 अंकों के साथ अजेय है। अन्य मुकाबलों में दक्षिण कोरिया ने थाईलैंड को 1-0 से हराया, जबकि जापान ने मलेशिया को 3-1 से शिकस्त दी। भारतीय टीम अब अपने आखिरी राउंड-रॉबिन मुकाबले में जापान का सामना करते हुए टॉप पर बने रहने की कोशिश करेगी।

भीमताल झील की गहराई और गाद का होगा वैज्ञानिक आकलन

पुनर्जीवन के लिए तैयार होगी कार्ययोजना, चार दिवसीय सर्वेक्षण पूरा: कैड़ा

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। भीमताल झील के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिजुवनेशन अथॉरिटी (रअफ्फ्अ) ने पहल तेज कर दी है। जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा के निर्देश पर 20 से 23 नवंबर तक झील का चार दिवसीय बैथिमेट्रिक सर्वेक्षण पूरा किया गया।



आधुनिक तकनीक से किए गए सर्वेक्षण में झील की गहराई, जल भंडारेण क्षमता और तल में जमा गाद का वैज्ञानिक आकलन किया गया। मोटर बोट पर इकोसाउंडर और डीजीपीएस उपकरणों की मदद से झील के विभिन्न हिस्सों की गहराई और भौगोलिक स्थिति दर्ज की गई। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि भीमताल झील क्षेत्र की महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है। सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर झील के पुनर्जीवन, गाद निकासी और जल भंडारण क्षमता के बेहतर प्रबंधन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इससे झील के दीर्घकालिक संरक्षण को वैज्ञानिक आधार मिलेगा।

विद्यार्थियों को दिलाया राष्ट्र प्रथम का संकल्प, चरित्र निर्माण पर दिया जोर

उत्तम भारत संवाददाता

विकासनगर (देहरादून)। अटल उत्कर्ष राजकीय इंटर कॉलेज बरोटीवाला में राष्ट्रीय चरित्र निर्माण अभियान के तहत प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के मार्गदर्शन में संचालित अभियान के निदेशक डॉ. रविन्द्र कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' का संकल्प दिलाते हुए आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया।

डॉ. सैनी ने विद्यार्थियों से दैनिक अभिवादन में 'जय हिंद' का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बलिदान देने वाले क्रांतिकारियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सहयोगी डॉ. नरेंद्र सिंह तोमर ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य कृपाल सिंह चौहान ने अभियान की सराहना



करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन गोविन्द सिंह चौहान ने किया। इस दौरान डॉ. कुलवंत सिंह, पूर्णिमा, लक्ष्मण सिंह सजवाण, रश्मि नेगी, डॉ. अंकित शर्मा, रघुराज, अभिषेक दीक्षित सहित शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

थानाध्यक्ष ने पेश की मिसाल, निराश्रित गोवंशों के लिए दिए 11 हजार रुपये

उत्तम भारत संवाददाता

चमोली। खाकी वर्दी में कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाने के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए थराली के थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने मानवीय पहल की है। उन्होंने सूना गांव स्थित गौ सदन में आश्रय ले रहे 42 निराश्रित गोवंशों के भरण-पोषण के लिए अपने वेतन से 11 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। थानाध्यक्ष विनोद चौरसिया ने यह धनराशि सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह को सौंपी। गौ सदन में वर्तमान में 42 बेसहारा गोवंशों को आश्रय दिया जा रहा है। पुलिस अधिकारी की ओर से दी गई सहायता राशि से गोवंशों के लिए चारा, भूसा और पौष्टिक आहार की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान विनोद चौरसिया ने क्षेत्रवासियों से भी गौ सदन के संचालन और गोवंशों की देखभाल



के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि बेजुबान पशु अपनी पीड़ा किसी से कह नहीं सकते। उन्हें भूख, ठंड और सड़क हादसों जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पशुपालकों को अपने पशुओं को बेसहारा छोड़ने के बजाय उनकी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

पशुओं को सुरक्षित रखना ही सच्ची गोसेवा है। गौ सदन में सामाजिक कार्यकर्ता गंगा सिंह, प्रेमचंद देवराड़ी और अन्य सदस्य निराश्रित गोवंशों की देखभाल में जुटे हैं। क्षेत्रीय लोग भी इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

चमोली पुलिस ने की अपील

चमोली पुलिस ने पशुपालकों से अपने पशुओं को सड़कों पर बेसहारा नहीं छोड़ने की अपील की है। साथ ही निराश्रित गोवंश दिखाई देने पर इसकी सूचना गौ सदन अथवा स्थानीय प्रशासन को देने का आग्रह किया है, ताकि पशुओं को सुरक्षित आश्रय और उचित देखभाल मिल सके।

लंबित राजस्व वादों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम

मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक में राजस्व वसूली और विकास कार्यों की समीक्षा

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने और राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला सभागार में आयोजित मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक में उन्होंने राजस्व वसूली, राजस्व एवं फौजदारी वादों, नामांतरण, निर्माण कार्यों और जनसामान्य से जुड़ी सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका निर्धारित समयसीमा में निस्तारण सुनिश्चित करें। धारा-34 के तहत लंबित प्रकरणों की नियमित बैठक कर समीक्षा करने तथा एलआर एक्ट के अंतर्गत लंबे समय से लंबित वादों को प्राथमिकता से निपटाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालयों में आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। इसके लिए संबंधित



अधिकारी और पटवारी आवेदकों को उनके प्रकरण की स्थिति और आगे की प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी दें। साथ ही समन एवं नोटिस की समय पर तामील, चरित्र सत्यापन और अंश निर्धारण के मामलों में भी समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

बैठक में तहसीलों में संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को राजस्व भवनों के निर्माण में तेजी लाने को कहा। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा के दौरान किसानों के अभिलेख समय से अद्यतन करने के निर्देश दिए।

आबकारी विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध गतिविधियों के विरुद्ध छापेमारी तेज करने और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा लंबित मजिस्ट्रियल जांच निर्धारित समय में पूरी करने तथा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का वास्तविक स्थिति के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने आपदा राहत से संबंधित लंबित मामलों में तेजी लाने के साथ आगामी शीतलहर से बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और तेजी लाने के लिए ई-ऑफिस सहित ऑनलाइन माध्यमों का अधिकाधिक उपयोग करने पर भी जोर दिया।

बैठक में उपजिलाधिकारी चम्पावत बीसी पंत, उपजिलाधिकारी टनकपुर प्रमोद कुमार, जिला शासकीय अधिवक्ता विद्याधर जोशी, जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र लाल सहित संबंधित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

रुड़की में दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत

हरिद्वार (एजेंसी)। रुड़की क्षेत्र में मंगलवार रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई,जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक ही रात में तीन युवकों की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है।

पुलिस के अनुसार,पहला हादसा कलियर थाना क्षेत्र के रहमतपुर रोड पर हुआ। यहां बाइक सवार दो युवक निमार्णाधीन पुलिया से टकरा गए। हादसे में लंढौरा निवासी अज्जू उर्फ अजय (32) पुत्र ऋषिपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी आकाश (24) पुत्र मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दूसरा हादसा रुड़की के व्यस्त बीटीगंज क्षेत्र में हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से



घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रुड़की के रघुनाथ प्लॉट निवासी अर्श (24) पुत्र याकूब और मुजफ्फरनगर जिले के चरथावल थाना क्षेत्र के दधेड़ू खुर्द निवासी मोनू (31) के रूप में हुई है।

एसपी देहात अभय सिंह ने बताया कि दोनों हादसों में तीन युवकों की मौत हुई है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : डीएम

उत्तम भारत संवाददाता

चम्पावत। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने लघु सिंचाई विभाग की ओर से सारा मद के अंतर्गत संचालित कालसेनझभोलेश्वर जल संरक्षण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने और सभी निर्माण निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ताराचौड़ स्ट्रीम में निमार्णाधीन चेकडैम का जायजा लिया। इसके बाद कालसेन स्ट्रीम में निर्मित चेकडैम की स्थिति देखी और विभागीय अधिकारियों से परियोजना के तहत पूर्ण एवं प्रस्तावित कार्यों की जानकारी ली।

लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता विमल कुमार सूंठा ने बताया कि 261 लाख रुपये की लागत से संचालित इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। परियोजना के तहत 800 कंटूर, 80 रिचार्ज पिट और 25 चेकडैम बनाए जाने हैं। अब तक सभी 800 कंटूर, 70 रिचार्ज पिट और दो चेकडैम का निर्माण पूरा किया जा चुका है।



जिलाधिकारी ने रौखेत और दुधाताल स्ट्रीम में चेकडैम निर्माण कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और समय पर पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत निर्मित कंटूर और चेकडैम वर्षा जल के तेज बहाव को नियंत्रित करने के साथ मिट्टी के कटाव को कम करने में सहायक होंगे। वहीं, रिचार्ज पिट के माध्यम से वर्षा जल जमीन में पहुंचेगा, जिससे भूजल स्तर में सुधार और जल स्रोतों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

अग्निवीर भर्ती रैली में 850 युवाओं ने लगाई दौड़, 674 हुए सफल

उत्तम भारत संवाददाता

बनबसा। बनबसा सैन्य स्टेशन के मैदान में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन बुधवार को युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पिथौरागढ़ जिले की छह तहसीलों के 850 से अधिक अभ्यर्थियों ने भर्ती प्रक्रिया में प्रतिभाग किया। नौ बैचों में आयोजित दौड़ में 674 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर अगले चरण में जगह बनाई। भर्ती प्रक्रिया के तहत सुबह से ही सेना के जवानों ने अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की। इसके बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार युवाओं को भर्ती स्थल में प्रवेश दिया गया। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर उन्हें शारीरिक परीक्षण के अगले चरण के लिए भेजा गया। तीसरे दिन सफल अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय



परीक्षण गुरुवार को किया जाएगा, जबकि पहले और दूसरे दिन दौड़ में सफल रहे युवाओं का मेडिकल परीक्षण जारी है। जोनल भर्ती कार्यालय (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के अधीन सेना भर्ती कार्यालय पिथौरागढ़ की ओर से आयोजित इस भर्ती रैली का संचालन भर्ती निदेशक कर्नल अमोल दबड़घाव के निर्देशन में किया जा रहा है। भर्ती स्थल पर प्रवेश, दस्तावेजों की जांच, दौड़ और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सेना के अधिकारियों एवं जवानों ने संभाली। भर्ती रैली के चौथे दिन गुरुवार, 26 नवंबर को चम्पावत जिले की चम्पावत, पाटी और पूर्णागिरि तहसीलों के अभ्यर्थी दौड़ में हिस्सा लेंगे। सेना में भर्ती होकर देशसेवा करने का सपना संजोए युवाओं में भर्ती रैली को लेकर खासा उत्साह बना हुआ है।

पवाणी गांव अग्निकांड में 33 घर जलकर राख, स्कूल-पंचायत भवन भी खाक

उत्तरकाशी (एजेंसी)। उत्तरकाशी के मोरी तहसील के पवाणी गांव में मंगलवार शाम को लगी भीषण आग के कारण 33 घर जलकर राख हो गए। एक स्कूल और एक पंचायत भवन भी आग की चपेट में आने से पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इससे कुल 58 परिवार प्रभावित हुए हैं। गनीमत रही कि इस घटना में अब तक किसी व्यक्ति और पशु की जान जाने की सूचना नहीं है।

उत्तरकाशी जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र ने उपजिलाधिकारी पुरोला से प्राप्त सूचना के आधार पर जानकारी दी कि इस अग्निकांड में एक स्थानीय व्यक्ति घायल हुआ है, जिसकी पहचान ओसला गांव निवासी गंगा सिंह के रूप में हुई है। गंगा सिंह मौके पर आग बुझाते हुए गिर गए थे, जिससे उन्हें चोट लगी। फिलहाल, जिलाधिकारी और आपदा प्रबंधन अधिकारी के निर्देशन में आपातकालीन परिचालन केंद्र की ओर से संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर राहत और बचाव की कार्रवाई की जा रही है। प्रभावित परिवारों के लिए खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की जा रही है।

वहीं, अग्निकांड से प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आश्रय और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के



संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। राहत शिविर की व्यवस्था के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रभावित परिवारों के लिए शेल्टर बनाए गए हैं।

इससे पहले, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पवाणी गांव में भीषण अग्निकांड में कई आवासीय भवनों के जलकर नष्ट होने का दुख जताया। उन्होंने मंगलवार को ह्यएक्सह्ल पोस्ट में लिखा, ह्लघटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग की टीमों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए आवश्यक राहत सामग्री भी भेजी जा रही है।ह्व

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने, प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अग्निकांड से हुए नुकसान का आकलन कर प्रभावितों को नियमानुसार राहत प्रदान की जाएगी। सीएम ने यह भी कहा कि इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है।

भारत को जानो प्रतियोगिता में रुड़की और हरिद्वार की टीमों ने मारी बाजी



हरिद्वार (एजेंसी। भारत विकास परिषद के उत्तराखंड पश्चिम प्रांत की प्रांतीय स्तरीय भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता में रुड़की और हरिद्वार की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग में रुड़की के योगी मंगलनाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर वर्ग में डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल हरिद्वार की टीम विजेता रही। दोनों विजेता टीमें दिसंबर में मेरठ में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।

प्रतियोगिता का आयोजन परिषद की प्रांतीय उपाध्यक्ष रश्मि चौहान के विद्यालय एंजेल्स सीनियर सेकेंडरी एकेडमी, बहादराबाद में किया गया। इसमें प्रांत की 14 शाखाओं की ओर से सीनियर और जूनियर वर्ग की 13-13 टीमों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता क्षेत्रीय पर्यवेक्षक एवं परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ. सत्येंद्र मित्तल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष मनीषा सिंघल ने की, जबकि संचालन प्रांतीय महासचिव संजय गर्ग ने किया।

कार्यक्रम संयोजक एवं प्रांतीय संयोजक संस्कार डॉ. राजीव गोयल ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी।

सीनियर वर्ग में रुड़की की मुख्य शाखा की टीम योगी मंगलनाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने प्रथम, कोटद्वार की टीम टीसीजी पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और हरिद्वार की पंचपुरी शाखा की टीम डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्रोण शाखा देहरादून के पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजपुर रोड को सांत्वना पुरस्कार मिला।

राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए पौड़ी की टीम का होगा चयन

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। अल्मोड़ा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-21 बालक आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में पौड़ी गढ़वाल की टीम भी दमखम दिखाएगी। प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के गठन के लिए 26 नवंबर को कंडोलिया मैदान, पौड़ी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

जिला खेल कार्यालय अल्मोड़ा की ओर से अनुसूचित जाति वर्ग के अंडर-21 बालक खिलाड़ियों के लिए यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 से 29 नवंबर तक हेमवती नंदन बहुगुणा खेल स्टेडियम, अल्मोड़ा में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए पौड़ी गढ़वाल की टीम को आमंत्रित किया गया है। इच्छुक खिलाड़ी 26 नवंबर को पूर्वाह्न 11 बजे कंडोलिया मैदान में चयन ट्रायल के लिए पहुंच सकते हैं।

श्रीकोटखाल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार को ईशा फाउंडेशन की इकाई उत्तरा केयर हॉस्पिटल, पौड़ी गढ़वाल द्वारा एकेश्वर ब्लॉक के श्रीकोटखाल स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श किया गया।

शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ. जेपी चमोली ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। वहीं, एएसजी आई हास्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा भी ग्रामीणों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई और आँखों से संबंधित समस्याओं के लिए आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ईसीजी, रक्तचाप, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ऑक्सीजन स्तर, नाड़ी एवं बीएमआई जैसी विभिन्न जाँचें निशुल्क की गईं। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं।



शिविर को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता उमाकांत पांथरी का विशेष सहयोग रहा। उनके द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को शिविर की जानकारी दी गई तथा लोगों को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित कर शिविर तक पहुंचने में सहयोग किया गया। उनके स्थानीय स्तर पर किए गए जनसंपर्क एवं सहयोग से क्षेत्र के लोगों को इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने का अवसर मिला। शिविर के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में कैंप कोऑर्डिनेटर अमन कुमार एवं सुपरवाइजर काजल रावत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके द्वारा मरीजों के पंजीकरण, जांच व्यवस्था, चिकित्सा टीमों के समन्वय एवं शिविर के सुव्यवस्थित संचालन की जिम्मेदारी निभाई गई।

देहरादून

सीएम धामी ने 36 नवनियुक्त नायब तहसीलदारों को सौंपे नियुक्ति पत्र

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सीएम आवास में 36 नवनियुक्त नायब तहसीलदारों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने सभी नवनियुक्त अधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने 36 चयनित अभ्यर्थियों में 13 बेटियों के शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता सरकारी सेवाओं की तैयारी कर रही प्रदेश की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।



सीएम धामी ने कहा कि नवनियुक्त अधिकारियों की इस उपलब्धि के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के साथ ही उनके माता-पिता एवं गुरुजनों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति पत्र के साथ ही आप सभी को जनसेवा की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी मिली है। आपके कार्यों से आमजन को समय पर राहत मिले, यही आपकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नायब तहसीलदार राजस्व प्रशासन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनके कार्यों का सीधा संबंध आमजन की भूमि, आजीविका और अधिकारों से है। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों से नामांतरण, पैमाइश, सीमांकन एवं राजस्व अभिलेखों से जुड़े मामलों का पूरी सावधानी, संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ निस्तारण करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि एक किसान के लिए उसकी भूमि परिवार की आजीविका और बच्चों के भविष्य का आधार होती है। अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण के निस्तारण में इससे जुड़े परिवारों की परिस्थितियों को भी ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनें तथा आवश्यक दस्तावेजों एवं निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से तहसीलों के चक्कर न लगाने पड़ें। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में दूरस्थ गांवों से आने वाले लोगों, विशेषकर बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत आपदा के समय राजस्व अधिकारियों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। आपदा से हुई क्षति का सही एवं समयबद्ध आकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों तक नियमानुसार राहत शीघ्र पहुंच सके। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। सभी अधिकारी अपने सेवाकाल में किसी भी प्रकार के दबाव, सिफारिश अथवा प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना नियमों, कानून और तथ्यों के आधार पर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि बिना किसी सिफारिश के आने वाले व्यक्ति के जायज कार्य का भी पूरी तत्परता से निस्तारण करना निष्पक्ष प्रशासन की पहचान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का मूल मंत्र ह्यसरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टिकरणह्ण है। सभी अधिकारी इस मंत्र को अपनी कार्यशैली में शामिल करें। कार्यप्रणाली को सरल बनाने के साथ ही नागरिकों को उनके आवेदनों की स्थिति के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने और युवाओं की मेहनत एवं भविष्य की रक्षा के लिए राज्य सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। पिछले 5 साल में 36 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नियुक्ति के पीछे किसी युवा की वर्षों की मेहनत और उसके परिवार की उम्मीदें जुड़ी होती हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अधिकारियों से अपने पद की गरिमा बनाए रखने, जनता के प्रति संवेदनशील रहने तथा प्रत्येक निर्णय ईमानदारी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ लेने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की पहचान इस बात से बनेगी कि आमजन कितने विश्वास के साथ अपनी समस्याएं लेकर उनके पास आते हैं और उन्हें कितनी सहजता से समाधान मिलता है।

एक्सेल की रॉड टूटने से बस दुर्घटनाग्रस्त, सभी लोग सुरक्षित

नई टिहरी (एजेंसी)। नई टिहरी-चंबा हाईवे पर बुधवार आज सुबह करीब सवा 11 बजे नई टिहरी से हरिद्वार जा रही एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। चंबा थाना क्षेत्र के भोनाबागी से पहले बटखेम मंदिर के पास यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार उक्त बस का आगे का दायां टायर अचानक जाम हो गया।



बताया जा रहा है कि एक्सेल को टायर से जोड़ने वाली रॉड टूट गई थी। यह भी बताया जा रहा है कि इस हिस्से में हाल ही में वेल्डिंग भी करवाई गई थी। अचानक तकनीकी खराबी आने के कारण चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख पाया और बस सीधे सामने पहाड़ से जा टकराई। गनीमत रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। किसी को कोई चोट नहीं आई। बस में करीब 20 यात्री सवार थे।

चंबा के थानाध्यक्ष विपिन बहुगुणा ने बताया कि उक्त बस में कुछ तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ। गनीमत रही की सभी लोग सुरक्षित हैं। यात्रियों को अन्य वाहनों से गंतव्य के लिए भेजा गया है।

चिन्यालीसौड़ के लिए रवाना हुई एमटीबी साइकिल रेस

नई टिहरी (एजेंसी)। उत्तराखंड में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय एमटीबी साइकिल रेस बुधवार को टिहरी झील के कोटी कॉलोनी से उत्तरकाशी जिले के चिन्यालीसौड़ के लिए रवाना हुई।



उत्तराखंड हिमालयन अल्टीमेट चैलेंज के तहत उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और साइकिल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता को भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल और एसडीएम अजयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत ने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन और साहसिक खेलों को प्रोत्साहित कर युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर विकसित कर रही है। उत्तराखंड का प्राकृतिक सौंदर्य और पर्वतीय भूगोल साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएं रखते हैं। ऐसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों से टिहरी को एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में नई पहचान मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन को टिहरी के लिए महत्वपूर्ण बताया। जिला पर्यटन अधिकारी एसएस राणा ने बताया कि प्रतियोगिता में सेना के जवानों सहित करीब 75 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों ने टिहरी झील और कोटी कॉलोनी के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए यहां बिताए समय को यादगार और रोमांचकारी अनुभव बताया।

उन्होंने बताया कि साइकिल रेस के दौरान प्रतिभागियों की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर सड़क किनारे हाइड्रेशन पॉइंट स्थापित किए गए हैं। इस अवसर पर मनोज बिजल्वाण, नवीन नेगी, उम्मेद राणा, दर्मियान सिंह, दर्शन पंवार, गीता चौहान सहित आईटीबीपी और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

भाजपा के दस साल के कार्यकाल में उत्तराखंड पीछे गया: प्रसाद नैथानी

पेपर लीक और बदहाल शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार पर साधा निशाना

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मियां तेज होने लगी हैं। इसी क्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री एवं देवप्रयाग के पूर्व विधायक मंत्री प्रसाद नैथानी ने बुधवार को गढ़वाल मंडल विकास निगम, श्रीनगर में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा सरकार के दस वर्षों के कार्यकाल पर तीखा हमला बोला। उन्होंने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पेपर लीक, पलायन, महंगाई, बदहाल शिक्षा व्यवस्था और कमजोर भू-कानून को लेकर सरकार को घेरा।



नैथानी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है और भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं के भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी बढ़ी है तथा किसानों, महिलाओं, अनुसूचित जाति-जनजाति और स्थानीय निवासियों के हितों की अनदेखी की जा रही है। प्रेस वार्ता की शुरूआत में उन्होंने पूर्व मंत्री दिवाकर भट्ट की प्रथम पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व मंत्री ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, श्रीनगर जलविद्युत परियोजना और ऑलवेदर रोड का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि इन बड़ी परियोजनाओं का अपेक्षित लाभ स्थानीय लोगों और युवाओं को नहीं मिल पाया। बाहरी ठेकेदारों को अधिक अवसर मिलने से स्थानीय रोजगार की संभावनाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कमजोर भू-कानून और प्रदेश में जमीनों से जुड़े मामलों पर भी चिंता जताई। शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए नैथानी ने दावा किया कि प्रदेश में 832 बेसिक विद्यालय बंद हो चुके हैं और 18 इंटर कॉलेजों को बंद करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा 27 पॉलिटेक्निक और आईटीआई संस्थानों के बंद होने का भी उन्होंने आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि श्रीनगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्थानीय विद्यार्थियों को अपेक्षित प्रवेश अवसर मिलने चाहिए। वहीं, सुमाड़ी में निमार्णाधीन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) का निर्माण करीब दस वर्षों बाद भी पूरा नहीं होने पर उन्होंने सरकार से जवाब मांगा। महिला सशक्तीकरण के मुद्दे पर उन्होंने घसियारी योजना और दीदी-भुली योजना को लेकर सवाल उठाए। उनका कहना था कि महिलाओं को घोषणाओं के बजाय स्थायी रोजगार और आर्थिक सुरक्षा की जरूरत है। अंकिता भंडारी प्रकरण का उल्लेख करते हुए उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और मामले में न्याय एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की।

नैथानी ने मनरेगा का नाम बदलने, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए संचालित स्पेशल कंपोनेंट प्लान को कमजोर करने और पत्रकारों के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामलों पर भी सरकार की आलोचना की। उन्होंने पहाड़ों में गुलदार, भालू और बंदरों के बढ़ते आतंक को ग्रामीणों की आजीविका और सुरक्षा के लिए गंभीर समस्या बताया। उनके अनुसार, रोजगार और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में पहाड़ों से पलायन लगातार चिंता का विषय बना हुआ है।

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत के साथ उत्तराखंड में सरकार बनाएगी। उन्होंने स्वयं देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का ऐलान करते हुए कहा कि कांग्रेस बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई, शिक्षा, पलायन और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस सत्ता में आने पर युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, किसानों को सुविधाएं तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देगी। प्रेस वार्ता में कांग्रेस प्रदेश एवं देवप्रयाग प्रभारी सचिव वीरेंद्र सिंह नेगी, टिहरी जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, देवप्रयाग विधानसभा सहप्रभारी प्रेम सिंह सहित श्यामलाल आर्य, राजेंद्र चंद, दान सिंह, सुरेश राणा, मदन मोहन डोभाल, मीनाक्षी देवी, रामलाल नौटियाल समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व मेयर गौरव गोयल ने छात्राओं को वितरित की निशुल्क पाठ्य सामग्री

उत्तम भारत संवाददाता

रुड़की। श्री गांधी महिला शिल्प विद्यालय इंटर कॉलेज में पूर्व मेयर गौरव गोयल की ओर से निशुल्क पाठ्य सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में पूर्व मेयर यशपाल राणा एवं आचार्य रजनीश शास्त्री जी महाराज अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बच्चे का अधिकार है। शिक्षा के क्षेत्र में जरूरतमंद विद्यार्थियों का सहयोग करना पुण्य का कार्य है। शिक्षा न केवल व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है, बल्कि जीवन में अच्छे संस्कार और सकारात्मक सोच भी विकसित करती है।

बनभूलपुरा की सड़कों की गुणवत्ता पर उठे सवाल शिकायत के बाद PWD ने दिए जांच के निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। बनभूलपुरा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए जा रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर उठे सवालों के बाद विभाग ने जांच की कार्रवाई शुरू कर दी है। समाजसेवी उवैस राजा की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड हल्द्वानी ने पत्र जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



दरअसल, उवैस राजा ने 25 नवंबर 2026 को अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर बनभूलपुरा क्षेत्र में हाल ही में निर्मित सड़कों की खराब गुणवत्ता और निर्माण मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया था। शिकायत में कहा गया था कि सड़क निर्माण में निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच कराने, गुणवत्ता की पुष्टि होने तक ठेकेदार का भुगतान रोकने और अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत पर विभाग की ओर से जारी जवाबी पत्र में बताया गया है कि बनभूलपुरा, गांधी नगर और बरेली रोड में निमार्णाधीन कार्यों की गुणवत्ता का परीक्षण सहायक अभियंता हरीश जोशी और सहायक अभियंता आनंद गिरी की मौजूदगी में ठअइछ लैब की टीम द्वारा कराया जाएगा। यह परीक्षण उवैस राजा की उपस्थिति में किए जाने की बात भी पत्र में कही गई है।

विभाग ने यह भी निर्देश दिए हैं कि निमार्णाधीन मार्ग के जिस हिस्से में उखड़ने की शिकायत मिली है, उस हिस्से का भुगतान फिलहाल रोक दिया जाए। इसके अलावा कार्यस्थल पर निगरानी के लिए सहायक अभियंता, पंचम को अपने स्तर से एक अतिरिक्त अपर सहायक अभियंता तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग के इस जवाब के बाद अब निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच और आगे की कार्रवाई पर लोगों की नजरें टिकी हैं। जांच में यदि निर्माण मानकों की अनदेखी सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा।

श्रीनगर में भाजपा का कुनबा बढ़ा, 100 से अधिक लोगों ने थामा पार्टी का दामन



उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने अपना संगठनात्मक विस्तार करते हुए सदस्यता अभियान को गति दी है। मंगलवार देर शाम श्रीनगर नगर मंडल के उप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। नए सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़ने की बात कही।

कार्यक्रम में डांग क्षेत्र से नगर निगम पार्षद पद का निर्दलीय चुनाव लड़ चुके सिद्धार्थ मियां सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भाजपा का दामन थामा। सिद्धार्थ मियां ने बताया कि पूर्व में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, लेकिन वर्तमान में क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वार्ड संख्या 34 से पार्षद दिनेश पटवाल के विरुद्ध निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था और 200 से अधिक मत प्राप्त किए थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा में निष्ठा, समर्पण और विश्वास के साथ काम करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया जाएगा। संगठन में नए सदस्यों को उचित सम्मान और स्थान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का योगदान महत्वपूर्ण है और संगठन की मजबूती सामूहिक प्रयासों से ही संभव है।कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल किशोर रावत, श्रीनगर विधानसभा प्रभारी विजय कप्रवांण और नगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल ने नए सदस्यों को पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सिद्धार्थ मियां, अर्जुन, प्रो. आशा पांडे, विपिन, अशोक नेगी, अनिल, वीरेंद्र बिष्ट, रानी, अर्जुन चौहान, धन सिंह नेगी, मंजू, यशपाल धनाई, रोहन देव, मोहन सिंह धनाई, सौरभ कुमार, हुकम सिंह नेगी, मंजू घिल्डियाल, तेजपाल खत्री, संजीवनी, सागर नेगी, सावित्री, हरेंद्र नायक, गीता, मनमोहन नेगी, सरला घिल्डियाल, अंकित नयाल, अंकिता चौहान, राधा देवी, रवीना, तमन्ना, चंदन सिंह और शशिबाला सहित 100 से अधिक लोग शामिल रहे इस मौके पर जिला महामंत्री गणेश भट्ट, प्रमिला भंडारी, पार्षद दिनेश पटवाल, ललिता नेगी सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

देशभर के किसान संगठनों को एकजुट करने की जिम्मेदारी

भोपाल सिंह बने संयुक्त किसान क्रांति मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक

उत्तम भारत संवाददाता

श्रीनगर गढ़वाल। उत्तराखंड के श्रीनगर गढ़वाल निवासी चौधरी भोपाल सिंह को देशभर के किसान संगठनों को एक मंच पर लाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। हल्द्वानी में आयोजित 18 किसान यूनियनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों की पंचायत में सर्वसम्मति से उन्हें संयुक्त किसान क्रांति मोर्चा (एसकेकेएम) का राष्ट्रीय संयोजक नियुक्त किया गया। उनके चयन को किसान संगठनों के बीच एकजुटता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

हल्द्वानी में आयोजित पंचायत में विभिन्न राज्यों से पहुंचे किसान संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने किसानों की समस्याओं, वर्तमान परिस्थितियों और संगठनों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विचार-विमर्श किया। वक्ताओं ने कहा कि देश में अनेक किसान संगठन अलग-अलग मंचों से किसानों की आवाज उठा रहे हैं, लेकिन आपसी मतभेद और बिखरे हुए प्रयासों के कारण किसानों की मांगों को मजबूती से सामने रखने में कठिनाइयां आती हैं।

इसी को देखते हुए सभी किसान संगठनों को एक साझा मंच पर लाने के उद्देश्य से संयुक्त किसान क्रांति मोर्चा के गठन और विस्तार पर सहमति बनी। पंचायत में चौधरी भोपाल सिंह को राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी देते हुए विभिन्न संगठनों के बीच समन्वय स्थापित करने और राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का विस्तार करने का दायित्व सौंपा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 29 नवंबर को फरीदाबाद में मोर्चे की अगली बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें अन्य किसान संगठनों को भी जोड़ने, संगठन के राष्ट्रीय विस्तार तथा किसानों के हितों से जुड़े भविष्य के आंदोलनों और कार्यक्रमों की रणनीति तैयार की जाएगी।

पंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी, किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष कार्तिक उपाध्याय, खाप तालान के प्रधान सुधीर तालान, मोहम्मद शाह आलम, सत्यभान चौहान, किटी रेड्डी, शिफा संगठन के प्रतिनिधि, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी गुरुसेवक सिंह रतूड़ी, हरीश रावत और पीयूष जोशी सहित विभिन्न किसान एवं सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

चौधरी भोपाल सिंह को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से श्रीनगर गढ़वाल क्षेत्र में भी उत्साह का माहौल है। अब उनके सामने देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय किसान संगठनों को एकजुट कर किसानों की समस्याओं और मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर संगठित तरीके से उठाने की चुनौती होगी।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का धरना

नई टिहरी (एजेंसी)। लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संगठन ने बुधवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय चंबा में धरना दिया। इस दौरान कार्यकताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा सजवाण के नेतृत्व में धरने पर बैठीं कार्यकताओं ने कहा कि संगठन लंबे समय से मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को नियमित कर्मचारी घोषित करने, सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने तथा पेंशन और ग्रेच्युटी की व्यवस्था करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सेवानिवृत्ति पर उचित आर्थिक लाभ देने के साथ ही विभागीय कार्यों के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। सरकार की ओर से कई बार समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया गया, लेकिन मांगें लंबित रहने के कारण उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने सरकार से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की। धरने में शकुंतला,दिलमा देवी, मधु, गीता, सविता और शबाना सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

बैणी भुली योजना बनेगी महिला सशक्तीकरण में गेम चेंजरः सुबोध उनियाल

लखपति दीदी योजना से लेकर स्वयं सहायता समूहों तक महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही सरकार

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने महिला सशक्तीकरण को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बैणी भुली योजना मातृशक्ति के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगी। सरकार की योजनाओं से प्रदेश की लाखों महिलाएं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं, लेकिन कांग्रेस को ये प्रयास दिखाई नहीं दे रहे हैं।

उनियाल ने कहा कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया है। सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण तथा सहकारी प्रबंध समितियों में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना, सशक्त बहना उत्सव योजना और



मुख्यमंत्री महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तीकरण योजना के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों को पांच लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के तहत समूहों के उत्पादों को ब्रांड के रूप में विकसित किया जा रहा है। उद्यमिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले समूहों को पांच प्रतिशत बोनस भी दिया जा रहा है। प्रदेश में 2.65 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। महिला समूहों की व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सीएलएफ को 15.4 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट योजना के तहत प्रसव के बाद महिलाओं को आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण देकर ड्रोन सखी तैयार की जा रही हैं। वहीं, नंदा गौरा योजना के तहत बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपये और 12वीं उत्तीर्ण करने पर उच्च शिक्षा के लिए 51 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है। निर्माण श्रमिकों की बेटियों के सामूहिक विवाह के लिए भी 51 हजार रुपये की सहायता का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि महिला सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रमों के लिए 2.30 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। द्वितीय विश्व युद्ध की वीरांगनाओं की पेंशन में वृद्धि के साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के लिए आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है।

उनियाल के अनुसार, महिला सशक्तीकरण के बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। इस वर्ष जेंडर बजट के तहत करीब 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान महिला भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सरकार चुनावी राजनीति से ऊपर उठकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ काम कर रही है। कांग्रेस को आरोप लगाने के बजाय महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं और उनके सकारात्मक परिणामों का स्वागत करना चाहिए।

राज्य आंदोलनकारी डा. हरिमोहन गोयल को सार्वजनिक श्रद्धांजलि दी गयी

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के तत्वाधान में शहीद स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में राज्य आंदोलनकारी व राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भागीदारी करने वाले डा. हरिमोहन गोयल के निधन पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी व उनके राज्य आंदोलन व राम मंदिर आंदोलन में योगदान को याद किया गया।



बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के लोग शहीद स्थल पर एकत्र हुए व वहां डा. हरिमोहन गोयल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष देवी गोदियाल ने कहा कि डा. हरिमोहन गोयल उन राज्य आंदोलनकारियों में थे जिन्होंने सबसे अधिक उत्पीड़न सहा। डा. गोयल राज्य आंदोलन में जेल तो गये ही लेकिन 14 साल तक सीबीआई के मुकदमें झेले जब उन्हें अपने खर्चे पर इलाहाबाद जाना पड़ता था। उनके आकस्मिक निधन से राज्य आंदोलनकारियों में गहरा दुःख है। वहीं उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने राज्य निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाई उनकी मृत्यु पर उन्हें सरकार की ओर से राजकीय सम्मान दिया जाना चाहिए। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल ने कहा कि डा. हरिमोहन गोयल भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे वहीं वह संघ के भी सक्रिय कार्यकर्ता थे।

उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई वहीं उसके बाद उत्तराखंड राज्य आदोलन में भी सक्रिय भूमिका निभा कर पुलिस के उत्पीडन को सहा व 14 वर्षों तक सीबीआई का मुकदमा भी लड़ा। उनके निधन से भाजपा सहित पूरा शहर शोकाकुल है। डा. गोयल राजनीति के साथ ही चिकित्सक थे व कभी किसी निर्धन से उपचार के पैसे नहीं लेते थे बल्कि उनकी मदद करते थे वहीं वह निर्भीक पत्रकार भी थे व अपने लेखों से वह समाज व शासन प्रशासन को जगाने का भी कार्य करते थे। उनका एक साप्ताहिक समाचार पत्र भी था। उनके निधन से हर मसूरी वासी शोक संतप्त है। इस मौके पर पालिका सभासद विजय रमोला, विजय बिंदवाल, अनिल गोयल, गुडमोहन राणा, अनिल गोदियाल, धनेंद्र पुंडीर, ममता राव, देवेंद्र बर्त्वाल, श्याम सिंह चौहान, रमेश गोयल, दर्मियान सिंह कंडारी सहित आंदोलनकारी मौजूद रहे।

वनाग्नि रोकथाम के लिए स्वयंसेवकों को दिया प्रशिक्षण, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। मसूरी वन प्रभाग एवं हंस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वनाग्नि की रोकथाम और नियंत्रण को लेकर वन प्रभाग परिसर में मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वयंसेवकों को वनाग्नि के दौरान त्वरित कार्रवाई, आग बुझाने के तरीके और बचाव संबंधी उपायों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। हंस फाउंडेशन की दिव्या ज्योति बिजल्वाण ने बताया कि स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर वनाग्नि की घटनाओं में सहयोग के लिए तैयार किया जा रहा है। उप प्रभागीय वनाधिकारी दिनेश प्रसाद नौडियाल ने कहा कि आगामी वनाग्नि सीजन को देखते हुए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है। उन्होंने वनाग्नि नियंत्रण में सराहनीय कार्य करने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित



भी किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वनाग्नि रोकना केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि इसमें स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता भी बेहद जरूरी है। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी देवी प्रसाद बलूनी, क्षेत्राधिकारी महेंद्र सिंह चौहान, हरीश गैरोला, हंस फाउंडेशन के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर पुरुषोत्तम थपलियाल सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

जमीन और स्थानीय रोजगार के लिए बने ठोस नीतिः रवींद्र जुगराण

बिगड़ती यातायात व्यवस्था पर जताई चिंता, समयबद्ध कार्रवाई की मांग

उत्तम भारत संवाददाता

मसूरी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रवींद्र जुगराण ने मसूरी के पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय रोजगार, पेयजल व्यवस्था और यातायात की समस्याओं को लेकर सरकार एवं संबंधित विभागों से ठोस नीति बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मसूरी केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि एक संवेदनशील हिमालयी नगर और हजारों स्थानीय नागरिकों का घर है। ऐसे में अनियंत्रित निर्माण, प्राकृतिक जलस्रोतों पर बढ़ता दबाव, वन भूमि का क्षरण और बिगड़ती यातायात व्यवस्था शहर के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बन रही है।

जुगराण ने कहा कि मसूरी के विकास का आकलन केवल पर्यटन से होने वाली आमदनी और नई परियोजनाओं के आधार पर नहीं होना चाहिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि विकास का लाभ स्थानीय लोगों को मिले और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए मसूरी एवं आसपास के क्षेत्रों में प्राकृतिक जलस्रोतों, वन भूमि, चारागाहों और संवेदनशील पहाड़ी ढलानों का वैज्ञानिक सर्वेक्षण कराने की आवश्यकता जताई। साथ ही अवैध खनन, पहाड़ों की कटाई, वन भूमि पर अतिक्रमण और पेड़ों के अनियंत्रित कटान पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि होटल, रिसॉर्ट और आवासीय परियोजनाओं की बढ़ती संख्या के कारण पेयजल की मांग भी लगातार बढ़ रही है। प्रत्येक बड़ी परियोजना के लिए जल उपलब्धता का आकलन और पानी की खपत का ऑडिट अनिवार्य किया जाना चाहिए। स्थानीय नागरिकों की पेयजल जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुराने प्राकृतिक जलस्रोतों और जलधाराओं को पुनर्जीवित करने की योजना बनाई जानी चाहिए।

स्थानीय रोजगार के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि पर्यटन और होटल उद्योग में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। स्थानीय टैक्सी संचालकों, गाइड, दुकानदारों और छोटे कारोबारियों के हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाए, ताकि पर्यटन से होने वाली आर्थिक गतिविधियों का लाभ स्थानीय लोगों तक पहुंचे।

यातायात व्यवस्था पर चिंता जताते हुए जुगराण ने कहा कि बढ़ते वाहनों और पर्यटकों के दबाव को देखते हुए मसूरी की वैज्ञानिक वहन क्षमता निर्धारित की जानी चाहिए। शहर के बाहर व्यवस्थित पार्किंग, शटल परिवहन और स्थानीय निवासियों के निर्बाध आवागमन की व्यवस्था हो। स्कूल बसों और एंबुलेंस जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए विशेष यातायात प्रबंधन किया जाए। साथ ही रोपवे, सड़क और पार्किंग परियोजनाओं के पर्यावरणीय एवं यातायात प्रभाव को सार्वजनिक किया जाए।

उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों, भूस्खलन संभावित पहाड़ी ढलानों और जलस्रोतों के आसपास हो रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कराने की भी मांग की। होटल, रिसॉर्ट और आवासीय परियोजनाओं की स्वीकृतियों, वास्तविक निर्माण, पर्यावरणीय शर्तों और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का ऑडिट कराया जाना चाहिए।

जुगराण ने सरकार से सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय करने, प्रत्येक विषय पर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने और उसकी प्रगति सार्वजनिक करने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि मसूरी के भविष्य से जुड़े निर्णयों में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण विशेषज्ञों और स्थानीय संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मसूरी को बचाने का अर्थ विकास रोकना नहीं, बल्कि ऐसा संतुलित विकास करना है जिसमें प्रकृति का संरक्षण, स्थानीय लोगों के अधिकार, रोजगार और पर्यटन साथ-साथ आगे बढ़ें। मसूरी का विकास उसकी प्राकृतिक पहचान और स्थानीय नागरिकों की कीमत पर नहीं होना चाहिए।

ग्राम कनौरा के किसानों ने की शीघ्र चकबंदी कराने की मांग

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। तहसील क्षेत्र के ग्राम कनौरा के ग्रामीणों और काश्तकारों ने बाजपुर उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर गांव में वर्ष 1993 से गतिमान चकबंदी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लगभग 95 प्रतिशत काश्तकारों के खेतों तक मुख्य मार्ग से जाने के लिए रास्ता नहीं है, जिससे वे ठीक से खेती नहीं कर पा रहे हैं और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्व चकबंदी प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं और रास्ते के अभाव का फायदा उठाकर किसानों की जमीन औने-पौने दामों में बिकवाने व



अवैध कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य गिरीश पाल सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम से नियमानुसार जल्द चकबंदी पूरी कर प्रत्येक किसान के चक तक रास्ता दिलाने की गुहार लगाई है। इस मौके पर सूरजपाल, अफसर अली, चेतराम, देव नारायण, बाबूराम, भूप सिंह, वीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर नैनीताल पुलिस का विशेष अभियान, 2,674 वाहनों की जांच

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नैनीताल पुलिस ने 16 से 22 नवंबर तक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिलेभर में 2,674 वाहनों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 373 वाहनों के चालान किए गए, जबकि नशे की हालत में वाहन चलाने पर चार वाहन सीज किए गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर चलाए गए अभियान में स्कूली वाहनों के साथ यात्री वाहनों की भी जांच की गई। पुलिस ने वाहनों के दस्तावेज, फिटनेस प्रमाणपत्र और सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया।

इस दौरान 3,135 वाहन चालकों एवं आम लोगों को सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा और सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक किया गया। नियमों में



कमियां मिलने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। नैनीताल पुलिस ने स्कूल प्रबंधन और वाहन चालकों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा वाहनों के सभी दस्तावेज और फिटनेस प्रमाणपत्र पूर्ण रखें। साथ ही नशे की हालत में वाहन न चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी है।

विनोद मेहरा बने भाजपा के प्रदेश सह संयोजक मीडिया संपर्क विभाग

उत्तम भारत संवाददाता

हल्द्वानी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने नैनीताल जिले के पूर्व जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद मेहरा को प्रदेश सह संयोजक मीडिया संपर्क विभाग की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा नैनीताल जिला संगठन ने खुशी जताते हुए इसे आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताया है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि विनोद मेहरा को मीडिया प्रबंधन और समन्वय का अच्छा अनुभव है। उन्होंने विधानसभा, लोकसभा और पंचायत चुनावों के दौरान संगठन की मीडिया संबंधी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन किया है। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ अब प्रदेश स्तर पर पार्टी को मिलेगा। आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। वहीं, विनोद मेहरा ने नई जिम्मेदारी सौंपने पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पार्टी के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट, पूर्व मेयर जोगेंद्र रौतेला, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

सुरों के जरिए वीर जवानों के बलिदान को किया नमन

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में आयोजित ह्यवॉइस ऑफ पीसह्व कार्यक्रम में देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को भावपूर्ण संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शहीद के परिजनों को चेक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सैनिक विषम परिस्थितियों में सीमाओं पर डटे रहकर देश की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनके अदम्य साहस और बलिदान के कारण ही देशवासी सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। सैनिकों का सम्मान करना और उनके परिवारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।



उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वीरभूमि है और यहां के युवाओं की सेना में सेवा करने की गौरवशाली परंपरा रही है। शहीदों का सम्मान और उनके आश्रितों का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में सरकार ने शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि तथा वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों की सम्मान राशि में वृद्धि की है।

मंत्री ने कहा कि ह्यवॉइस ऑफ पीसह्व जैसे आयोजन नई पीढ़ी को सैनिकों के त्याग और बलिदान से परिचित कराने के साथ उनमें राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. बीकेएस संजय, मेजर जनरल (सेनि.) सम्मी सबरवाल, निदेशक रिंकी सिंह, करन सिंह, अभिषेक पाण्डेय, अंकुर खत्री सहित शहीद के परिजन मौजूद रहे।

धाकड़ धामी के फैसलों को जन-जन तक पहुंचा रहे राजेश सेठी

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जनसंपर्क अधिकारी राजेश सेठी इन दिनों देहरादून में व्यक्तिगत जनसंपर्क अभियान के माध्यम से सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय हैं। वह लोगों से सीधे मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याएं भी सुन रहे हैं। राजेश सेठी अपने जनसंवाद के दौरान समान नागरिक संहिता (यूसीसी), सख्त नकल विरोधी कानून, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण, लखपति दीदी योजना और रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे निर्णयों की जानकारी लोगों को दे रहे हैं। उनकी कार्यशैली की खासियत सहज व्यवहार और लोगों के बीच उपलब्धता है। मुख्यमंत्री कार्यालय में समस्याएं लेकर पहुंचने वाले लोगों की बात सुनकर वह संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए उनके समाधान का प्रयास भी करते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में मिले संगठनात्मक संस्कार उनके व्यवहार और कार्यशैली में दिखाई देते हैं। लोगों से आत्मीयता के साथ जुड़कर संवाद बनाए रखना उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा है। राजेश सेठी सरकार की योजनाओं और निर्णयों को जनता तक पहुंचाने के साथ आमजन की अपेक्षाओं एवं समस्याओं को मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण संपर्क कड़ी की भूमिका निभा रहे हैं। उनका प्रयास सरकार और जनता के बीच सीधा, सहज और प्रभावी संवाद स्थापित करना है।

कच्छ सड़क हादसे में सैनिक परिवारों पर टूटा दुखों का पहाड़

उत्तम भारत संवाददाता

पौड़ी/कोटद्वार। गुजरात के कच्छ में हुए भीषण सड़क हादसे में भारतीय सेना के जवानों और उनके परिजनों की असामयिक मृत्यु से उत्तराखंड में शोक की लहर है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कोटद्वार पहुंचकर द्वितीय गढ़वाल राइफल्स के दिवंगत नायक राजेश सिंह रावत और नायक सौरभ सिंह नेगी के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने नायक नितिन गुसाईं से भी मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

उल्लेखनीय है कि हादसे में कोटद्वार निवासी नायक सौरभ नेगी (31), उनकी पत्नी सविता (30) और तीन माह की बेटी शिविका की मृत्यु हो गई। वहीं नायक नितिन गुसाईं की पत्नी रिंकी (32) और चार वर्षीय बेटी वमिका तथा नायक राजेश रावत और उनकी सात वर्षीय बेटी रक्षिता भी दुर्घटना का शिकार हो गईं।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह हादसा बेहद हृदयविदारक है। विशेषकर मासूम बच्चों और परिवार के सदस्यों का इस तरह असमय दुनिया से चले जाना अपूरणीय क्षति है।

चेयरमैन गित्ते ने मुंडिया पिस्तौर में किया तीन टाइल्स रोड़ों का शिलान्यास

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। नगर पालिका परिषद के चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने नगर के वार्ड नंबर 5 मुंडिया पिस्तौर में तीन टाइल्स रोड़ों का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास के दौरान बाजपुर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते ने कहा कि नगर के सभी वार्डों का समान रूप से विकास करना हमारी प्राथमिकता है। मुंडिया पिस्तौर के ग्राम वासियो ने सभासद इमरान और चेयरमैन गुरजीत सिंह गित्ते का फूल मालाओ से जोरदार स्वागत किया, स्वागत के दौरान मुंडिया पिस्तौर के ग्राम वासियो ने चेयरमैन गुरजीत सिंह



गित्ते का तहे दिल से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वार्ड सभासद इमरान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

हाथी चिंघाड नदी (गंदा नाला) की सफाई के लिए दो लाख की स्वीकृति

उत्तम भारत संवाददाता

बाजपुर। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे के मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सूरज सागर ने बताया कि वार्ड नंबर- दस चीनी मिल स्थित हाथी चिघाड नदी गंदा नाला की सफाई के लिए देवीय आपदा मद से एक लाख सतानब्बे हजार रुपए की स्वीकृति हो गई है, और शीघ्र ही उक्त नालें की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। सागर ने बताया कि उक्त नाले की पानी की निकासी बंद व कम होने के कारण विगत वर्ष में चीनी मिल में बाढ़ आ गई थी जिसके कारण वार्ड में निवासरत परिवारों का बहुत नुकसान हुआ और भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। सागर ने बताया कि उपरोक्त कार्य सिंचाई विभाग खंड काशीपुर द्वारा किया जाएगा जिसके लिए वह पिछले कई महीनों से प्रयासरत थे और सफाई कार्य की धनराशि कि स्वीकृति जिलाधिकारी द्वारा कर दी गई है। सागर ने बाजपुर उप जिला अधिकारी, सिंचाई विभाग और जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया है।

भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड आज पेश करेंगे मुख्यमंत्री धामी

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। भाजपा सरकार का रिपोर्ट कार्ड गुरुवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रस्तुत करेंगे। देहरादून स्थित होटल गेटवे में दोपहर 12:30 बजे आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में रिपोर्ट कार्ड जारी किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राम माधव भी मौजूद रहेंगे।रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने के



बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पत्रकारों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश सह प्रभारी अरविंद मेनन, प्रदेश महामंत्री संगठन फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, कुंदन परिहार और तरुण बंसल सहित प्रदेश सरकार के मंत्री एवं पार्टी के सांसद भी शामिल होंगे।

भाजपा की ओर से कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को जनता के सामने रखने की तैयारी है। कार्यक्रम के बाद दोपहर भोज का भी आयोजन किया जाएगा।

बैणी-भुली योजना का विरोध महिला सशक्तीकरण के खिलाफः रुचि भट्ट

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस पर लगाया भ्रम फैलाने का आरोप

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष रुचि भट्ट ने बैणी-भुली योजना को लेकर कांग्रेस के विरोध पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे महिला सशक्तीकरण की भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक स्वार्थ के चलते योजना को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है, जबकि यह पहल महिलाओं के सम्मान और आर्थिक स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

रुचि भट्ट ने कहा कि पहाड़ की संस्कृति में ह्यबैणीह्ल शब्द आत्मीयता और सम्मान का प्रतीक है। ऐसे में इस योजना को राजनीतिक मुद्दा बनाकर विरोध करना मातृशक्ति के सम्मान से जुड़ी



भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, समान अधिकार और आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए लगातार काम कर रही है। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी महिलाओं को समान अधिकार और संवैधानिक संरक्षण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रदेश की 3.5 लाख से अधिक महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। वहीं, नंदा गौरा योजना के तहत बालिका के जन्म पर 11 हजार रुपये और 12वीं उत्तीर्ण करने पर 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। इस योजना के तहत अब तक 145 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। भट्ट ने मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना और ड्रोन सखी प्रशिक्षण जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके माध्यम से महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। साथ ही बालिका छात्रावासों का निर्माण बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में अहम प्रयास है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष को महिलाओं के हित में संचालित योजनाओं का विरोध करने के बजाय उनका समर्थन करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आंतरिक गुटबाजी और राजनीतिक हताशा के चलते जनकल्याणकारी योजनाओं पर सवाल उठा रही है। रुचि भट्ट ने दावा किया कि प्रदेश की महिलाएं सरकार के कार्यों और विपक्ष के कथित भ्रामक प्रचार के बीच अंतर समझती हैं और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फिर समर्थन देंगी।

मंगलौर को छह विकास कार्यों की सौगात : धामी

ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने की मांग पर परीक्षण का दिया आश्वासन

उत्तम भारत संवाददाता

मंगलौर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मंगलौर में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में क्षेत्र के विकास के लिए छह घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि किसानों के हित में इस वर्ष भी गन्ना मूल्य बढ़ाने पर जल्द निर्णय लिया जाएगा। ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ करने की मांग पर भी सरकार परीक्षण कराएगी।



मुख्यमंत्री ने लिब्बरहेड़ी में कन्या डिग्री कॉलेज का नवनिर्माण, नारसन खुर्द में पक्के नाले का निर्माण, लिब्बरहेड़ी में गंगनहर पर बंद पड़े पुल का निर्माण, सराय राजवाहे की पटरी बनाने, टिकौला कलां में सिलाखाला पर तटबंध और ब्रह्मपुर जट में सड़क निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। मंगलौर विधानसभा क्षेत्र में एक हजार से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है तथा 21 हजार से अधिक घरों में शौचालय बनाए गए हैं। 32 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत 58 करोड़ रुपये से अधिक की 27 पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। धामी ने कहा कि किसानों को तीन लाख रुपये तक ब्याजमुक्त ऋण और कृषि उपकरणों की खरीद पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। सरकार युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। रैली में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, करतार सिंह भड़ाना, भाजपा जिलाध्यक्ष मधु सिंह, महापौर अनीता अग्रवाल, स्वामी यतीश्वरानंद और विधायक मनमोहन भड़ाना सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पवाणी अग्निकांडः मदन कौशिक ने किया हवाई सर्वेक्षण, राहत कार्यों का लिया जायजा

उत्तम भारत संवाददाता

उत्तरकाशी। मोरी तहसील के पवाणी गांव में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रशासन एवं बचाव कार्य तेज कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। गुरुवार को आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास मंत्री मदन कौशिक ने प्रभावित क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रभावित परिवारों को सभी आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान आपदा प्रबंधन उपाध्यक्ष विनय रुहेला और विभागीय सचिव विनोद कुमार सुमन भी मौजूद रहे। मदन कौशिक ने बताया कि अग्निकांड की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिए थे। जिलाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस, राजस्व, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, पेयजल, विद्युत और पशुपालन विभाग की टीमें मौके पर तैनात हैं। राहत कार्यों को सुचारु बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग ने क्षेत्र में अस्थायी हेलीपैड तैयार किया है। गांव में सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रभावित परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। पेयजल और बिजली आपूर्ति बहाल रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय के स्टोर रूम को राहत सामग्री के भंडारण और जरूरत पड़ने पर प्रभावित लोगों के ठहरने के लिए तैयार किया गया है। प्रशासन की ओर से प्रभावित परिवारों को कंबल, जैकेट, टेंट, बर्तन, गैस चूल्हे, हाइजीन किट, गद्दे, बेडशीट, तकिये और टॉर्च सहित जरूरी सामग्री वितरित की गई है। इसके अलावा खाद्यान्न सामग्री में चावल, आटा, दाल, तेल, चीनी, चायपत्ती, नमक, आलू, मसाले और अन्य आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था की गई है।

आपदा प्रबंधन मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा, भोजन, पेयजल और रहने की व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। विभागीय सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। राज्य स्तर से जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार की प्राथमिकता अग्निकांड प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।

पवाणी अग्निकांड के पीड़ितों को तत्काल मुआवजा दे सरकारः दुर्गेश्वर लाल

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। उत्तरकाशी के मोरी क्षेत्र के पवाणी गांव में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर प्रभावित परिवारों को तत्काल मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता के लिए इंतजार नहीं करना चाहिए।



विधायक के अनुसार अग्निकांड में करीब 25 से 30 परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराने के साथ भोजन, पेयजल, कपड़े, कंबल और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही नुकसान का तत्काल सर्वे कराकर पर्याप्त आर्थिक सहायता देने और जिन परिवारों के मकान पूरी तरह नष्ट हुए हैं, उनके पुनर्वास की व्यवस्था प्राथमिकता से करने को कहा।दुर्गेश्वर लाल ने दुर्गम पहाड़ी गांवों में दमकल वाहनों और अग्निशमन उपकरणों की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि पवाणी जैसी घटनाएं आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने सरकार से दूरस्थ गांवों में दमकल संसाधन, अग्निशमन उपकरण और प्रशिक्षित कर्मियों की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं के दौरान ग्रामीणों को समय पर मदद मिल सके।

पवाणी अग्निकांडः प्रभावितों के बीच पहुंचे डीएम

उत्तम भारत संवाददाता

उत्तरकाशी। मोरी तहसील के पवाणी गांव में भीषण अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिए हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं प्रभावित गांव पहुंचकर राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अग्निकांड में 39 आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं और 39 परिवार प्रभावित हुए हैं।

प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन ने सामुदायिक रसोई शुरू कर भोजन की व्यवस्था की है। इसके अलावा राशन, कंबल, टेंट, कपड़े और दैनिक उपयोग की जरूरी सामग्री वितरित की जा रही है। प्रभावित ग्रामीणों के ठहरने के लिए प्राथमिक विद्यालय में अस्थायी आश्रय स्थल तैयार किया जा रहा है, ताकि किसी भी परिवार को खुले में न रहना पड़े। राहत



अभियान में पुलिस, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, राजस्व सहित विभिन्न विभागों की टीमें जुटी हुई हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे हैं। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने और उनकी जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा करने का भरोसा दिलाया है। साथ ही प्रभावितों के पुनर्वास की कार्रवाई भी प्राथमिकता में रखी गई है।

15 संस्थानों में चला आपदा से बचाव का अभियान

उत्तम भारत संवाददाता

उत्तरकाशी। राज्य आपदा प्रबंधन दिवस के अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जनपद के 15 विद्यालयों एवं संस्थानों में जागरूकता अभियान और मॉक अभ्यास आयोजित किए गए। इनमें कुल 4,431 लोगों ने प्रतिभाग कर आपदा से बचाव के गुर सीखे।

जिलाधिकारी प्रशांत आर्य के निर्देश और अपर जिलाधिकारी मुक्ता मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रमों में एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग और आपदा प्रबंधन की टीमों ने प्रशिक्षण दिया। इस दौरान भूकंप से बचाव, खोज एवं बचाव अभियान, प्राथमिक उपचार, सीपीआर और आग लगने की स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

प्रतिभागियों को आपातकालीन उपकरणों के उपयोग का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया गया। प्रशासन ने कहा कि आपदा के समय घबराने के बजाय सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से जान-माल के नुकसान को कम किया जा सकता है। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और आमजन को आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित करना है।

संविधान के आर्दशों को जीवन में अपनाएं प्रदेशवासीः राज्यपाल

उत्तम भारत संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल डॉ. ढाल सिंह बिसेन ने संविधान दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए संविधान के आदर्शों और लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। यह दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है। राज्यपाल ने संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से देश को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और



बंधुता पर आधारित संविधान मिला। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। सभी नागरिक देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

कार्बन क्रेडिट से उत्तराखंड की आर्थिकी को मिलेगा नया आयामः किशोर

नई टिहरी (एजेंसी)। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि कार्बन क्रेडिट उत्तराखंड की आर्थिकी को नए आयाम देने के साथ किसानों की आय का टिकाऊ स्रोत बन सकता है। राज्य का अधिकांश भू-भाग वनों से आच्छादित है। ऐसे में यहां के विशाल वन क्षेत्र, जैव विविधता और कृषि-पारिस्थितिकी को कार्बन क्रेडिट प्रणाली से जोड़कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है। विधायक किशोर उपाध्याय ने आज यहां जारी बयान में कहा कि प्रदेश सरकार ने कार्बन क्रेडिट से जुड़ी परियोजनाओं के लिए धनराशि का प्रावधान करते हुए पर्यावरण विभाग को नोडल विभाग बनाया है। कृषि वानिकी, मृदा में कार्बन सुधार और जलवायु अनुकूल खेती के माध्यम से किसानों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने टिहरी जिले के जौनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत खट्ट का उल्लेख करते हुए अन्य गांवों से भी इस मॉडल से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना रिपोर्ट तैयार करने की अपील की। उन्होंने बताया कि टिहरी और देहरादून क्षेत्र में फैले सोंग नदी बेसिन के फिजिबिलिटी अध्ययन और सर्कुलर इकोनॉमी मॉडल पर काम चल रहा है। इसके तहत जल



स्रोतों के पुनर्जीवन को स्थानीय आजीविका से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

विधायक ने कहा कि चीड़ की पत्तियों (पिरुल) से बायोचार और ब्रिकेट्स बनाने जैसे उपायों से वनाग्नि की घटनाओं को कम करने में मदद मिल सकती है। साथ ही इन गतिविधियों के जरिए कार्बन क्रेडिट अर्जित करने की संभावनाएं भी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाएं हिमालय के पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से आए लोगों की सुनीं समस्याएं

देहरादून (एजेंसी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्यसेवक सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनसमस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोगों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, भूमि संबंधी मामलों, आर्थिक सहायता, पेंशन और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को संबंधित विभागों से समन्वय कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश



दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता और तत्परता से कार्य करें, ताकि लोगों को समाधान के लिए अनावश्यक रूप से सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मुख्यमंत्री ने दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले लोगों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने तथा शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के साथ अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ह्यधन्य धन्य धामी जीह्ल गीत और उसके पोस्टर का विमोचन भी किया। गीत को निर्मल अनुरागी और अंजलि अनुरागी ने स्वर दिए हैं, जबकि इसका संगीत निर्देशन रणजीत सिंह ने किया है।

पांच एस पद्धति से कार्यक्षमता और गुणवत्ता में होगा सुधार, प्रशिक्षण

हरिद्वार (एजेंसी)। गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारियों के लिए आयोजित सात दिवसीय आवासीय अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न तकनीकी एवं शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए। दिन की शुरूआत योग सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने योगाभ्यास के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का महत्व समझा।

इसके बाद प्रो. संगीता मदान ने दिनचर्या की जानकारी दी। साथ ही पहले दिन आयोजित सत्रों पर चिंतन कर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। प्रथम तकनीकी सत्र में जिला समन्वयक एनएसएस डॉ. एसपी सिंह ने व्याख्यान दिया। दूसरे सत्र में विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. पंकज मदान ने श्वार्षिक इकाई कार्ययोजना एवं नियमित गतिविधियांश विषय पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुनियोजित वार्षिक कार्ययोजना के माध्यम से ही एनएसएस इकाइयां सेवा, सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकती हैं।उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से किसी भी संस्था के मिशन स्टेटमेंट के तीन प्रमुख आधार उद्देश्य, कार्यक्षेत्र और मूल्यों की जानकारी दी। कहा कि संस्था को सबसे पहले अपनी स्थापना के उद्देश्य, संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए जाने वाले कार्यों और उन कार्यों का मार्गदर्शन करने वाले सिद्धांतों को स्पष्ट करना चाहिए। एनएसएस इकाइयों को भी इन्हीं आधारों पर अपनी वार्षिक कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए। प्रो. मदान ने निरंतर सुधार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जापानी तकनीकों का उल्लेख किया। उन्होंने 5एस जैसी पद्धतियों की जानकारी देते हुए कहा कि कार्यस्थल पर व्यवस्थित व्यवस्था, स्वच्छता और अनुशासन अपनाकर किसी भी इकाई की कार्यक्षमता और गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जा सकता है।

पौड़ी में एसडीएम के तबादले से व्यवस्थाएं हुई प्रभावित

पौड़ी गढ़वाल (एजेंसी)। तहसील पौड़ी से उप जिलाधिकारी के स्थानांतरण के बाद उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी की तैनाती नहीं होने से क्षेत्र की प्रशासनिक व्यवस्थाएं प्रभावित होने का आरोप लगाते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राकेश गौरशाली ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग उठाई है।

आरोप लगाया कि लोगों को जरूरी प्रमाणपत्र बनवाने से लेकर राजस्व संबंधी कार्यों के निस्तारण तक के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा



है। बुधवार को जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में राकेश गौरशाली ने कहा कि उप जिलाधिकारी के स्थानांतरण के बाद अभी तक उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी की तैनाती नहीं की गई है। जिसके चलते आम नागरिकों को अपने जरूरी कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। खासकर दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को अनावश्यक परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। कहा कि समय पर प्रमाणपत्र जारी नहीं होने और राजस्व संबंधी मामलों का निस्तारण प्रभावित होने से आमजन के महत्वपूर्ण कार्य लंबित हैं। इससे सरकारी सेवाओं की उपलब्धता पर भी असर पड़ रहा है। राकेश गौरशाली ने जिलाधिकारी से जनहित को देखते हुए किसी सक्षम अधिकारी की तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था करने अथवा नए अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है, जिससे आम जनता के लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण हो सके। वहीं, डीएम स्वाति एस भदौरिया ने बताया कि जिले से कई एसडीएम का तबादला हुआ है। जिसके चलते तहसीलों में वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई है। सभी एसडीएम को तय समय पर प्रमाणपत्र सहित अन्य कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए है।

बच्चों के सर्वांगीण विकास पर 37 शिक्षा बोर्डों का महामंथन पतंजलि में राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

हरिद्वार (एजेंसी)। बदलते सामाजिक परिवेश, डिजिटल दुनिया के बढ़ते प्रभाव और परिवारों की बदलती संरचना के बीच बच्चों का सामाजिक एवं भावनात्मक विकास शिक्षा जगत के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। इसी चुनौती से निपटने और भविष्य की शिक्षा व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, मूल्यपरक एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाने के उद्देश्य से पतंजलि योगपीठ में देशभर के 37 शिक्षा बोर्डों का तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू हुआ।

पतंजलि रिसर्च इंस्टीट्यूट में 25 से 27 नवंबर तक आयोजित सम्मेलन का विषय श्छात्रों में सामाजिक-भावनात्मक विकास एवं कल्याण की चुनौतियांश रखा गया है। इसमें देश के 37 केंद्रीय एवं राज्य स्तरीय शिक्षा बोर्डों के चेयरमैन, सचिव और शिक्षाविदों के साथ नेपाल, भूटान तथा अमेरिका के नॉर्थवेस्ट एक्रेडिटेशन कमीशन (एनडब्ल्यूएसी) के प्रतिनिधि भी भाग ले रहे हैं।

सम्पादकीय

भारत-नेपाल संबंधों में नए सहयोग का अध्याय

भारत और नेपाल के संबंध केवल दो पड़ोसी देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये साझा इतिहास, संस्कृति, परंपरा, आस्था और सामाजिक जुड़ाव की मजबूत बुनियाद पर टिके हुए हैं। दोनों देशों के बीच सदियों पुराने पारिवारिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध रहे हैं। खुली सीमा, सांस्कृतिक समानता और परस्पर निर्भरता ने इन रिश्तों को विशिष्ट पहचान दी है। ऐसे में नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत की राजकीय यात्रा के दौरान हुए समझौतों, विकास परियोजनाओं और नई घोषणाओं को दोनों देशों के भविष्य के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए। यह यात्रा केवल औपचारिक मुलाकातों और कूटनीतिक संवाद तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और तकनीकी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साझेदारी को नई दिशा देने का प्रयास दिखाई देता है। इस यात्रा के दौरान अयोध्या और जनकपुर के बीच सरयू-कमला एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारंभ विशेष महत्व रखता है। अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मभूमि और जनकपुर माता सीता की जन्मभूमि के रूप में विश्वभर में श्रद्धा का केंद्र हैं। इन दोनों धार्मिक और सांस्कृतिक नगरों को रेल सेवा से जोड ा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं है, बल्कि भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत को और मजबूत करने का प्रयास भी है। इससे धार्मिक पर्यटन, स्थानीय व्यापार और दोनों देशों के नागरिकों के बीच आवागमन को बढ़ावा मिल सकता है। यदि इस रेल सेवा के साथ पर्यटन सुविधाओं, सुरक्षा, आवास और स्थानीय परिवहन का भी विस्तार किया जाए तो यह भारत-नेपाल सांस्कृतिक पर्यटन का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकती है। भारत और नेपाल के बीच संपर्क सुविधाओं का विस्तार आर्थिक सहयोग की दृष्टि से भी बेहद जरूरी है। बनबसा में नए एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) का शिलान्यास तथा भैरहवा, सुनौली और दोधारा चांदनी में आईसीपी निर्माण की प्रगति सीमा पार व्यापार को व्यवस्थित और सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इसी प्रकार धारचूला और दार्चुला के बीच नए सीमा-पार मोटर-योग्य पुल का उद्घाटन सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए आवागमन और व्यापार की नई संभावनाएं पैदा करेगा। भारत और नेपाल की सीमाओं पर रहने वाले नागरिकों के लिए सड़क, पुल और व्यापारिक सुविधाएं केवल विकास परियोजनाएं नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी आवश्यकताएं हैं। ऊर्जा सहयोग इस यात्रा का एक अन्य महत्वपूर्ण पक्ष है। नेपाल जलविद्युत उत्पादन की अपार संभावनाओं वाला देश है, जबकि भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताएं स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के नए अवसर प्रदान करती हैं। 669 मेगावाट की लोअर अरुण जलविद्युत परियोजना का शिलान्यास इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस परियोजना से नेपाल की विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ भारत और नेपाल के बीच ऊर्जा व्यापार को भी मजबूती मिल सकती है। जलविद्युत क्षेत्र में सहयोग दोनों देशों के लिए परस्पर लाभकारी साबित हो सकता है। नेपाल को निवेश, रोजगार और राजस्व मिलेगा, जबकि भारत को स्वच्छ ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध हो सकते हैं। इसी क्रम में मोतिहारी-अमलेखगंज तेल पाइपलाइन के दूसरे चरण का राष्ट्र को समर्पण तथा प्रस्तावित सिलीगुड़ी-झापा पेट्रोलियम पाइपलाइन के झापा टर्मिनल का शिलान्यास ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन व्यवस्था विकसित होने से परिवहन लागत, समय और आपूर्ति संबंधी जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है।

चुनावी महासंग्राम की राह पर उत्तर प्रदेश

निर्मल रानी

उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सदस्यों के लिये होने वाले आम चुनाव, फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के 4 अन्य राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी संभवतः फरवरी-मार्च 2027 की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इन सभी पाँचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों के अलावा, वर्ष 2027 के अंत यानी नवंबरझदिसंबर में दो अन्य राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। इन विधान सभा चुनावों को 2029 के प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के सेमी फाइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। वैसे तो इन सभी पांचों राज्यों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है परन्तु सबसे चुनौतीपूर्ण चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछाने



वाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवंबर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10,96,828 और पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7,87,449 का इजाफा हुआ है। इससे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 15.44 करोड़ मतदाताओं की जांच के बाद 12.55 करोड़ नाम बरकरार रखे गए थे और लगभग 2.89 करोड़ नाम सूची से हटाए गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि पंचायत और विधानसभा मतदाता सूची के भ्रम के कारण 1 करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ पाए हैं। इसके मद्देनजर भाजपा ने हर बूथ पर मतदाता जोड़ने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने भी मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों और नाम कटने के मुद्दों पर सवाल उठाए हैं और अपने कार्यकताओं को मतदाता सूची की निगरानी के लिए सक्रिय किया है। उधर मुस्लिम समाज भी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानबूझ कर पूर्व नियोजित तरीके से एक बड़ी साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में जहां भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन (कांग्रेस+समाजवादी पार्टी) चुनावी मुकाबला होने की संभावना थी वहीं मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी शुरू से ही अपनी डफली अलग ही बजा रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक इसे मायावती द्वारा भाजपा को लाभ पहुँचाने की कोशिश की नजर से भी देख रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम ने उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा सांसद और 'भीम आर्मी' के प्रमुख चंद्रेशखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चुनाव पूर्व समझौता कर उत्तर प्रदेश के राजनैतिक हल्कों में खलबली पैदा कर दी है।

श्वेत क्रांति, पोषण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के साथ पशुपालन का भी महत्त्वपूर्ण स्थान है। गाँवों में दूध उत्पादन केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि लाखों परिवारों की आर्थिक सुरक्षा, पोषण और आत्मनिर्भरता का आधार है। दूध की प्रत्येक बूँद के पीछे पशुपालक का परिश्रम, पशुओं की देखभाल और ग्रामीण जीवन की निरंतर साधना छिपी होती है।

भारत में 26 नवंबर को राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जाता है। यह दिवस श्वेत क्रांति के जनक माने जाने वाले डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वर्ष 2014 में भारतीय डेयरी क्षेत्र से जुड़े संगठनों ने इस दिवस को मनाने की पहल की थी। इसका उद्देश्य दुग्ध उत्पादन, पोषण और डेयरी क्षेत्र में देश के योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

भारत में दुग्ध उत्पादन को संगठित और व्यापक



बनाने में डॉ. वर्गीज कुरियन की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उन्होंने सहकारी डेयरी मॉडल को मजबूत करने तथा किसानों को दूध के विपणन और प्रसंस्करण से जोड़ने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। गुजरात के आनंद से विकसित सहकारी आंदोलन ने देश में दुग्ध क्षेत्र के विस्तार को नई दिशा दी। ह्यऑपरेशन फ्लडह्न के माध्यम से भारत में दूध उत्पादन और वितरण की व्यवस्था को व्यापक बनाने का प्रयास किया गया। इससे अनेक दुग्ध उत्पादकों को संगठित बाजार तक पहुँच मिली और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में डेयरी गतिविधियों का महत्त्व बढ़ा। भारत का डेयरी क्षेत्र आज भी सहकारिता, पशुपालन और ग्रामीण रोजगार के लिए एक महत्त्वपूर्ण आधार है। श्वेत क्रांति की सबसे बड़ी सीख यह है कि जब स्थानीय उत्पादकों को संगठन, तकनीक, उचित बाजार और सामूहिक निर्णय की शक्ति मिलती है, तो छोटे स्तर का उत्पादन भी बड़े आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है। दूध प्रोटीन, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्त्वों का स्रोत है। संतुलित आहार में दूध और दुग्ध उत्पाद उपयोगी भूमिका निभा सकते हैं। बच्चों की वृद्धि, हड्डियों के स्वास्थ्य और शरीर की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के संदर्भ में इनका महत्त्व है। हालांकि, हर व्यक्ति की पोषण संबंधी जरूरतें अलग होती हैं और दूध सभी के लिए अनिवार्य या समान रूप से उपयुक्त नहीं होता। दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षित भंडारण पर ध्यान देना भी आवश्यक है। मिलावट, दूषित दूध और अनुचित रखरखाव स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। इसलिए उत्पादन से लेकर उपभोक्ता तक पहुँचने की पूरी प्रक्रिया में स्वच्छता और गुणवत्ता नियंत्रण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

डेयरी व्यवसाय ग्रामीण परिवारों को नियमित आय का अवसर देता है। विशेषकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए दूध उत्पादन कृषि आय के साथ एक अतिरिक्त आर्थिक सहारा बन सकता है। पशुपालन से जुड़े कार्यों में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय है। पशुओं को चारा देना, दुहना, देखभाल करना और दूध की बिक्री की व्यवस्था संभालना ग्रामीण महिलाओं के श्रम और कौशल का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। लेकिन पशुपालकों के सामने चारे की बढ़ती लागत, पशु चिकित्सा सुविधाओं की कमी, बाजार में मूल्य की अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियाँ भी हैं। इनके समाधान के लिए गुणवत्तापूर्ण पशु चिकित्सा सेवाएँ, संतुलित पशु आहार, प्रशिक्षण, बेहतर शीत शृंखला और पारदर्शी खरीद व्यवस्था आवश्यक है। दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य और समय पर भुगतान मिलना चाहिए। सहकारी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों और किसान उत्पादक संगठनों को मजबूत करके ग्रामीण परिवारों की आय और सौदेबाजी की क्षमता बढ़ाई जा सकती है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाने की कोशिश में पशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण की उपेक्षा नहीं होनी चाहिए। स्वच्छ आवास, पर्याप्त पानी, संतुलित आहार, समय पर उपचार और मानवीय व्यवहार अच्छे पशुपालन के मूल आधार हैं। इसके साथ डेयरी क्षेत्र में जल उपयोग, गोबर प्रबंधन और चारे की उपलब्धता पर भी ध्यान देना जरूरी है।

देश-विदेश में बढ़ा राजस्थान फाउंडेशन का दायरा, अब 51 चैप्टर

वर्ष 2023 में थे केवल 12 चैप्टर, पिछले तीन वर्षों में 39 नए बनाए

उत्तम भारत संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने देश-विदेश में बसे प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए पिछले 3 वर्षों में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी क्रम में प्रवासियों के लिए नए विभाग का गठन, राजस्थान फाउंडेशन द्वारा नए चैप्टर का गठन, जिलों में प्रवासी प्रकोष्ठ का गठन, प्रवासी राजस्थानी दिवस, प्रवासियों के साथ निरंतर संवाद, देश-विदेश में प्रवासी मीट सहित कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

राजस्थान फाउंडेशन का नेटवर्क अब 51 चैप्टर तक विस्तारित हो गया है। इनमें 25 राष्ट्रीय और 26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। वर्ष 2023 में राजस्थान फाउंडेशन के केवल 12 चैप्टर थे, जो भी क्रियाशील नहीं थे। इन सभी को क्रियाशील करने के साथ ही पिछले तीन वर्षों में 39 नए चैप्टर बनाए गए हैं।

28 नए चैप्टर गठित, 11 के गठन की प्रक्रिया शुरू

राजस्थान फाउंडेशन द्वारा प्रवासी राजस्थानियों के साथ जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए नए चैप्टर का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 16 अक्टूबर, 2026 को प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम के दौरान 11 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा



की थी। इन सभी चैप्टर के गठन तथा अध्यक्षों के मनोनयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रवासी राजस्थानी दिवस-2025 के अवसर पर 14 नए चैप्टर गठित करने की घोषणा की थी। राजस्थान फाउंडेशन द्वारा अब इन सभी 14 चैप्टर का गठन कर इन्हें क्रियाशील कर दिया गया है। इनमें 9 अंतरराष्ट्रीय और 5 राष्ट्रीय चैप्टर शामिल हैं। साथ ही, 14 नए चैप्टर्स का पूर्व में ही गठन किया जा चुका है। राजस्थान फाउंडेशन के इस विस्तार से विश्वभर में बसे प्रवासी राजस्थानियों के साथ संवाद, समन्वय और सहभागिता को नई गति मिलेगी। इससे प्रवासी समुदाय को राज्य के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और निवेश संबंधी विकास कार्यों से जोड़ने में भी मदद मिलेगी। इन चैप्टर के माध्यम से प्रवासी राजस्थानियों के बीच मजबूत नेटवर्क विकसित होगा। इससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, निवेश प्रोत्साहन, कौशल एवं तकनीकी सहयोग, शिक्षा, पर्यटन तथा समाजसेवा के क्षेत्रों में नई संभावनाओं का विस्तार होगा।

26 अंतरराष्ट्रीय चैप्टर

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका), मनामा (बहरीन), कुवैत सिटी (कुवैत), मस्कट (ओमान), कुआलालंपुर (मलेशिया), बैंकॉक (थाईलैंड), हांगकांग, ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), टोरंटो (कनाडा), दुबई (संयुक्त अरब अमीरात), दोहा (कतर), रियाद (सऊदी अरब), लंदन (यूनाइटेड किंगडम), न्यूयॉर्क (अमेरिका), सिंगापुर, टोक्यो (जापान), मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया), काठमांडू (नेपाल), कंपाला (युगांडा), म्यूनिख (जर्मनी) और नैरोबी (केन्या) में चैप्टर क्रियाशील हैं। इसके अतिरिक्त सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), मिलान (इटली), डबलिन (आयरलैंड) और नॉर्डिक (स्वीडन, डेनमार्क, नॉर्वे और फिनलैंड) में नए चैप्टर्स की घोषणा की जा चुकी है।

25 राष्ट्रीय चैप्टर

देश में फरीदाबाद (हरियाणा), तिरुवनंतपुरम (केरल), लुधियाना (पंजाब), वाराणसी (उत्तर प्रदेश) और गंगटोक (सिक्किम), मुंबई (महाराष्ट्र), अहमदाबाद (गुजरात), सूरत (गुजरात), इंदौर (मध्य प्रदेश), पुणे (महाराष्ट्र), दिल्ली, रांची (झारखंड), कोलकाता (पश्चिम बंगाल), बेंगलुरु (कर्नाटक), चेन्नई (तमिलनाडु), हैदराबाद (तेलंगाना), कोयंबटूर (तमिलनाडु), भुवनेश्वर (ओडिशा) और गुवाहाटी (असम) में राजस्थान फाउंडेशन के चैप्टर संचालित हैं। इसके अतिरिक्त रायपुर (छत्तीसगढ़), लखनऊ (उत्तर प्रदेश), पटना (बिहार), सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल), पणजी (गोवा) और विशाखापट्टनम (आंध्र प्रदेश) में नए चैप्टर्स की घोषणा की जा चुकी है।

दूसरा प्रवासी राजस्थानी दिवसः 8 से 10 दिसम्बर तक भव्य आयोजन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में 10 दिसम्बर को हर वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस क्रम में दूसरा प्रवासी दिवस आगामी 10 दिसम्बर आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत 8 दिसम्बर को झुंझुनूं के खेतड़ी स्थित अभयगढ़ में शेखावाटी हेरिटेज मीट और 9 दिसम्बर को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में प्रवासी सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। 10 दिसंबर को जयपुर के जेईसीसी में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा।

मानसिंह गुर्जर हत्याकांडः फरार सुनील मीणा पर 10 हजार का इनाम घोषित

टोंक (एजेंसी)। बंशीपुरा मोड़ के पास हुए मानसिंह गुर्जर हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी सुनील मीणा पर पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा ने बुधवार को 10 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस की विभिन्न टीमें फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। दतवास थाना प्रभारी निरमा मीणा के नेतृत्व में पुलिस दल आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रहा है। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन इस जघन्य हत्याकांड में शामिल अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी गहनता से जांच कर रहा है।

सोशल मीडिया विवाद और अपहरण

16 नवंबर की रात बंशीपुरा मोड़ से तुर्किया की ओर सड़क किनारे मानसिंह गुर्जर गंभीर घायल अवस्था में मिला था। उसे चाकसू उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि सोशल मीडिया पर हुई गाली-



गलौज और पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने मानसिंह को कार से अगवा किया था और लोहे के पाइप से उस पर गंभीर मारपीट की थी।

मुख्य आरोपी भेजा गया जेल पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन गुर्जर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कार तथा लोहे का पाइप जब्त कर लिया। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने आरोपी सचिन को अदालत में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अब फरार आरोपी सुनील मीणा की तलाश में जुटी है।

बहरोड़ में डंपर से टकराई कार, तीन युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

बहरोड़ (एजेंसी)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दहमी पुलिया के पास बुधवार रात एक भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचों युवक कार में सवार होकर शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में कार आगे चल रहे डंपर से टकरा गई। हादसा रात करीब 1:30 बजे हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और डंपर जब्त कर जांच शुरू कर दी। मृतक देवेंद्र के भाई सचिन के अनुसार, देवेंद्र कुमार, हेमंत कुमार, हरीश कुमार, हर्ष कुमार और साहिल कुमार कार से भगवाड़ी गांव में अपने चचेरे भाइयों के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे।

500 किलोमीटर पीछा कर मध्य प्रदेश से पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी

उदयपुर (एजेंसी)। उदयपुर की सवीना थाना पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में आरोपी सतीश परमार को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 500 किलोमीटर पीछा कर आरोपी को पकड़ा और किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब किया। राजस्थान के उदयपुर में नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में सवीना थाना पुलिस ने आरोपी को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश में पुलिस टीम ने करीब 500 किलोमीटर तक पीछा किया। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर किशोरी को भी सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

16 नवंबर की रात घर से लापता हुई थी किशोरी



थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि पीड़िता के परिजनों ने सवीना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 16 नवंबर 2026 की रात करीब 10 बजे उनकी नाबालिग बहन बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

तकनीकी संसाधनों से मिली आरोपी की लोकेशन

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देश पर थानाधिकारी दलबीर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी की तलाश शुरू की। लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस टीम ने करीब 500 किलोमीटर तक पीछा किया और मध्य प्रदेश में आरोपी सतीश परमार को हिरासत में ले लिया। आरोपी सतीश परमार डूंगरपुर जिले के दोवड़ा का निवासी है। उसके पिता का नाम मनोहरलाल है।

पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर सवीना थाने पहुंची। यहां पूछताछ और जांच के दौरान अपराध की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को भी सुरक्षित दस्तयाब कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

जैसलमेर में संतोष निर्विरोध चुनी गईं, बीकानेर में बगावत

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की 37 जिला परिषदों में जिला प्रमुख चुनाव के लिए नामांकन हुए। जैसलमेर में 21 वर्षीय संतोष कुमारी निर्विरोध चुनी गईं। दौसा और सवाई माधोपुर में भी कांग्रेस प्रत्याशियों का निर्वाचन तय है। बीकानेर में कांग्रेस की बगावत और सलूम्बर में त्रिकोणीय समीकरण ने मुकाबले को रोचक बना दिया है।

राजस्थान में जिला प्रमुख चुनाव के लिए बुधवार को सभी 37 जिला परिषदों में राजनीतिक हलचल तेज हो गई। नामांकन के साथ ही कई जिलों में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गई है। कांग्रेस ने जैसलमेर से अपना खाता खोलते हुए 21 साल की संतोष कुमारी को निर्विरोध जिला प्रमुख बनवा लिया है। वह राजस्थान की सबसे कम उम्र की जिला प्रमुख बताई जा रही हैं। सवाई माधोपुर और दौसा में भी कांग्रेस प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है।

दूसरी ओर, कुछ जिलों में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है तो कहीं निर्दलीय और क्षेत्रीय दलों के प्रत्याशियों ने चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। बीकानेर में कांग्रेस के लिए असहज स्थिति बन गई है। पार्टी ने विधायक सुशीला डूडी की बहू निकिता डूडी को प्रत्याशी बनाया, लेकिन पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की बेटी सरिता ने निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया। जैसलमेर में कांग्रेस प्रत्याशी संतोष कुमारी के सामने किसी अन्य दल या निर्दलीय उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया। ऐसे में उनका निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया। संतोष वार्ड 21 से कांग्रेस के टिकट पर जीती थीं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 6,137 वोटों



से हराया था। उनकी उम्र 21 साल 36 दिन बताई गई है। वह 12वीं पास हैं। सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जनजाति वर्ग की प्रत्याशी को मैदान में उतारा था। सवाई माधोपुर में कांग्रेस की आशा बैरवा का जिला प्रमुख बनना भी तय है। वह पूर्व मंत्री अशोक बैरवा की पत्नी हैं। वार्ड 15 से निर्वाचित आशा के सामने किसी अन्य प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। दौसा में कांग्रेस विधायक डीडी बैरवा की पत्नी बीना बैरवा भी जिला प्रमुख पद के लिए अकेली उम्मीदवार हैं। दोनों का निर्विरोध निर्वाचन होने की स्थिति बन गई है।

बीकानेर में कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई

बीकानेर में जिला प्रमुख चुनाव कांग्रेस के लिए चुनौती बन गया है। पार्टी ने विधायक सुशीला डूडी की बहू निकिता डूडी को प्रत्याशी बनाया है, लेकिन पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल की बेटी सरिता ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल कर दिया। सरिता ने पार्टी के भीतर टिकट वितरण को लेकर नाराजगी जताई और कहा कि कांग्रेस में काम करने वाले कार्यकताओं की अनदेखी हो रही है।

जयपुर में सूरा और गुर्जर के बीच मुकाबला

जयपुर जिला परिषद में कांग्रेस ने यशवीर सूरा को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। भाजपा की ओर से वार्ड 22 से निर्वाचित राजेश कुमार गुर्जर ने नामांकन दाखिल किया है। जिला परिषद की 57 सीटों में कांग्रेस के 42, भाजपा के 13 और आरएलपी के दो सदस्य हैं। बहुमत के लिए 29 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। इस लिहाज से कांग्रेस के पास स्पष्ट बहुमत है।

बाड़मेर में हनुमान बेनीवाल भी मैदान में

बाड़मेर जिला प्रमुख चुनाव में आरएलपी ने वार्ड 25 से निर्वाचित हनुमान बेनीवाल को प्रत्याशी बनाया है। यहां कांग्रेस से गफूर अहमद और भाजपा से खंगार सिंह ने भी नामांकन किया है। नागौर में भी आरएलपी ने पांचाराम को मैदान में उतारा है। डीडवाना-कुचामन में आरएलपी के शिवपाल ने नामांकन किया है।

चूरू में राठौड़ परिवार की बहू भाजपा प्रत्याशी

चूरू में भाजपा ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की बहू कनिका सिंह को जिला प्रमुख पद का प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस की ओर से प्रकाश बुडानिया ने नामांकन दाखिल किया है। दोनों दलों के नेताओं ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मोर्चा संभाल लिया है।

झुंझुनूं में कांग्रेस ने 22 साल की कोमल पर लगाया दांव

झुंझुनूं में कांग्रेस ने 22 वर्षीय कोमल भंवरिया को प्रत्याशी बनाया है। यहां जिला परिषद की 41 सीटों में कांग्रेस के 29, भाजपा के 11 और एक निर्दलीय सदस्य हैं।

स्वामीः गायत्री मीडिया, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा, मुद्रकः रजनी कुमारी द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, सेक्टर 06, नोएडा गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित व 74ए आशीर्वाद एन्क्लेव, टीएचडीसीए देहराखास, देहरादून, उत्तराखंड. 248001 से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून होगा। RNI.No. UAHIN/26/A3885

नगर पालिका परिषद नगीना में विकास की नई रोशनी, शहर के कोने-कोने में लग रहीं स्ट्रीट लाइटें

चेयरमैन संघ जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील व सिराज खलील की पहल से जगमगा रहा नगीना, नगरवासियों में खुशी की लहर



उत्तम भारत संवाददाता

नगीना। नगर पालिका परिषद नगीना की अध्यक्ष श्रीमती ताहिरा खलील के नेतृत्व में नगर में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। नगर के प्रत्येक मोहल्ले और प्रमुख मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नई स्ट्रीट लाइटें लगवाई जा रही हैं। पालिका की इस पहल से नगर के विभिन्न हिस्सों में रोशनी बढ़ रही है और नगीना नगीनों की तरह जगमगाता नजर आ रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ताहिरा खलील के बड़े पुत्र एवं चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील तथा सिराज खलील नगर की समस्याओं पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनकी सूझबूझ और सक्रियता के चलते नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई स्ट्रीट लाइटें लगने से नगरवासियों को राहत मिल रही है और पालिका के इस प्रयास की नगर में खूब सराहना हो रही है।

नगर में स्टेशन रोड से नहटौर चौराहे तक, रामलीला बाग मंदिर से आगे कोटरा तक, बिजनौर रोड, चित्तौड़गढ़ चौकी से अकबराबाद चौराहे तक तथा डिग्गी बाबू पेट्रोल पंप सहित विभिन्न क्षेत्रों में पथ प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इन प्रमुख मार्गों पर रोशनी बढ़ने से रात के समय आवागमन करने वाले लोगों को सुविधा मिल रही है।

नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार सभासदों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को प्रगति प्रदान कर रहे हैं। वहीं, पथ प्रकाश प्रभारी संदीप कुमार का भी इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान बताया जा रहा है। पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयास से नगर में प्रकाश व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

विकास कार्यों के बीच भ्रामक खबरों पर सवाल

नगर में पथ प्रकाश व्यवस्था को लेकर विकास कार्य जारी रहने के बावजूद, विपक्ष की ओर से लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि एक दैनिक समाचार पत्र में लाइटों से संबंधित प्रकाशित खबर तथ्यों से परे है और उससे नगरवासियों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास किया गया है।

राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक

मेरठ। आगामी 12 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ में बुधवार को विभिन्न प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक लंबित एवं सुलह योग्य वादों का निस्तारण कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित लंबित एवं सुलह योग्य प्रकरणों को चिह्नित कर उनके निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग देने पर जोर दिया गया। बैठक में कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन को त्वरित, सुलभ और सरल न्याय उपलब्ध कराने का अवसर मिलता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आमजन से अपील की है कि वे अपने सुलह योग्य वादों का निस्तारण 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराकर इसका लाभ उठाएं।

नारी शक्ति संगठन ने किया खिचड़ी का वितरण



उत्तम भारत संवाददाता

बिजनौर। नारी शक्ति संगठन बिजनौर की सभी महिलाओं ने मिलकर बकली के फाटक के पास रविदास मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान व देव दीपावली के उपलक्ष में खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया।इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष पूनम गोयल ने कहा कि कार्तिक गंगा स्नान पर खिचड़ी दान करने पर विशेष पुण्य फल प्राप्त की प्राप्ति होती है गंगा स्नान के बाद खिचड़ी दान करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है,घर में अन्न धन की कमी नहीं रहती,सुख शांति बनी रहती है,एवं आर्थिक संकट दूर होता है! इस अवसर पर संगठन की महामंत्री शारदा चौधरी, गार्गीअग्रवाल उपाध्यक्ष निधि वर्मा,वंदना गुप्ता शिखा गुप्ता, संतोष रानी,रिंकी मसीह,पूनम शर्मा, मनीषा गुप्ता मंत्री करुणा अग्रवाल, रश्मि तोमर, अंशु बिश्नोई,सुनीता शर्मा,शीतल भारद्वाज, रीना चौधरी, सुधा अग्रवाल कोषाध्यक्ष मोनिका अग्रवाल,मीडिया प्रभारी डोली शुक्ला आदि उपस्थित रही!

5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण 6 के जल्द निपटारे के निर्देश



नजीबाबाद, एजेंसी।

कवि दुष्यंत कुमार सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने महिलाओं की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में शामिल करीब 105 महिलाओं में से 11 ने प्रार्थना पत्र सौंपे, जिनमें से 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 6 शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी विमल सिंह चौबे व सीडीपीओ सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए। जनसुनवाई के पश्चात संगीता जैन ने गंगा मेला नांगल सोती हादसे के पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी।

वालिया ग्लोबल एकेडमी ने निकाली स्वच्छता रैली, दिया सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश



उत्तम भारत संवाददाता

नजीबाबाद। ह्यस्वच्छ नजीबाबाद झ हमारा अधिकार, मारी जिम्मेदारी अभियान के तहत वालिया ग्लोबल एकेडमी के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर शहर को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। रेलवे स्टेशन से शुरू होकर रैली कृष्णा टॉकीज, कल्लूगंज और चौक बाजार होते हुए रामलीला मैदान पहुँची। विद्यार्थियों ने नारे लगाने के साथ दुकानदारों व नागरिकों से संवाद कर सड़क-नालियों में कचरा न फेंकने की अपील की तथा प्रशासन से प्रमुख स्थानों पर बड़े डस्टबिन लगाने की मांग की। निदेशिका रुचिका वालिया व प्रधानाचार्या अनीता सिवाच के मार्गदर्शन में शिक्षकों व स्टाफ ने भाग लिया। पदाधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता सामूहिक दायित्व है और बदलाव की शुरूआत स्वयं से होती है।

आजम खान से दानिश अल्वी ने की मुलाकात, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुई विस्तृत चर्चा



उत्तम भारत संवाददाता

शेरकोट। दानिश अल्वी ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री माननीय आजम खान साहब से मुलाकात की। इस दौरान दोनों के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुलाकात में प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों, आगामी चुनाव की तैयारियों और संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न राजनीतिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बताया गया कि मुलाकात के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक गतिविधियों और भविष्य की रणनीति पर भी बातचीत हुई। दानिश अल्वी ने आजम खान साहब के साथ अपने विचार साझा किए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस मुलाकात को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुलाकात के बाद क्षेत्र के राजनीतिक हलकों में भी इसकी चर्चा हो रही है।

मुठभेड़ के बाद गौकशी की तैयारी कर रहे पांच गौतस्कर गिरफ्तार, पुलिस मुठभेड़ में तीन के पैर में लगी गोली

उत्तम भारत संवाददाता



नगीना। थाना नगीना पुलिस ने गौकशी की तैयारी कर रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें जवाबी फायरिंग के दौरान तीन आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने मौके से दो जीवित गोवंशीय पशु (बैल), अवैध तमंचे, कारतूस, गौकशी के उपकरण और घटना में प्रयुक्त एक कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, 24 नवंबर 2026 की रात करीब तीन बजे थाना नगीना पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम काजीवाला के जंगल में कुछ लोग दो गोवंशीय पशुओं का वध करने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां गन्ने के खाली खेत में पांच लोग दो गोवंशीय पशुओं को बांधकर गौकशी की तैयारी कर रहे थे।

पुलिस टीम ने आरोपियों की घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीन आरोपी सईद अहमद, वाहिद उर्फ टल्ली और कासिम उर्फ बुल्ला पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों घायल आरोपियों के साथ दो अन्य आरोपियों मोमीन और अनिल को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी नगीना भेजा गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक कार (वअ07ळ0414), दो अवैध तमंचे 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस 315 बोर, गौकशी के उपकरण तथा दो जीवित गोवंशीय पशु (बैल) बरामद किए हैं।

श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

चन्दौसी। थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव धर्मपुर रत्ता में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी श्री कृष्णाचार्य महाराज के सानिध्य में 26 नवंबर से 30 नवंबर तक चलने वाले इस महायज्ञ की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। महायज्ञ से एक दिन पूर्व बुधवार को गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरा गांव भक्ति और धर्ममय वातावरण में सराबोर नजर आया। बुधवार को हनुमान गढ़ी स्थित यज्ञ स्थल से कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में यजमान बने ग्रामवासी सबसे आगे चल रहे थे। उनके पीछे पीत वस्त्र धारण किए हुए कन्याएं व महिलाएं सिर पर कलश लिए हुए चल रही थीं। आगे-आगे ग्रामीण कीर्तन करते हुए चल रहे थे, तो पीछे-पीछे महिलाएं भजन गाते हुए सिर पर कलश रखकर सुशोभित हो रही थीं।

गंगा मेले में स्नान के दौरान नजीबाबाद के तीन युवक-युवती डूबे, ग्रामीण ने बचाई मासूम की जान

उत्तम भारत संवाददाता



हल्दौर। नगर के मोहल्ला तोलावाला और मोहल्ला खेड़ा में भाजपा हल्दौर मंडल एवं शक्ति केंद्र कन्या पाठशाला के तत्वावधान में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नहटौर विधायक ओम कुमार ने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मोहल्ला तोलावाला में महाराजा सुरसेन समाज सेवा समिति के अध्यक्ष एवं संयोजक सीताराम सैनी उर्फ भीम ठेकेदार तथा मोहल्ला खेड़ा में संयोजक एवं चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक सैनी की देखरेख में चौपाल संपन्न हुई। इस दौरान विधायक ओम कुमार ने कहा कि चौपाल जैसे आयोजन जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच की दूरी कम करते हैं। इससे न केवल आमजन की समस्याएं सीधे सुनने को मिलती हैं, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना भी आसान होता है। उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का ब्योरा रखते हुए सभी से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया।

अंत में विधायक ने आत्मीय स्वागत व सहयोग के लिए क्षेत्रवासियों का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, रालोद नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, जिला मंत्री रेखा यादव, मंडल अध्यक्ष संध्या चौहान, सभासद राजेश सैनी, मोहित कुमार, ताहिर, मिक्का सिंह, पूर्व सभासद जसवंत कारीगर, चरन सिंह सैनी, मुनेंद्र सैनी, चंद्रपाल सैनी, विनोद कैप्टन, अतुल चौधरी, प्रकाशचंद, राजबाला सैनी, दर्पण रावल, राजाराम सैनी, मीना प्रजापति, हिरदेश चौहान, रामपाल सैनी, बाबूराम सैनी और संजू सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महिला के साथ मारपीट सिर में आई गंभीर चोट

शेरकोट। थाना शेरकोट क्षेत्र के मोहल्ला अचारजान में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ममता पत्नी सुरेश ने अपने जेठ मूला पुत्र कलवा, उसके बेटे मनोज और गुड्डी पर मारपीट, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में ममता ने बताया कि 24 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके सिर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद पीड़िता थाना शेरकोट पहुंची और पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र पर अंगूठा निशान लगाकर शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अभिलेख में भी प्रार्थना पत्र को शब्दशः टंकित किए जाने का उल्लेख किया गया है।

पीडीएम डिग्री कॉलेज में परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, विजेता पुरस्कृत

उत्तम भारत संवाददाता



नगीना। परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पीडीएम डिग्री कॉलेज पुरैनी के मैदान में किया गया जिसमें 17 न्याय पंचायत के बच्चों ने बढ़ चढ़कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत व कोतवाली ब्लॉक के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व फीता काट कर किया। क्रीडा प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि विकास राजपूत व खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमारवने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कोतवाली ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेताओं को मुख्य अतिथि विकास राजपूत ने प्रमाणपत्र व ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर बोलते हुए विकास राजपूत ने कहा कि खेल से शरीर ही नही मन और मस्तिष्क का भी विकास होता है।

स्वस्थ मनुष्य ही समाज के विकास में योगदान दे सकता है। इसलिए ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को ऐसे खेल आयोजनों के माध्यम से प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बीईओ विकास कुमार की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में पीडीएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आरपी शर्मा प्रबंधक आर एन सिंह, पंकज सिंह,भूपेंद्र सिंह, विनोद चौहान एडवोकेट, डॉ विनोद शर्मा, व्यायाम शिक्षक राहुल ठाकुर, जिलाध्यक्ष अटेवा उमेश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष जूनियर यशपाल सिंह, मनीष राणा, परवेज आदिल, हिमांशु राजपूत,अमजद अली, ओमकार सिंह, वारिस सलीम, राशि शर्मा, कामिनी दिवाकर, रश्मि शर्मा , मधुरिका गुप्ता,भूपेंद्र सिंह, मीनाक्षी चौधरी, ओमकार सिंह, सचिन कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर अधूरा फ्लाईओवर आरटीआई कार्यकर्ता ने केंद्रीय मंत्री से की शिकायत

उत्तम भारत संवाददाता



बिजनौर। जनपद बिजनौर के नजीबाबाद--हरिद्वार हाईवे पर चिड़ियापुर (लालढांग) में हाथियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बन रहे एलीवेटेड कॉरिडोर (फ्लाईओवर) का निर्माण कार्य पिछले कई महीनों से बंद पड़ा है। आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने इस गंभीर समस्या को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को शिकायत पत्र भेजा है।

मनोज शर्मा ने बताया कि वन क्षेत्र से गुजरने वाले इस हाईवे पर हाथियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फ्लाईओवर का निर्माण कराया जा रहा था, लेकिन पिछले कई महीनों से कार्य बंद होने के कारण परियोजना अधर में लटकी हुई है। वर्तमान में सड़क पर केवल एक ही लेन उपलब्ध है, जिस पर दोनों ओर से वाहन आवाजाही कर रहे हैं। इससे आमने-सामने से भारी वाहनों के आने पर चालकों को भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। आरटीआई कार्यकर्ता ने कहा कि कुम्भ मेला के दौरान हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं और अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों की संख्या में भारी वृद्धि होने वाली है। यदि फ्लाईओवर का निर्माण समय पर पूरा नहीं किया गया तो लंबी जाम की समस्या उत्पन्न होगी, जिससे आम लोगों, श्रद्धालुओं और भारी वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

अमेरिकी कंपनी के निवेश से बदलेगी मेरठ की औद्योगिक तस्वीर, वैश्विक पैकेजिंग उद्योग में बनेगी नई पहचान

2,913 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होगी बॉल कॉर्पोरेशन की फैक्टरी, गंगा एक्सप्रेसवे किनारे 39.29 एकड़ में लगेंगी दो उत्पादन लाइनें

उत्तम भारत संवाददाता

मेरठ। खेल उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय पहचान रखने वाला मेरठ अब वैश्विक पैकेजिंग और आधुनिक विनिर्माण उद्योग के नक्शे पर भी अपनी नई पहचान बनाने जा रहा है। अमेरिकी कंपनी बॉल कॉर्पोरेशन खरखौदा क्षेत्र के बिजौली गांव के पास गंगा एक्सप्रेसवे किनारे विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) में करीब 2,913 करोड़ रुपये के निवेश से एल्युमिनियम बेवरेज कैन फैक्टरी स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास किया।

करीब 39.29 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली इस फैक्टरी में दो उत्पादन लाइनें लगाई जाएंगी। वर्ष 2029 से उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। यह उत्तर प्रदेश में कंपनी का पहला और भारत में तीसरा विनिर्माण संयंत्र होगा। इससे पहले कंपनी महाराष्ट्र के तलोजा और आंध्र प्रदेश के श्री सिटी में अपनी इकाइयां स्थापित कर चुकी है। मेरठ में आयोजित शिलान्यास समारोह में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. सोमेंद्र तोमर ने कहा कि अमेरिकी कंपनी का मेरठ में निवेश करना प्रदेश के बदलते औद्योगिक माहौल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकसित हुई निवेश अनुकूल नीतियों का प्रमाण है। गंगा एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई दिशा देगा। इससे मेरठ सहित आसपास के जिलों में भी आर्थिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, उद्योगों के अनुकूल नीतियों और मजबूत आधारभूत ढांचे के कारण वैश्विक कंपनियों का उत्तर प्रदेश पर भरोसा बढ़ा है। इस परियोजना से औद्योगिक विकास के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार और कारोबार के नए अवसर पैदा होंगे।



सांसद अरुण गोविल ने कहा कि मेरठ की पहचान अब तक खेल उत्पादों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रही है, लेकिन बॉल कॉर्पोरेशन जैसी वैश्विक कंपनी के निवेश से आधुनिक विनिर्माण के क्षेत्र में भी शहर की पहचान मजबूत होगी। इससे स्थानीय युवाओं और छोटे-बड़े उद्यमों को लाभ मिलेगा।

यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शैलेंद्र कुमार भाटिया ने बताया कि वर्ष 1880 में स्थापित बॉल कॉर्पोरेशन टिकाऊ एल्युमिनियम पैकेजिंग के क्षेत्र की अग्रणी वैश्विक कंपनी है। कंपनी के विश्वभर में 65 से अधिक विनिर्माण संयंत्र और सुविधाएं हैं तथा करीब 16 हजार लोग इससे जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि वैश्विक निवेश, आधुनिक तकनीक, रोजगार सृजन और स्थानीय उद्यमिता के विस्तार का महत्वपूर्ण अवसर है।

फैक्टरी शुरू होने से परिवहन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग, पैकेजिंग और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े कारोबार को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कंपनी से स्थानीय आपूर्तिकताओं और सेवा प्रदाताओं को जोड़ने के साथ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई है।

परियोजना में पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया है। एल्युमिनियम को बार-बार रिसाइकिल किया जा सकता है। कंपनी के अनुसार, पुनर्चक्रित एल्युमिनियम के इस्तेमाल से नए एल्युमिनियम के उत्पादन की तुलना में करीब 95 प्रतिशत ऊर्जा की बचत संभव है।

कार्यक्रम में कैंट विधायक अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्वनी त्यागी, धर्मेंद्र भारद्वाज, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह, एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान यूपीडा की ओर से कंपनी के अधिकारियों को भूमि कब्जा प्रमाणपत्र भी सौंपा गया।

सेवा संकल्प अभियान के विजेताओं को पुरस्कार मिले

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना ने 25 नवंबर 2026 को सेवा संकल्प अभियान के तहत हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार दिए। भारत सरकार का यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चला था।

अभियान के दौरान भाषण, चित्रकला और पोस्टर, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के साथ नुक्कड़ नाटक हुआ। विजेताओं को प्रतीक चिह्न और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में शिवानी गौतम ने पहला, किशन शाक्य ने दूसरा और प्रशांत यादव ने तीसरा स्थान पाया। शिवांगी को सांत्वना पुरस्कार मिला। चित्रकला और पोस्टर प्रतियोगिता में भूमि श्री पहले, शिवानी गौतम दूसरे और भूमि गुप्ता व अंजली सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। नरेश और नंदिनी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में पायल कुमारी ने पहला, सानिया सिंह ने दूसरा और खुशी व श्रेया वार्ष्णेय ने तीसरा स्थान पाया। ललित कुमार को सांत्वना पुरस्कार मिला। नुक्कड़ नाटक में जितेंद्र कुमार, जयदेव आर्य, ज्योति कुमारी, भूमि श्री, नरेश, मुनेंद्र, प्रिंस राज वर्धन, शिवम, शिवानी विमल, परी अग्रवाल और पायल कुमारी ने हिस्सा लिया। सभी को प्रतीक चिह्न और प्रमाणपत्र दिए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष और विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के प्रो. हरीश शर्मा, राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़ शिक्षक संघ के महामंत्री डॉ. विशाल कुमार यादव, मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. जेपी सिंह, शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. अवनीश कुमार सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अंजुल सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. राजीव कुमार शर्मा और डॉ. रेखा तोमर मौजूद रहे।

28 एवं 29 नवंबर को सभी बूथों पर विशेष अभियान

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और समावेशी बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ राजनीतिक दल भी सक्रिय भागीदारी निभाएं। कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे और अपात्र प्रविष्टियों एवं त्रुटियों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दिए।

बैठक में एडीएम सिटी संगीता देवी ने बताया कि 17 से 24 नवंबर तक जिले में मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए कुल 32,648 फार्म-6 प्राप्त हुए हैं। इनमें खैर में 4,509, बरौली में 4,593, अतरौली में 3,709, छर्रा में 4,600, कोल में 5,243, शहर में 5,011 और इगलास में 4,983 फार्म शामिल हैं। इसी अवधि में नाम अपमार्जित कराने के लिए 2,655 फार्म-7 और मतदाता सूची में संशोधन एवं अन्य परिवर्तन के लिए 2,953 फार्म-8 प्राप्त हुए हैं।

उन्होंने बताया कि जिले का वर्तमान ईपिक रेशियो 51.50 प्रतिशत है, जिसे लगभग आठ प्रतिशत तक और बढ़ाने की संभावना है। इसके लिए राजनीतिक दलों और जिला प्रशासन को समन्वित प्रयास करने होंगे। विशेष रूप से जेंडर रेशियो में सुधार पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं, खासकर नवविवाहित महिलाओं के मतदाता पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र महिला मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। एडीएम ने बताया कि मतदाता पंजीकरण एवं सूची में संशोधन के लिए 28 और 29 नवंबर शनिवार एवं रविवार को विशेष बूथ दिवस आयोजित किए जाएंगे। इन दोनों दिनों में सभी बूथों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी आवश्यक फार्म और मतदाता सूचियों के साथ उपस्थित रहेंगे। पात्र नागरिक बूथ पर पहुंचकर अपना नाम जुड़वाने, अपमार्जन एवं संशोधन के लिए फार्म-6, 7 और 8 भर सकते हैं। इन फार्मों को ऑनलाइन भरने की सुविधा भी उपलब्ध है। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपने बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में आपसी समन्वय और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि बीएलओ को आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन दें। यदि किसी कारणवश बूथ पर फार्म उपलब्ध नहीं हो पाते हैं तो बीएलओ एप के माध्यम से भी फार्म भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि बूथ पर आने वाले किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहना चाहिए।

टोंटियां चोरी करके भाग रहा चोर पकड़ा

अलीगढ़। सासनी गेट स्थित स्काई टावर निवासी विनोद कुमार माहेश्वरी का थाना बन्नादेवी क्षेत्रान्तर्गत रिसाल सिंह नगर में मकान है। यह मकान बंद रहता है। मंगलवार शाम करीब 6:30 बजे विनोद अपने मकान पर पहुंचे तो एक युवक अंदर से निकलता दिखाई दिया। उन्होंने उसे रुकने के लिए आवाज लगाई, लेकिन युवक कंधे पर बैग टांगकर भागने लगा। विनोद के शोर मचाने पर पड़ोसी विष्णु कुमार बंटी, नृपेन्द्र वार्ष्णेय, दिनेश परिहार, आरिफ और नदीम मौके पर पहुंच गए। सभी ने घेराबंदी कर भाग रहे युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक पुत्र संतोष बताया। वह मूल रूप से नेपाल के महेंद्र नगर का निवासी है और फिलहाल जवाहर नगर में मुस्ताक नगर के पीछे रहता है।

पिता की डांट से दो बच्चियां घर से लापता



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। बन्नादेवी क्षेत्र में दो मासूम बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। 8 और 7 साल की दोनों बच्चियां पिता की डांट से नाराज होकर घर से निकली थीं। परिजनों ने आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। सूचना पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, 24 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे पिता ने किसी बात पर दोनों बेटियों को डांट दिया था। इसके बाद दोनों घर से निकल गईं। परिजनों ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे एक पड़ोसी ने बच्चियों को तस्वीर महल की तरफ जाने वाले रास्ते पर देखा था। इसके बाद से दोनों का कोई सुराग नहीं मिला। काफी देर तक बच्चियों के घर नहीं लौटने पर पिता ने बन्नादेवी थाने में शिकायत दी। पुलिस ने 24 नवंबर की रात 11:45 बजे अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। मामले की जांच उपनिरीक्षक संजीव कुमार को सौंपी गई है। पुलिस आसपास के इलाकों में तलाश करने के साथ ही उनके लापता होने की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

जिला स्वच्छता समिति की बैठक 27 नवंबर को कलैक्ट्रेट में



अलीगढ़। जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 27 नवंबर को दोपहर 04 बजे से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के सफल कियान्यन के लिए जिला स्वच्छता समिति की बैठक आहुत की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी यतेन्द्र सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

ममता कुरील का मुजफ्फरनगर तबादला

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। पुलिस विभाग के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। शासन की ओर से जारी तबादला सूची में जिले में तैनात दो अपर पुलिस अधीक्षकों के नाम शामिल हैं। इसके तहत अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) ममता कुरिल का तबादला मुजफ्फरनगर कर दिया गया है। उन्हें वहां अपर पुलिस अधीक्षक (यातायात) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, फतेहगढ़ में तैनात अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह को अलीगढ़ भेजा गया है। उन्हें यहां अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) बनाया गया है। इस बदलाव के बाद अलीगढ़ में अपराध शाखा की जिम्मेदारी अब गिरीश कुमार सिंह संभालेंगे। शासन की ओर से जारी सूची में प्रदेश के अलग-अलग जिलों और पुलिस इकाइयों में तैनात अपर पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसी क्रम में अलीगढ़ से ममता कुरिल को मुजफ्फरनगर भेजा गया है, जबकि गिरीश कुमार सिंह को फतेहगढ़ से अलीगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है।

नगर निगम में विकेंद्रीकरण व्यवस्था लागू

अब आउटसोर्स अवर अभियंताओं की होगी सीधी जवाबदेही

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। बुधवार को नगर निगम सेवा भवन सभागार में जन शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने निर्माण विभाग, जलकल विभाग एवं प्रकाश विभाग से संबंधित शिकायतों की समीक्षा के दौरान जन शिकायतों के निस्तारण में तेजी लाने तथा नागरिकों को अनावश्यक रूप से नगर निगम कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इस उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित 48 घंटे की समयसीमा में प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियंता वीके सिंह एवं अधिशासी अभियंता यांत्रिक अजय सक्सेना को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों की नियमित निगरानी करें तथा शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न होने दें। नगर निगम संपत्ति कर नामांतरण व्यवस्था में बेहतर कार्य क्षमता का प्रदर्शन करने पर कर निर्धारण अधिकारी आशीष कुमार सेठ एवं उनके जोन की कार्मिकों की नगर आयुक्त ने सराहना की। नगर आयुक्त ने जन शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के दृष्टिगत आउटसोर्सिंग अवर अभियंताओं की कार्यशैली एवं कार्यक्षमता में सुधार लाने के लिए भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके अंतर्गत नगर निगम में तैनात आउटसोर्सिंग अवर अभियंताओं को लखनऊ स्थित निदेशालय में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में भेजा जाएगा। इस कार्यशाला से इन अवर अभियंताओं की क्षमता वृद्धि एवं कार्यशैली में सुधार से नगर निगम की जन शिकायत निस्तारण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

भाजपाई नेता की सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता से नोकझोंक

उत्तम भारत संवाददाता



अलीगढ़। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बावजूद बड़ी नहर (रजबहा) अतिक्रमण मुक्त नहीं होने का मुद्दा बुधवार को गरमा गया। भाजपा नेताओं ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यालय में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। ब्रज क्षेत्र भाजपा के सह मीडिया प्रभारी डॉ. निशित शर्मा की अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार से तीखी नोकझोंक हुई। मामला इतना बढ़ा कि डॉ. शर्मा ने अधिकारी के नाम से पोस्टर लहराते हुए चुनौती दे दी कि अगर मुख्यमंत्री का आदेश नहीं मानना है तो लिखकर सार्वजनिक कर दीजिए- श्मैं मुख्यमंत्री का आदेश नहीं मानूंगा।

डॉ. निशित शर्मा का आरोप है कि करीब 42 से 45 किलोमीटर लंबी बड़ी नहर से पहले 15 से 20 गांवों के किसानों के खेतों की सिंचाई होती थी। लेकिन शहरीकरण और जगह-जगह हुए अवैध कब्जों के कारण वर्षों से नहर में पानी नहीं पहुंच रहा। जिस रजबहा से किसानों की फसलें सींची जाती थीं, उसका इस्तेमाल अब कई जगह नाले के रूप में किया जा रहा है। लोगों ने नहर की जमीन पर कब्जे कर लिए हैं और किसान सिंचाई के पानी के लिए परेशान हैं। डॉ. निशित शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से भी रजबहा को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। कहीं न कहीं भ्रष्टाचार के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रभावी ढंग से नहीं हो रही। उन्होंने अधिशासी अभियंता को पत्र देकर सार्वजनिक रूप से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की। कहा कि अधिकारी या तो मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करें या फिर लिखकर दें कि वे आदेश नहीं मानेंगे। किसानों को उनका हक मिलना चाहिए, इतनी सी बात है। वहीं अधिशासी अभियंता राजेंद्र कुमार ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की मदद से दो बार अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई कराई जा चुकी है। नहर की सफाई और अतिक्रमण हटाने के लिए विभागीय स्तर पर प्रयास किए गए हैं। कुछ स्थानों पर कार्रवाई भी हुई है। उन्होंने बताया कि शहरीकरण के बाद नहर का स्वरूप बदल गया है। अब कई हिस्से नगर निगम क्षेत्र में आ चुके हैं। इस संबंध में नगर निगम और पीडब्ल्यूडी से भी पत्राचार हुआ है। विभागों के बीच हस्तांतरण और आगे की कार्रवाई का मामला शासन स्तर पर लंबित है।

राजेंद्र कुमार ने कहा कि करीब 15-20 साल से शहरीकरण के कारण नहर में पहले की तरह पानी नहीं चल रहा है। नहर में पानी छोड़ने का निर्णय शासन स्तर से होना है। शासन से निर्देश मिलते हैं तो उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डॉ. निशित शर्मा के साथ बातचीत के दौरान भी उन्होंने विभाग की ओर से की गई कार्रवाई की जानकारी दी, लेकिन इस पर दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। डॉ. निशित शर्मा पिछले कुछ समय से इस मुद्दे को लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने पहले भी इस मामले में सीबीआई से शिकायत किए जाने की बात कही है। बुधवार को विभागीय कार्यालय में हुई नोकझोंक के दौरान उन्होंने मीडिया के सामने अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाए। दूसरी ओर अधिशासी अभियंता अपनी तरफ से अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई किए जाने और पानी छोड़ने का निर्णय शासन पर होने की बात कहते रहे। काफी देर तक चली बहस के बाद डॉ. शर्मा वहां से लौट गए, लेकिन 42 किलोमीटर की नहर, किसानों की सिंचाई और अतिक्रमण का सवाल फिर से चर्चा में आ गया।

मेड़ काटने के विवाद में महिला से मारपीट



उत्तम भारत संवाददाता

अलीगढ़। दादों थाना क्षेत्र के भाय गांव में खेत की मेड़ काटने के विवाद में घर में घुसकर एक महिला से मारपीट का आरोप लगा है। हल्का देवी पत्नी स्वर्गीय विजय सिंह ने गांव के कुछ लोगों पर मारपीट और जमीन पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाते हुए कोतवाली दादों में तहरीर दी है।

हल्का देवी के अनुसार, गांव के कुछ लोग उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि कुछ दिन पहले उन्होंने खेत की मेड़ काट दी थी। महिला ने मेड़ ठीक करने के लिए कहा, लेकिन वे टालमटोल करते रहे। महिला का आरोप है कि इसी रंजिश में 24 नवंबर 2026 की सुबह करीब 8 बजे आरोपी एकराय होकर उनके घर में घुसे और लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। हल्का देवी का दावा है कि घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग उनके पास है। उन्होंने खुद और परिवार की जान-माल को खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा मांगी है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

दो लड़के चुनाव परिणाम से पहले ही हो चुके विफल: योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पहले ये दो लड़कों की जोड़ी चुनाव परिणाम आने के बाद विफल होती थी, लेकिन इस बार चुनाव से पहले ही ये विफल हो चुके हैं। गठबंधन की राजनीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बैठकें हो रही हैं तो वहीं दूसरी तरफ प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इससे बड़ा अपमान क्या होगा?

मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि दोनों दलों के बीच एक-दूसरे को शह और मात देने की राजनीति चल रही है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस की ऐसी स्थिति उसकी नकारात्मक सोच का परिणाम है। जनता बार-बार इन दलों को खारिज कर रही है। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ बुधवार को लखनऊ में आयोजित एक निजी न्यूज चैनल के शिखर सम्मेलन में संवाद कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बदली तस्वीर, कानून-व्यवस्था, निवेश, रोजगार, विपक्ष की राजनीति, गठबंधन, आगामी चुनाव और अपनी राजनीतिक विचारधारा से जुड़े सवालों पर बेबाकी से जवाब दिए।

सपा-कांग्रेस के गठबंधन पर तंज, एनडीए में कोई विवाद नहीं

समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि गठबंधन के अपने धर्म, नियम, मान्यताएं और शिष्टाचार होते हैं। लेकिन दोनों दलों के बीच जिस तरह की स्थिति दिखाई दे रही है, वह उनके आपसी तालमेल पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कटाक्ष किया कि इनकी स्थिति ऐसी हो गई है कि एक तरफ अपमानित हो रहे हैं और दूसरी तरफ उसी को सामान्य बताने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, एनडीए में सीटों के बंटवारे और सहयोगी दलों के बीच कथित मतभेदों पर उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी समेत सभी सहयोगी दल एनडीए का हिस्सा हैं। सभी मिलकर चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन में किसी तरह का विवाद नहीं है।

राम भक्तों से समाजवादी पार्टी को माफी मांगनी चाहिए

अखिलेश यादव के अयोध्या दौरे और समाजवादी पार्टी की सनातन के प्रति बदली राजनीतिक भाषा पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दो नावों की सवारी हमेशा खतरनाक होती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या जाना अच्छी बात है, लेकिन समाजवादी पार्टी को रामभक्तों से माफी भी मांगनी चाहिए। यदि 90 के दशक में ही यह सद्बुद्धि आ गई होती तो रामभक्तों पर गोली चलाने की नौबत नहीं आती। मुख्यमंत्री ने कहा कि माफी मांगने से कोई व्यक्ति छोटा नहीं होता। उन्होंने अपने राजनीतिक आधार को स्पष्ट करते हुए कहा कि भाजपा का वोट बैंक हर वह राष्ट्रवादी नागरिक है, जो भारत के संविधान और देश की विरासत में विश्वास करता है। भाजपा की राजनीति किसी एक जाति या वर्ग तक सीमित नहीं है। पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान के सिद्धांत पर काम करती है।

कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस, महिला और व्यापारी की सुरक्षा सर्वोपरि

बुलडोजर कार्रवाई और एनकाउंटर को लेकर विपक्ष के आरोपों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में सफल रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून को चुनौती देने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना भाजपा का संकल्प: ब्रजेश पाठक

लखनऊ, एजेंसी।



भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को दो दिवसीय सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया। बैठक में धानुक, सोनकर, स्वर्णकार, बहेलिया, बढ़ई, विश्वकर्मा एवं भुर्जी समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव आया है, उसे हम सभी ने अपनी आंखों से देखा है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश को गुंडों और अपराधियों का प्रदेश कहा जाता था। समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। परिवार के लोग अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। आज अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो रही है। जब भी गुंडे और माफिया सक्रिय होते हैं, सबसे अधिक अत्याचार गरीबों और कमजोर वर्गों पर होता है। भाजपा सरकार ने ऐसे तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा किया है।

उन्होंने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती के दिन ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी मनाया जाता है। विश्वकर्मा समाज देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला समाज है। समाज के लोग अपने हुनर, परिश्रम और कौशल से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं।

कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तरीकों से रुबरु हुए प्रशिक्षु आईपीएस

मुरादाबाद। डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस अकादमी में बुधवार को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरआर-78 आईपीएस बैच के 12 प्रशिक्षु अधिकारियों को पुलिसिंग के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्हें कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के तरीकों से भी रुबरु कराया गया। इस दौरान वक्त के रूप में मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि पुलिसिंग का उद्देश्य केवल अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं बल्कि आमजन में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना भी है। पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था के साथ जनसंवाद और जनहितकारी पुलिसिंग प्राथमिकता देनी चाहिए।

श्री काशी विश्वनाथ धाम से निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

वाराणसी, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश की धर्मनगरी काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम से बुधवार को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री रामचरितमानस नवाह्न पाठ महायज्ञ समिति की ओर से आयोजित नौ दिवसीय रामायण महायज्ञ के समापन के उपरांत श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं को विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद लक्ष्मीकुंड में विसर्जित किया गया।

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार को महायज्ञ का विधिवत समापन हुआ था। इसके बाद बुधवार को भू-देवों ने श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का पूजन किया। उन्हें दक्षिणा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। तत्पश्चात स्वदेशी फूलों से सुसज्जित वाहन पर श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं को विराजमान कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में सबसे आगे संस्था का बैनर चल रहा था, जबकि पीछे बैंड-बाजे की मधुर धुन पर रामधुन गूंज रही थी। हाथों में धार्मिक पोथियां लेकर 108 भू-देव शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभायात्रा श्री काशी विश्वनाथ धाम से प्रारंभ होकर बांसफाटक, गोदौलिया और गिरजाघर होते हुए लक्सा स्थित वार्ड संख्या 90 के लक्ष्मीकुंड पहुंची। यहां परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार श्रीराम दरबार की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती समारोह की तैयारियों के लिए छह सदस्य नामित

लखनऊ, एजेंसी।

किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले अंतर्गत नूरपुर में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों को लेकर राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) की ओर से छह सदस्यों को नामित किया गया है। इन सदस्यों को समारोह की व्यवस्थाओं और तैयारियों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के उत्तर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि चौधरी चरण सिंह की 125वीं जयंती पर 23 दिसंबर को नूरपुर में विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए पार्टी की ओर से वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नामित सदस्य आपसी समन्वय के साथ समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देंगे।

उन्होंने बताया कि नामित सदस्यों में संगठन महासचिव त्रिलोक त्यागी, पूर्व सांसद एवं आरएलडी संसदीय बोर्ड के चेयरमैन केसी त्यागी, बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान, बिजनौर के सांसद चंदन चौहान, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र शर्मा तथा पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल शामिल हैं। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का किसानों, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

देव दीपावली पर हनुमान गढ़ी में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

फरुर्खाबाद, एजेंसी।

देव दीपावली के पावन पर्व पर महाभारत कालीन ऐतिहासिक हनुमान गढ़ी सिद्धपीठ में मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने संकटमोचन हनुमान के दरबार में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर बजरंगबली के जयकारों, घंटे-घड़ियालों की गूंज और रामनाम संकीर्तन से गुंजायमान रहा। 35वें श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ की पूर्णाहुति के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हनुमान गढ़ी परिसर में सोमवार से चल रहे अखंड रामचरितमानस पाठ का मंगलवार दोपहर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ समापन हुआ। इसके बाद श्री हनुमान गढ़ी ट्रस्ट की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। सनातन परंपरा के अनुरूप सबसे पहले सैकड़ों साधु-संतों के लिए संत भोज आयोजित किया गया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने संतों का पूजन-सत्कार कर उन्हें कंबल और दक्षिणा भेंट की। इसके बाद आम श्रद्धालुओं के लिए भंडारा शुरू हुआ, जो देर तक चलता रहा। देव दीपावली पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

रालोद में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन

लखनऊ, एजेंसी।

राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) का जनाधार बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे संगठन विस्तार अभियान के तहत बस्ती में कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह के नेतृत्व में बस्ती प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने रालोद में शामिल होकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में अखिल भारतीय गोस्वामी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव एवं बलरामपुर के जिला पंचायत सदस्य महंत ध्रुव भारती, कुदरहा की पूर्व ब्लॉक प्रमुख गोस्वामी कुमकुम भारती, महादेवा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष (बसपा) अरुण कुमार चौधरी, ग्राम प्रधान बारीघाट, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लालगंज वीरेंद्र कुमार (बब्लू), ग्राम प्रधान बैडारी मुस्तहकम अभिषेक यादव, ग्राम प्रधान उमरिया ओमकार चौधरी, ग्राम प्रधान चौबाह रमेश यादव, प्रधान प्रतिनिधि भक्तुपुर संतोष यादव और प्रधान प्रतिनिधि भेड़वा जितेंद्र कुमार शामिल हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ऐश्वर्य राज सिंह ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए किसान, मजदूर, नौजवान और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष कर रहा है। पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों से प्रभावित होकर नए लोगों का जुड़ना संगठन के लिए उत्साहजनक है। इससे पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और उसकी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी नए सदस्य चौधरी चरण सिंह की वैचारिक विरासत को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। यह जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने दी।

जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता: ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से आत्मीय भेंट एवं संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं, अपेक्षाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की और समस्याओं के शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जनशिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जनसेवा ही हमारा संकल्प है। सबकी सेवा और सबका सम्मान ही हमारा ध्येय है। जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार आमजन के हितों के प्रति प्रतिबद्ध है और प्रत्येक नागरिक की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

विद्यार्थी संविधान की भावना को व्यवहार में उतारें: प्रो. राकेश सिंह



जौनपुर, एजेंसी।

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में स्थित वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने भारतीय संविधान की मूल प्रति का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिकों की भूमिका के प्रति जागरूक किया।

कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार है। विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों की भी जानकारी होनी चाहिए। समानता, न्याय, स्वतंत्रता और बंधुत्व जैसे संवैधानिक मूल्यों को अपने व्यवहार में अपनाकर ही राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी संविधान की भावना को व्यवहार में उतारकर सशक्त, संवेदनशील और जवाबदेह लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों में संवैधानिक चेतना विकसित करने के साथ उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार बनाते हैं।

कार्यक्रम में दंतोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर राहुल राय और डॉ. राजित राम सोनकर ने विद्यार्थियों को संविधान की मूल प्रति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संविधान की प्रस्तावना, मूल संरचना और स्वतंत्रता के बाद समय-समय पर किए गए संवैधानिक संशोधनों की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि संविधान महज कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और नागरिक अधिकारों का जीवंत आधार है।

विमान के केबिन का शोर कम करने पर शोध शुरू करेंगे: अभय करंदीकर



कानपुर, एजेंसी।

इंजन के कंपन से विमान के केबिन में होने वाले शोर को कम करने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर और वैश्विक इंजीनियरिंग कंपनी रोल्स-रॉयस ने संयुक्त शोध शुरू किया है। छह महीने की इस परियोजना में इंजन के कंपन, उससे पैदा होने वाले शोर और यात्रियों के आराम पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन कर समाधान तलाशे जाएंगे। यह बातें बुधवार को आईआईटी कानपुर में परियोजना के शुभारंभ अवसर पर नीति आयोग के सदस्य प्रो. अभय करंदीकर ने कहीं। परियोजना में विमान के ढांचे का एक मॉडल तैयार किया जाएगा, जिससे उड़ान के दौरान पैदा होने वाली परिस्थितियों का अध्ययन किया जा सके। इसमें कंपन उत्पन्न करने वाली मशीन और आवाज व कंपन मापने वाले सेंसर लगाए जाएंगे। इनके माध्यम से यह पता लगाया जाएगा कि इंजन के कंपन विमान के ढांचे में किस तरह फैलते हैं और केबिन में शोर का कारण बनते हैं।

शोध में गणितीय पद्धतियों के साथ प्रयोगात्मक परीक्षण भी किए जाएंगे। परियोजना का पहला चरण शुरू हो चुका है, जबकि परिणामों के आधार पर आगे के चरण भी शुरू किए जा सकते हैं।

संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थी 'हयात पैलेस' में लेंगे औद्योगिक प्रशिक्षण

उत्तम भारत संवाददाता



मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और व्यावसायिक दक्षता का परिचय देते हुए एक बार फिर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के नौ होनहार विद्यार्थियों का चयन बुधवार विश्व प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखला ह्यहयात पैलेसह्व गुरुग्राम में छह माह के औद्योगिक प्रशिक्षण (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग) के लिए हुआ है।

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में जितेंद्र शर्मा, राकेश कुमार, नेपाल, नितिन यादव, धनंजय, सुनील कुमार, अनुराग मौर्य एवं मोहम्मद रईस प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों का चयन होटल प्रबंधन द्वारा आयोजित एक कठिन साक्षात्कार और कौशल मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद किया गया है। संस्कृति स्कूल आफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म की असिस्टेंट प्रोफेसर शुभांगी सक्सेना बताया कि इन सभी चयनित विद्यार्थियों का छह माह का प्रशिक्षण आगामी 18 जनवरी 2027 से विधिवत रूप से प्रारंभ होगा। इस अवधि के दौरान विद्यार्थियों को होटल उद्योग के चार प्रमुख विभागोंकृफ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस, कलिनरी (पाक कला/किचन) में कार्य करने का अवसर मिलेगा। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के अतिथि सत्कार (हॉस्पिटैलिटी), होटल संचालन की बारीकियों, प्रबंधन कौशल और आधुनिक उद्योग मानकों को करीब से सीखने और समझने का अनुभव प्राप्त होगा।

हयात पैलेस, गुरुग्राम के प्रबंधन की ओर से सभी प्रशिक्षु विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान आकर्षक मासिक स्टाइपेंड (मानदेय) की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के करियर की नींव मजबूत करने के साथ-साथ भविष्य में स्थायी रोजगार के द्वार भी खोलेगा। विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, प्रबंधन तंत्र तथा स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के संकाय सदस्यों (फैकल्टी) ने सभी चयनित छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि यह सफलता संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्योग-उन्मुख पाठ्यक्रम और विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण के सर्वश्रेष्ठ अवसर उपलब्ध कराने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

जिलाधिकारी ने किया 39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, बच्चों ने दिखाया दमखम

दौड़, लंबी कूद, गोला और चक्का फेंक सहित विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

फरुर्खाबाद, एजेंसी।



पुलिस लाइन फतेहगढ़ में बुधवार को 39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और खेल भावना के साथ किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इनसे बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास होने के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि खेल हमें निरंतर प्रयास करने, चुनौतियों का सामना करने और हार-जीत को समान भाव से स्वीकार करने की सीख देते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में जनपद और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने जिलाधिकारी के समक्ष अनुशासित पीटी प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। प्रतियोगिता के तहत 50, 100, 200, 400 और 600 मीटर दौड़, रिले रेस, चक्का फेंक, गोला फेंक और लंबी कूद सहित विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की गईं। इनमें बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी गति, क्षमता और खेल कौशल का परिचय दिया।

समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदाबाद कृपाशंकर सिंह ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेना भी बड़ी उपलब्धि है। निरंतर अभ्यास, परिश्रम और अनुशासन से ही खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। बेसिक शिक्षा विभाग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को खेल के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस दौरान अवनीश चौहान, जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश मिश्रा, देवेश यादव, वीरेंद्र त्रिवेदी सहित शिक्षकगण, अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी 28 को गऊ ग्राम परखम में कई प्रकल्पों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रो. एसपी सिंह बघेल सहित उत्तर प्रदेश के कई मंत्री करेंगे शिरकत

मथुरा, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 नवंबर को मथुरा जनपद के फरह क्षेत्र स्थित गऊ-ग्राम परखम में गौ संवर्धन, आयुर्वेद, अनुसंधान और शिक्षा से जुड़े विभिन्न प्रकल्पों का लोकार्पण, शिलान्यास और पाठ्यक्रम का विमोचन करेंगे। यह कार्यक्रम प्रातः 10 बजे दीनदयाल गौ विज्ञान अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित होगा। यह जानकारी दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के मंत्री हरी शंकर शर्मा ने बुधवार दोपहर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति (दीनदयाल धाम, फरह) के तत्वावधान में होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री पशु आयुर्वेद एवं पारंपरिक ज्ञान में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम का विमोचन करेंगे। इसके साथ ही अनुवादात्मक चिकित्सा में आयुर्वेद और पंचगव्य अनुसंधान केंद्र तथा श्री नंदीश्वर छात्रावास का लोकार्पण किया जाएगा। वहीं, आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय, पशु चिकित्सालय महाविद्यालय तथा 02 बीएचके आवासीय परिसर का शिलान्यास भी प्रस्तावित है।

मीडिया प्रभारी कीर्ति पी. कुमार के अनुसार, समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेश सोनी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम को निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी कैलाशानंद गिरि महाराज और श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज का आशीर्वचन प्राप्त होगा। आयोजकों ने बताया कि समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा केंद्रीय मत्स्य पालन एवं पशुपालन राज्यमंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, देव संस्कृति विश्वविद्यालय (उत्तराखंड) के कुलाधिपति डॉ. चिन्मय पंड्या, भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र श्दयालुश और विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री प्रवीण रामदास भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम के सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर ने बताया कि समारोह में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविद, फैकल्टी सदस्य, समाजसेवी और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। पत्रकार वार्ता के दौरान डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने मॉलिक्युलर बायोलॉजी लैब के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उमेश शर्मा, विनीत कुमार, मुकेश शर्मा, वीरेन्द्र और ऋषभ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भारतीय जैन मिलन का 21 वां राष्ट्रीय महिला सम्मेलन 29 को



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। जैन मिलन महिला अपराजिता शाखा के तत्वावधान में भारतीय जैन मिलन का 21 वां राष्ट्रीय महिला सम्मेलन आगामी 29 नवंबर, दिन रविवार को एफ.एम. वाटिका में आयोजित होगा। शाखा अध्यक्षा नीता जैन ने बताया कि समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र जैन रितुराज, राष्ट्रीय महामंत्री अजय जैन, राष्ट्रीय महामंत्री महेश कुमार जैन एवं राष्ट्रीय महिला चेयरपर्सन आभा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उषा जैन और शीला जैन मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान नगर की विशिष्ट चिकित्सक डॉ. शिखा जैन (स्त्री रोग विशेषज्ञ) एवं प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति जैन को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सम्मेलन में विशिष्ट महिला सम्मान तथा सर्वश्रेष्ठ शाखा सम्मान भी प्रदान किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में संपूर्ण देश भर की महिलाओं व जैन मिलन की क्षेत्र संख्या 17 की सभी शाखाओं से 300 वीरांगनाओं की सहभागिता रहेगी। वार्ता के दौरान महामंत्री रेणु जैन, कोषाध्यक्ष वर्षा जैन, ऑडिटर रूपम जैन, नीना जैन मिलेनियम, डॉ रश्मि जैन, संगीता जैन, शाखा सचिव साधना जैन आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने निर्वाचन की तैयारियों को लेकर की समीक्षा

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। आगामी निर्वाचन के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था, बूथवार एवं सेक्टरवार संवेदनशीलता तथा पुलिस-प्रशासन के समन्वय से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। डीएम संतोष कुमार शर्मा ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने तथा सभी तैयारियां समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था, अपराध और संवेदनशील मामलों की प्रतिदिन समीक्षा की जाए। मतदान केंद्रों पर जातीय संघर्ष, राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता, पूर्व चुनावों के विवाद और मतदान प्रभावित करने की आशंका जैसे बिंदुओं पर सूचनाएं जुटाई जाएं। डीएम ने मतदान केंद्रों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, प्रवेश-निकास और पार्किंग जैसी न्यूनतम सुविधाओं का संयुक्त निरीक्षण कराने तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए।

एसएसपी आदित्य लांग्हे ने संवेदनशील बूथों की वल्नरेबिलिटी मैपिंग लगातार अपडेट रखने तथा पुराने भूमि एवं राजस्व विवादों का पुलिस-राजस्व की संयुक्त टीम से समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निरोधात्मक कार्रवाई प्रभावी बनाने और पूर्व चुनावों से जुड़े मामलों की केसवार समीक्षा करने पर जोर दिया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना जायसवाल सहित समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

संविधान दिवस पर 7000 विद्यार्थी करेंगे प्रस्तावना का सामूहिक वाचन

फिरोजाबाद। संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर पाली इंटर कॉलेज, शिकोहाबाद में 26 नवंबर को आयोजित होने वाले ह्यएक स्वर, एक संविधानह्ण कार्यक्रम के तहत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन का पूर्वाभ्यास कराया गया। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निदेर्शों के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत 26 नवंबर को प्रातः नौ बजे लगभग सात हजार विद्यार्थी एक साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन करेंगे। इसमें जनपद न्यायाधीश, समस्त न्यायिक अधिकारी, जिलाधिकारी सहित अन्य गणमान्य अधिकारी शामिल होंगे। सामूहिक वाचन के माध्यम से न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता के संवैधानिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनाई देव दीपावली 3100 दीपों से जगमगाया कॉलेज प्रांगण

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में मंगलवार को देव दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्रागण में 3100 दीपकों की रोशनी से जगमगा रहा था।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार गोयल ने देव दीपावली के प्राचीन महत्व एवं आध्यात्मिक-सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए सभी से अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक, संवेदनशील एवं समर्पित रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर एमबीबीएस, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक प्रस्तुतियां दीं। एमबीबीएस विद्यार्थियों ने भरत मिलाप संवाद एवं तबला वादन के साथ रामस्तुति प्रस्तुत की। वहीं नर्सिंग विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों का मंचन किया तथा पैरामेडिकल विद्यार्थियों ने भावपूर्ण राम गायन से वातावरण भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में आतिशबाजी की गई तथा सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान डॉ. अतुल, डॉ. सोनाली बान्दील, डॉ. भूमिका भट्ट, डॉ. दिव्या चौधरी, डॉ. नीता गर्ग, डॉ. हरिओम सरन, डॉ. प्रेरणा जैन, डॉ. पीकेश कुमार सहित चिकित्सक, संकाय सदस्य, रेजिडेंट्स, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ एवं छात्र-छात्राऐं मौजूद रहे।

बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन 30 को

फिरोजाबाद। 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस के अंतर्गत जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन का आयोजन 30 नवंबर, सोमवार को प्रातः 10 बजे से एमडी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन जिला विद्यालय निरीक्षक मुदिता पाण्डेय के निर्देशन में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन एवं प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के संयोजन में होगा। डीआईओएस मुदिता पाण्डेय ने जनपद के सभी बोर्डों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि जिन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराया है, वे अपने प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके लिए प्रतिभागी विद्यार्थियों को मार्गदर्शक शिक्षक के साथ प्रोजेक्ट, दैनंदिनी, पोस्टर एवं अन्य आवश्यक सामग्री लेकर निर्धारित समय पर पहुंचना होगा।

गंगा में डूबे किशोर का शव मिला, दो की तलाश जारी



नजीबाबाद। नांगल सोती गंगा घाट पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान डूबे एक ही परिवार के तीन लोगों में से सूरज उर्फ छोटू (16) का शव बुधवार सुबह साढ़े 11 बजे बरामद कर लिया गया। वहीं, लापता गुड़िया (22) और हर्ष सैनी (16) की तलाश में एनडीआरएफ (ठऊफ्रह्र) की दो टीमें व स्थानीय गोताखोर लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं। नजीबाबाद के मोहल्ला रामपुरा निवासी ये तीनों लोग स्नान के दौरान गहरे पानी में चले गए थे। किशोर का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता और रैली निकालकर किया जागरूक



उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। दाऊदयाल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की संयुक्त इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ह्यमानव जीवन और सुरक्षाह्ण रखा गया, जिसमें लगभग 145 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता को निष्पक्ष एवं सफल बनाने के लिए निर्णायक मंडल में डॉ. ज्योति अग्रवाल, डॉ. शालिनी सिंह एवं डॉ. नूतन राजपाल शामिल रहीं। जिसमें रेखा शर्मा प्रथम रही। प्राचार्या प्रो. रेनू वर्मा ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद छात्राओं ने जागरूकता रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधवी सिंह और डॉ. अंजु गोयल ने किया।

2027 में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी भाजपा: केशव मौर्य

जौनपुर, एजेंसी।



उत्तर प्रदेश के जौनपुर में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि भाजपा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में तीसरी बार प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। टिकट किसी भी नेता या कार्यकर्ता को मिले, पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कमल खिलाने के लिए संकल्पित हैं। भाजपा का लक्ष्य सत्ता में वापसी करना है और संगठन पूरी मजबूती के साथ चुनाव की तैयारी में जुटा है।

उक्त बातें उन्होंने बुधवार को जौनपुर पुलिस लाइन स्थित सभागार में पार्टी कार्यकताओं और अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहीं। इस दौरान उन्होंने गठबंधन में सीटों के बंटवारे, प्रत्याशियों के चयन, विपक्ष के आरोपों और आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर अपनी बात रखी।

एनडीए में सब कुछ ठीक, समय पर होगा सीटों का फैसला

सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के संभावित सीट परिवर्तन की चचाओं पर उन्होंने कहा कि जिसे जहां से चुनाव लड़ना होगा, वह वहां से लड़ेगा। गठबंधन में सीटों का बंटवारा आपसी बातचीत और बैठकों के बाद तय होगा। संजय निषाद की नाराजगी और एनडीए में कथित तनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा और सहयोगी दलों के बीच कोई विवाद नहीं है। एनडीए पूरी मजबूती के साथ एकजुट है।

प्रदेश में 'राधे-राधे कमल खिला दे' के उद्घोष पर उन्होंने विश्वास जताया कि न्यायिक प्रक्रिया या आपसी समझौते से भगवान श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को शायद आने और जाने के समय के अभिवादन का अंतर समझ में नहीं आता। जाते समय राधे-राधे कहा जाता है।

28 व 29 नवंबर को विशेष अभियान, 16 दिसंबर तक चलेगी पुनरीक्षण प्रक्रिया

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची को पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने के साथ ही पुनरीक्षण कार्य में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पुनरीक्षण कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का विवरण प्रपत्र-9, 10 एवं 11/11ए के अनुसार वेबसाइट और पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है, जिससे राजनीतिक दल बूथवार स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकें। जिन बूथों पर आवेदन कम या शून्य हैं, वहां विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची में नाम, पिता-पति के नाम, संबंध एवं आयु संबंधी त्रुटियों के साथ ही कुछ बीएलओ की सक्रियता को लेकर समस्याएं और सुझाव रखे। इस पर डीएम ने स्पष्ट किया कि वर्तमान व्यवस्था में स्वतः संशोधन का प्रावधान नहीं है। मतदाता सूची में सही प्रविष्टि के लिए प्रपत्र-8 के माध्यम से आवेदन करना होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि सही तरीके से प्राप्त प्रपत्र-8 के आवेदनों का शत-प्रतिशत शुद्धिकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता पंजीकरण के लिए पूर्व वर्षों की मतदाता सूची अथवा माता-पिता व दादा-दादी के विवरण से वंशावली सिद्ध करना अनिवार्य नहीं है।

दाऊदयाल स्टेडियम से ककरऊ कोठी तक एक तरफा नाला निर्माण कराए जाने पर व्यापारियों में आक्रोश

उत्तम भारत संवाददाता



फिरोजाबाद। ककरऊ कोठी शनि देव मंदिर बाजार कमेटी की एक बैठक द्वारकाधीश गार्डन, ककरऊ की कोठी पर आयोजित की गई। बैठक में नगर निगम द्वारा दाऊदयाल स्टेडियम से ककरऊ कोठी तक लगभग 15 फुट चौड़े नाले का निर्माण केवल एक ओर कराए जाने पर व्यापारियों ने कड़ा विरोध जताया। उन्होने दोनो तरफ नाला निर्माण कराने की मांग की है। फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष अम्बेश शर्मा ने कहा कि नियमानुसार मोहल्लों एवं बस्तियों के पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण दोनों पटरियों पर समान रूप से होना चाहिए, लेकिन नगर निगम द्वारा एक ओर नाले का निर्माण कराया जा रहा है, जबकि दूसरी ओर नाला निर्माण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है। व्यापारियों ने इसे अन्यायपूर्ण एवं अनुचित बताते हुए वर्तमान निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26 नवंबर, गुरुवार को प्रातः 11 बजे फिरोजाबाद उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय व्यापारी जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपगे। साथ ही एक तरफा नाला निर्माण को तत्काल रुकवाने तथा दोनों ओर समान रूप से नाला निर्माण कराने की मांग करेंगे। बैठक में निर्भय चतुर्वेदी एडवोकेट, अश्वनी ग्रोवर, होरीलाल बघेल, क्षेत्रपाल बघेल, रमाशंकर दादा, आलोक यादव एडवोकेट, रामनरेश, सिपाही राम, विनय प्रताप सिंह, नरेश, सतीश, विकास, कमल सिंह, दिनेश यादव, अरविंद कुमार, राजेंद्र सिंह राजू, श्रीकृष्ण, सीताराम, राकेश कुमार, भारत सिंह, दुष्यंत भारद्वाज, देवेंद्र बघेल, भूरी सिंह, राजकुमार, पवन कुमार सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

अवैध तमंचा और कारतूस के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

उत्तम भारत संवाददाता

फिरोजाबाद। अवैध शस्त्रों की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न थानों में आठ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने विलहना से भट्टा रोड जाने वाले रास्ते के पास घेराबंदी कर अजय उर्फ अजुआ पुत्र डम्बर सिंह निवासी नगला उदी, थाना बसई मोहम्मदपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ वर्ष 2011 से वर्ष 2026 तक एनडीपीएस एक्ट, आयुध अधिनियम, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में आठ मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सिंहराज सिंह, उपनिरीक्षक देवेंद्र पंवार, हेड कांस्टेबल चंद्रभान सिंह, कांस्टेबल भूपेश चौधरी तथा रिजर्व कांस्टेबल रोहित कुमार शामिल रहे।

एक दिसंबर को सहारनपुर में 50 हजार छात्र-छात्राओं को बांटे जाएंगे टैबलेट

रिमाउंट डिपो ग्राउंड में होगा मंडलस्तरीय कार्यक्रम, मंडलायुक्त ने तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

उत्तम भारत संवाददाता



सहारनपुर। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत आगामी एक दिसंबर को सहारनपुर के देहरादून रोड स्थित रिमाउंट डिपो ग्राउंड में भव्य टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर जनपदों के लगभग 50 हजार छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए जाएंगे। इसमें सहारनपुर के 40 हजार तथा शामली और मुजफ्फरनगर के पांच-पांच हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। बुधवार को मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने मंडल के प्रशासनिक, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने तीनों जिलों के जिलाधिकारियों को नोडल एवं सह नोडल अधिकारी नामित कर अधिकारियों की जिम्मेदारियां निर्धारित करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता को देखते हुए उनके आवागमन, सुरक्षा, बैठने, पेयजल, जलपान और अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था समय से पूरी कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश एवं निकास, एंट्री पास, संस्थानवार सीटिंग प्लान, मंच, साउंड सिस्टम और पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही लाभार्थियों की सूची पहले से तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने को कहा, ताकि कार्यक्रम के दौरान आमजन को भी परेशानी न हो। छात्र-छात्राओं को लाने और वापस पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था की जाएगी। प्रत्येक बस में एक सरकारी अधिकारी अथवा नामित कर्मचारी की तैनाती अनिवार्य होगी। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी छात्र-छात्राएं एक दिसंबर को सुबह 10 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएं। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उन्हें सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

लाभार्थियों का चयन डिजिटल शक्ति पोर्टल पर स्टूडेंट लॉकिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। संस्थानों के नोडल अधिकारियों को टैबलेट मैपिंग सहित सभी औपचारिकताएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। शामली और मुजफ्फरनगर के नामित अधिकारी 30 नवंबर और एक दिसंबर को सहारनपुर में मौजूद रहकर अपने जनपद के विद्यार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। मंडलायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की महत्वपूर्ण पहल है।

सभी अधिकारी आपसी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं बैठक में जिलाधिकारी सहारनपुर अरविंद कुमार चैहान, जिलाधिकारी शामली प्रवीण वर्मा, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर सुनील कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. सुनील कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लवी त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सलिल कुमार पटेल, जिला पूर्ति अधिकारी नीरज कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहे।

खादी महोत्सव में उमड़ रही भीड़, ग्रामोद्योगी उत्पाद बने आकर्षण का केंद्र

मलखंभ के रोमांचक प्रदर्शन ने मोहा दर्शकों का मन, 26 नवंबर को होगी एकीकृत बागवानी गोष्ठी

उत्तम भारत संवाददाता



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से कंपनी बाग, बेहट रोड पर आयोजित सहारनपुर खादी महोत्सव 2026-27 में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। 20 नवंबर से शुरू हुआ यह महोत्सव 29 नवंबर तक चलेगा। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रदेशों से आए ग्रामोद्योगी इकाइयों के उत्पाद लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग स्टालों पर पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं। महोत्सव में आयुर्वेदिक दवाइयां, अचार-मुरब्बा, सूती वस्त्र, सजावटी लकड़ी के सामान, सिल्क की साड़ियां, कश्मीरी शॉल, शुद्ध शहद और कालीन सहित अनेक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। उत्तरकाशी के नौगांव से आई बद्री विशाल वूलन गारमेंट्स की खादी वस्त्र इकाई, जम्मू-कश्मीर के आरके हैंडीक्राफ्ट के गर्म शॉल व लेडीज गर्म सूट तथा उत्तर प्रदेश के भदोही से आई कालीन इकाई लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। महोत्सव के अंतर्गत 24 नवंबर की शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम में मलखंभ का शानदार प्रदर्शन किया गया। आर्यवृत्त खेल महासंघ, जहांगीरपुरी दिल्ली के बाल खिलाड़ियों ने खंभे पर विभिन्न योगासन और हैरतअंगेज खेल मुद्राओं का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने प्रदर्शन का आनंद लिया। खासकर बच्चों में मलखंभ को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी के अनुसार, महोत्सव में 26 नवंबर को एकीकृत बागवानी गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से महोत्सव में पहुंचकर ग्रामोद्योगी उत्पादों की खरीदारी करने और स्थानीय कारीगरों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

तीन समस्याओं में से दो का कराया तत्काल निस्तारण



उत्तम भारत संवाददाता

सहारनपुर। नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान तीन समस्याएं आयी। जिनमें से दो समस्याओं का समाधान तत्काल कराया गया। मंगलवार को अवकाश के कारण जनसुनवाई कार्य आज किया गया। वार्ड 07 जाटव नगर डॉ.अंबेडकर चैक निवासी रवि प्रकाश ने जाटव नगर तथा वार्ड 13 चकहरेटी निवासी रतिराम ने चकहरेटी में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अपर नगरायुक्त सूरज यादव ने क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समाधान करा दिया। इसके अतिरिक्त वार्ड 26 न्यू नंदपुरी कॉलोनी निवासी अजय कुमार ने नंदपुरी कॉलोनी में शूकर पालन के कारण फैल रही गंदगी के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया। अपर नगरायुक्त ने पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

गुरु नानक देव जी के आदर्शों को जीवन में उतारें युवा: आयुष

उत्तम भारत संवाददाता



सहारनपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहारनपुर महानगर विद्यार्थी विभाग की ओर से मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा, देव उत्थान पर्व एवं सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महानगर विद्यार्थी प्रचारक आयुष का विशेष सानिध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं गुरु नानक देव जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्पमाल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान उपस्थित विद्यार्थी स्वयंसेवकों ने गुरु साहिब को नमन किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आयुष ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने समाज को जातिगत भेदभाव, ऊंच-नीच और आडंबरों से ऊपर उठकर सत्य, प्रेम, सेवा और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनके बताए तीन मूल सिद्धांत ह्यनाम जपो, किरत करो और वंड छकोह्न आज भी मानव जीवन के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने युवाओं से इन आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा ईमानदारी, परिश्रम, सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नैतिक मूल्यों और सेवा भाव से युक्त युवा पीढ़ी ही समर्थ, संगठित एवं समरस भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

कानून एवं शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 8 आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। थाना बड़गांव पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था भंग होने की आशंका के चलते आठ आरोपियों को गिरफ्तार बीएनएसएस की धारा- 170, 126 व 135 के तहत चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना बड़गांव पुलिस ने थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक हितेश कुमार के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के चलते आठ आरोपियों अतुल पुत्र अरविंद उर्फ टोनी निवासी ग्राम सहजी, मोंटी पुत्र नरेश ग्राम बड़गांव, सौरभ पुत्र संजू उर्फ संजय निवासी ग्राम बड़गांव थाना बड़गांव, कपिल पुत्र लोकेश ग्राम भूखेड़ी रतनपुरी जनपद मुजफ्फरनगर, गुलबहार पुत्र खुर्शीद निवासी ग्राम दलहेड़ी, मुसाफर अली उर्फ छोटा जब्बार निवासी ग्राम नूनाबड़ी व आसिफ पुत्र मुसाफर अली निवासी ग्राम नूनाबड़ी थाना बड़गांव को शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका के दृष्टिगत थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

लकड़ी से भरी ट्रॉली पलटी, एक महिला गंभीर रूप से घायल

उत्तम भारत संवाददाता

सहारनपुर। नगर के खाताखेड़ी स्थित वुडन सिटी में लकड़ी से भरी एक ट्रॉली पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र की बदहाल सड़क को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि सड़क की खराब स्थिति के चलते यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन नगर निगम अधिकारियों का इस ओर ध्यान नहीं है। समाजसेवी हाजी जलालुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि करीब एक साल पहले उन्होंने क्षेत्र के लोगों के साथ सड़क की बदहाली और दुर्घटनाओं के संबंध में तत्कालीन नगरायुक्त शिपू गिरी और जेई को मौके पर जाकर अवगत कराया था। सड़क की स्थिति और हादसों की तस्वीरें भी अधिकारियों को दिखाई गई थीं। इसके बावजूद अब तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। उनका कहना है कि इस दौरान कई और दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।उन्होंने नगर निगम के पार्षदों पर आपसी खींचतान और श्रेय लेने की राजनीति में उलझे रहने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि खटाखेड़ी की वुडन सिटी से अंतरराष्ट्रीय बाजार में लकड़ी का कारोबार होता है और सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है, लेकिन यहां की सड़क की बदहाली दूर नहीं हो रही।हाजी जलालुद्दीन सिद्दीकी ने महापौर डॉ अजय कुमार सिंह और नगर आयुक्त शीपू गिरी से सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग बार-बार शिकायत कर थक चुके हैं।

किसानों का बकाया गन्ना भुगतान और 600 रुपये प्रति क्विंटल मूल्य घोषित करने की मांग

उत्तम भारत संवाददाता



सहारनपुर। किसानों ने बकाया गन्ना भुगतान तत्काल कराने, गन्ने का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने तथा बजाज शुगर मिल के कथित पर्ची घोटाले की जांच करने की मांग को लेकर आज भाकियू जनमोर्चा से जुड़े किसानों ने आज जिला प्रशासन के अधिकारी भेंट की तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। आज जिला मुख्यालय पर पहुंचे भाकियू जनमोर्चा के पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशाासन के अधिकारी से मुलाकात की था प्रदेश मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देते हुए बताया कि प्रदेश का किसान गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। बजाज शुगर मिल द्वारा समय पर गन्ने का भुगतान नहीं किए जाने से किसानों को खाद-बीज खरीदने, बच्चों की पढ़ाई और शादी-विवाह जैसे जरूरी कार्यों में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने बकाया भुगतान तत्काल कराने और देरी के लिए जिम्मेदार मिल प्रबंधन के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि खाद, बीज, डीजल, बिजली और मजदूरी की बढ़ती लागत को देखते हुए गन्ने का मूल्य कम से कम 600 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया जाना चाहिए। इससे कम मूल्य किसानों को स्वीकार नहीं होगा। इसके अलावा अमर त्यागी ने नवंबर 2025 में बजाज शुगर मिल पर किसान पर्ची भुगतान घोटाले का आरोप लगाया था। इस मामले में तत्कालीन जिलाधिकारी ने जिला गन्ना सचिव अजीत कुमार की टीम के नेतृत्व में जांच कमेटी गठित की थी। संगठन के अनुसार जांच टीम ने मिल को तीन नोटिस जारी किए थे तथा पत्र संख्या 400 दिनांक 20 मई 2026 के माध्यम से जिला गन्ना अधिकारी को भी सूचना भेजी थी। इसके बावजूद अब तक जांच रिपोर्ट और कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। संगठन ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने, दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा अब तक हुई कार्रवाई का लिखित विवरण उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान हंसराज, राजपाल, अंकुर, प्रीतम त्यागी, राजू पाल, मुनेश, विजय, अजब सिंह और अशोक सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

रेल कर्मचारियों की मांगों को लेकर यूआरएमयू ने किया धरना-प्रदर्शन

पुरानी पेंशन बहाली और सहारनपुर में वाशिंग लाइन दोबारा शुरू करने की उठाई मांग, छह घंटे तक चला प्रदर्शन

उत्तम भारत संवाददाता



सहारनपुर। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवेमेन के आह्वान पर उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की शाखा की ओर से बुधवार को रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर रेल कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक चले प्रदर्शन में कर्मचारियों ने केंद्र सरकार और रेलवे प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए अंबाला मंडल के संगठन मंत्री अजय बिड़ला ने सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल कर नई पेंशन योजना और यूनिफाइड पेंशन स्कीम समाप्त की जाए। इसके अलावा न्यूनतम पेंशन न्यूनतम वेतन के बराबर करने, 20 वर्ष की सेवा के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारियों को तत्काल पेंशन देने और सेवानिवृत्ति पर अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में देने की मांग उठाई गई। यूनियन ने महंगाई भत्ते की रोकी गई तीन किस्तों का भुगतान करने, आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट शीघ्र प्रकाशित करने, रेलवे में ठेकेदारी प्रथा समाप्त करने तथा नए पदों को मंजूरी देकर विभिन्न विभागों में सहायकों की भर्ती करने की मांग भी की। साथ ही एक जनवरी 2004 से वेतन से काटी जा रही 10 प्रतिशत अंशदान राशि ब्याज सहित वापस करने की मांग की गई। शाखा सचिव उपेंद्र गुप्ता ने रेलवे आवासों की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि आवासों की खराब हालत के कारण कर्मचारी निजी मकानों में रहने को मजबूर हैं। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन समस्या का समाधान नहीं कर रहा है। उन्होंने रेलवे आवासों के किराये में होने वाली वार्षिक वृद्धि की समीक्षा करने की मांग की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में सहारनपुर की वाशिंग लाइन बंद किए जाने से करीब 150 रेल कर्मचारियों को हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों पर स्थानांतरित कर दिया गया था।

शिक्षा विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी की हरकत से लोग परेशान

उत्तम भारत संवाददाता

शिकोहाबाद। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत एक कर्मचारी की हरकत उसे महंगी पड़ गई। कर्मचारी का एक बेटा भी शिक्षक है और दूसरा बेटा बाहर सर्विस करता है। कर्मचारी ने पांच महिला शिक्षकों के पासपोर्ट फोटो लेकर उन्हें प्रिंटिंग प्रेस पर पहुंचा और उनको बड़ा बनवाने के लिए दे दिया। लेकिन दुर्भाग्य था कि जिस महिला का फोटो उसने प्रिंटिंग प्रेस बाले को दिया, वह उसकी जानकारी और रिश्तेदार निकली। उसने फोन कर महिला को इसकी सूचना दी। जानकारी होते ही महिला का पति बुधवार को सुबह 11 बजे प्रेस पहुंचा और उसने उक्त कर्मचारी को पकड़ लिया और फोटो के बारे में जानकारी की। लेकिन उसके स्पष्ट जवाब ना देने पर उसके साथ मारपीट की और फिर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। फिलहाल रिटायर्ड कर्मचारी पुलिस कस्टडी में है। इस बारे में जब इंस्पेक्टर से बात की तो उन्होंने बताया कि व्यक्ति शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं।

महानगर के तीनों जोन की हुई स्वगणना समीक्षा

प्रत्येक प्रगणक को करानी है कम से कम 15 स्वगणना

उत्तम भारत संवाददाता



सहारनपुर। जनगणना 2027 के दूसरे चरण में स्वगणना को लेकर काफी जोर दिया जा रहा है। महानगर में जनगणना के लिए बनाये गए 1722 ब्लॉकों में अब तक 5595 स्वगणना की जा चुकी है। अधिकारियों ने स्वगणना में तेजी लाने के लिए आज निगम के शाकुंभरी सभागार में तीनों जोन-एक, दो व तीन जोन के सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक की गयी और आवश्यक निर्देश दिए। जोन एक के सुपरवाइजरो की समीक्षा बैठक जोनल अधिकारीध्सहायक नगरायुक्त जेपी यादव द्वारा, जोनल दो की बैठक जोनल अधिकारीध्कर निर्धारण अधिकारी श्रुति माहेश्वरी द्वारा तथा जोनल तीन की समीक्षा जोनल अधिकारी बिकास धर दुबे द्वारा की गयी। सभी सुपरवाइजरों से जानकारी ली गयी कि उनके प्रगणकों द्वारा कितने घरों से संपर्क किया गया है, कितनी स्वगणना की गयी है। सुपरवाइजरों को स्पष्ट बताया गया कि प्रत्येक प्रगणक द्वारा कम से कम 15 स्वगणना करायी जानी है। साथ ही चेतावनी भी दी गयी कि कल सुबह दस बजे तक किसी भी प्रगणक की प्रगति शून्य न रहने पाए। यदि किसी प्रगणक की प्रगति शून्य पायी जायेगी तो उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में कड़ी कार्रवाई की जायेगी। अपर नगरायुक्त सूरज यादव ने समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, कोई भी सुपरवाइजर या प्रगणक इस कार्य में कोताही न बरते। उन्होंने कहा कि शासन से लगातार प्रत्येक शहर की प्रगति की समीक्षा की जा रही है और कडे.निर्देश दिए जा रहे हैं।

नारी शक्ति के सम्मान और संस्कारों के संरक्षण का संकल्प बना मां दुर्गा शक्ति सम्मान-2026

शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन और सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 22 महिलाओं को किया सम्मानित

उत्तम भारत संवाददाता







सहारनपुर। नारी शक्ति के सम्मान, महिला सशक्तीकरण और भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों के संरक्षण के उद्देश्य से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा दिव्य शक्ति अखाड़ा सहारनपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिल्ली रोड स्थित पाइनवुड स्कूल ऑडिटोरियम में ह्यमां दुर्गा शक्ति सम्मान-2026ह्न समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासन, सामाजिक सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 22 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन संस्कृति पर आधारित भगवान शिव की स्तुति पर प्रस्तुत मनमोहक नृत्य से हुआ। मुख्य अतिथि ओम शांति रिट्रीट सेंटर, गुरुग्राम की निदेशक राजयोगिनी तपस्वीमूर्त ब्रह्माकुमारी आशा दीदी रहीं। दिव्य शक्ति अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर संत श्री कमल किशोर महाराज का पावन सान्निध्य एवं आशीर्वचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका एवं सहारनपुर क्षेत्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी तपस्वीमूर्त ब्रह्माकुमारी रानी बहन रहीं। इस अवसर पर दिव्य शक्ति अखाड़े के सह-संयोजक अरविंद राणा एवं सरदार जीएस बब्बर ने आशा दीदी को विष्णु पुराण भेंट कर स्वागत किया। वहीं संत कमल किशोर महाराज ने उन्हें दिव्य शक्ति अखाड़े एवं ब्रह्मा बाबा का काष्ठ निर्मित प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। आशा दीदी ने कहा कि नारी केवल परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि संस्कारवान और सशक्त समाज के निर्माण की प्रमुख शक्ति भी है। महिला सशक्तीकरण का वास्तविक अर्थ आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, सकारात्मक चिंतन और आध्यात्मिक सशक्तता है। जब महिला स्वयं आंतरिक रूप से सशक्त होती है तो वह परिवार, समाज और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान करती है। उन्होंने राजयोग और सकारात्मक जीवनशैली को जीवन में शांति, संतुलन एवं श्रेष्ठ संस्कार विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया। आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति स्वरूपा एवं जगत जननी के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है। मां दुर्गा शक्ति सम्मान जैसे आयोजन नारी गरिमा, भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं।

समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है, जब महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर प्राप्त हों। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी नेहा दीदी एवं ख्याति दीदी ने उपस्थित अतिथियों और लोगों को राजयोग का अभ्यास कराया तथा परमपिता परमात्मा शिव की अनुभूति कराई। आध्यात्मिक सत्र में उपस्थित लोगों ने आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया।

अमेरिका में फिर एक विमान क्रैश दो बच्चों समेत 6 लोगों की मौत



वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में एक बार फिर दिल दहला देने वाला विमान हादसा हुआ है। मिसिसिपी तट के पास मैक्सिको की खाड़ी के पानी में रात के वक्त एक छोटा सेसना 210 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार 8 और 10 साल के दो मासूम बच्चों समेत सभी छह लोगों की जान चली गई। अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने घंटों चले तलाशी अभियान के बाद समुद्र से सभी शवों को बरामद कर लिया है। लगातार हो रहे ऐसे हादसों ने देश में छोटे विमानों की सुरक्षा पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक, दुर्घटनाग्रस्त विमान लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स लेकफ्रंट एयरपोर्ट से रात करीब 9:45 बजे हवा में उड़ा था। इसकी डेस्टिनेशन फ्लोरिडा का फोर्ट मायर्स था। लेकिन टेकऑफ के कुछ देर बाद ही विमान रडार से गायब हो गया और मिसिसिपी के पास्कागौला तथा हॉर्न आइलैंड के बीच समुद्र में जा गिरा। बता दें कि हॉर्न आइलैंड प्रसिद्ध गल्फ आइलैंड्स नेशनल सीशोर का हिस्सा है, जो एक संरक्षित तटीय क्षेत्र माना जाता है। विमान में चार वयस्कों के अलावा दो बच्चे सवार थे। उपलब्ध जानकारी के अनुसार,

जहाज में 8 साल का बच्चा भी सवार था
न्यू ऑरलियन्स से उड़ा था यह जहाज
पानी में तैरता मिला विमान का केबिन
छह लोग सवार थे, समुद्र ने ले ली जान

यह विमान लुइसियाना के स्लाइडेल स्थित एक प्राइवेट कंपनी के नाम रजिस्टर्ड था। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक मरने वालों की पहचान सार्वजनिक रूप से जारी नहीं की है।

समुद्र में तैरता मिला विमान का केबिन, लाइफ जैकेट और लाइफ राफ्ट

हादसे की सूचना मिलते ही अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने मौके पर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता जुआन रॉस के अनुसार, शुरूआती तलाशी में बचाव दल को समुद्र की सतह पर विमान का केबिन तैरता हुआ, तीन लाइफ जैकेट और एक लाइफ राफ्ट मिला। लेकिन उस वक्त किसी यात्री का सुराग नहीं मिल पाया था। इसके बाद कोस्ट गार्ड की टीमों ने गोताखोरों की मदद से मैक्सिको की खाड़ी में घंटों तक तलाशी जारी रखी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाद में इस ऑपरेशन को रेस्क्यू से बदलकर रिकवरी ऑपरेशन में तब्दील कर दिया। कई घंटों की मशक्कत के अंत में दोनों बच्चों समेत सभी छह लोगों के शव समुद्र से बरामद कर लिए गए। जैक्सन काउंटी शेरिफ ऑफिस की टीम भी इस कार्रवाई में शामिल रही। सेसना 210 विमान समुद्र में किस वजह से गिरा, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने हादसे की पुष्टि की है। जांचकताओं की टीम अब बरामद किए गए मलबे, विमान के मेंटेनेंस रिकॉर्ड्स, हादसे के वक्त के मौसम और एयर ट्रैफिक कंट्रोल से हुई रेडियो बातचीत की गहन जांच करेगी। मैकेनिकल खराबी, खराब मौसम या इंसानी गलती – इन तीनों आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में फाइनल रिपोर्ट आने में कई महीनों का वक्त लग सकता है।

इसी महीने दक्षिण फ्लोरिडा में भी गिरा था लियरजेट 60

मैक्सिको की खाड़ी का यह विमान हादसा अकेला नहीं है। इसी महीने दक्षिण फ्लोरिडा के बोका रेटन में लियरजेट 60 बिजनेस जेट जमीन से टकरा गया था, जिसमें विमान में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई थी। दुर्घटना के वक्त कुछ लोगों ने यह नजारा अपनी कारों के भीतर से कैमरे में कैद कर लिया था, जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुए थे।



"युवाओं को झूठ पसंद नहीं है...वे अपने देश को मजबूत बनाना चाहते हैं..."



नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने भारत में 'विविधता में एकता' की अवधारणा पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने बताया कि किस तरह अलग-अलग भाषाओं, अनेक बोलियों, 33 करोड़ देवी-देवताओं, और खान-पान तथा रीति-रिवाजों में भारी अंतर होने के बावजूद, भारतीय होने की भावना बनी रहती है। मोहन भागवत के अनुसार, भारत 'हम लोग' (वी द पीपल) की भावना से एकजुट है। तमिलनाडु, आंध्र, महाराष्ट्र और पंजाब के लोग एक साथ आते हैं और खुद को 'हम' के रूप में पहचानते हैं। अपनापन की यह भावना बहुत महत्वपूर्ण है, और यह केवल बाहरी खतरों के कारण पैदा नहीं होती है। अगर यह किसी खतरे की वजह से अस्तित्व में आया होता, तो उस खतरे के खत्म होते ही यह भी खत्म हो जाता। इसके विपरीत, भारत की यह भावना इतिहास के उतार-चढ़ाव और लंबे कालखंडों के दौरान लगातार विकसित होती रही है। उन्होंने कहा कि हम, भारत के लोग, प्राचीन काल से अस्तित्व में हैं; हम आज भी हैं, और भविष्य में भी बने रहेंगे। इस भावना को केवल शब्दों या भाषा के माध्यम से व्यक्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए उदाहरणों की आवश्यकता है। ऐसी मिसालें जो एकता की इस भावना को और अधिक मजबूत करेंगी।

भागवत ने कहा कि युवाओं को झूठ पसंद नहीं है। वे अपने देश को मजबूत बनाना चाहते हैं। वे जब भी स्वयंसेवक समाज को तकलीफ में देखते हैं तो वे खुद आगे आते हैं। वे कभी संसाधनों या मदद की चिंता नहीं करते। मोहन भागवत में कार्यक्रम में आगे कहा कि भारत की युवा पीढ़ी गुलामी के प्रभावों से मुक्त है। मैं जब घूमता हूं तो मैं देखता हूं। उनमें एक प्रामाणिकता है। वे लोग झूठ का तिरस्कार करते हैं। कोई बोलने वाला प्रामाणिकता से बोलता है। अपने देश को बड़ा बनाने की उनकी इच्छा है।

सुप्रीम कोर्ट से राहुल गांधी को मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय को उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को नए सिरे से विचार करने के लिए वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेज दिया है। साथ ही, कोर्ट ने निर्देश दिया है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जाए, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या याचिकाकर्ता द्वारा दायर की गई शिकायत कानूनी रूप से विचार योग्य है या नहीं।

यह मामला कर्नाटक के बीजेपी कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी के पास उनकी ज्ञात आय के स्रोतों की तुलना में कहीं अधिक संपत्ति है। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को इन आरोपों की जांच करने और उठाए गए कदमों के बारे में कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया था। हालांकि, राहुल गांधी ने हाई कोर्ट के इस निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

ड्रग मनी हिंद महासागर के लिए बड़ा खतरा : डोभाल

माले/नई दिल्ली, एजेंसी। मालदीव की राजधानी माले में बुधवार को कोलंबो सिक्योरिटी काउंसिल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की 8वीं बैठक आयोजित की गई। इसमें भारत के एनएसए अजित डोभाल ने हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, स्थिरता और साझा विरासत पर जोर दिया। ड्रग तस्करी को लेकर फिक्र जाहिर जताते हुए उन्होंने कहा कि भारत श्रीलंका, मालदीव समेत अन्य देशों के साथ जानकारी साझा कर इस पर काम कर रहा है और अब इस सहयोग को और आगे बढ़ाने की जरूरत है।

उन्होंने कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव की यात्रा में योगदान देने वाले सभी सदस्य देशों का धन्यवाद किया। डोभाल ने कहा, हमने एक शुरूआती विचार से शुरूआत की थी कि हिंद महासागर हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, हमारी आर्थिक समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र के लोगों के हितों के लिए भी महत्वपूर्ण है।



उन्होंने कहा, सभी के सहयोग से आज इस मंच के पास अपना सचिवालय है, अपने महासचिव हैं और आने वाले समय में इसे और आगे ले जाने की उम्मीद है। हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देश एक साझा समुद्री क्षेत्र साझा करते हैं और एक सभ्यतागत विरासत से जुड़े हैं जो लंबे इतिहास में आकार ले चुकी है। हमारी परंपरा हमें समुद्र के माध्यम से जोड़ती है,बांटती नहीं।

डोभाल ने याद दिलाया कि नवंबर 2020 में कोलंबो सिक्योरिटी कॉन्क्लेव का गठन हिंद महासागर क्षेत्र की सुरक्षा, संरक्षा और स्थिरता के सामूहिक विजन के साथ किया गया था। उन्होंने कहा, संगठनात्मक जड़ें जमाने के साथ-साथ सीएससी को एक एक्शन-ओरिएंटेड मंच में बदला गया है, जहां सहयोग सभी सदस्य देशों के आपसी लाभ को प्राथमिकता देता है।उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा और संरक्षा, आतंकवाद और कट्टरपंथ का मुकाबला, साइबर सुरक्षा और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) सहित प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में मजबूत सहयोग जारी है। यही सहयोग सीएससी की भावना को परिभाषित करता है। बैठक में ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया के प्रतिनिधियों की मौजूदगी पर खुशी जताते हुए डोभाल ने उम्मीद जताई कि ये विशिष्ट अतिथि भविष्य में इस मंच से जुड़ेंगे।

डीयू सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग ने अपनी प्रतिष्ठित शोध पत्रिका जर्नल ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस के स्वर्ण जयंती वर्ष (1976झ्र2026) के उपलक्ष्य में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षाः समस्याएँ, संभावनाएँ एवं भविष्य विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। गांधी भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित इस सम्मेलन का संयुक्त आयोजन विभाग एवं दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन द्वारा किया गया। सम्मेलन के प्रमुख आकर्षणों में दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष स्वर्गीय एन. के. गोयल की स्मृति में आयोजित एन. के. गोयल स्मृति व्याख्यान शीर्षक संपादित पुस्तक का विमोचन शामिल रहा। सम्मेलन के अंतर्गत शोध पत्र प्रस्तुतियों के लिए तीन समानांतर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। इसके अतिरिक्त विभिन्न विषयों पर एक विचारोत्तेजक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. रोशन रैना ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन की शोभा बढ़ाई।



इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं दिल्ली लाइब्रेरी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रोफेसर के. पी. सिंह ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। पहली घोषणा के अंतर्गत उन्होंने गांधी भवन घोषणा प्रस्तुत की। इस ऐतिहासिक घोषणा पर विभाग के संकाय सदस्यों, पूर्व विद्यार्थियों, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पेशेवरों तथा शुभचिंतकों ने हस्ताक्षर किए। यह पहल विभाग की आठ दशकों की गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा को एक संस्थागत पहचान प्रदान करने तथा विभागीय एलुमनी एसोसिएशन के औपचारिक एवं विधिक गठन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपनी दूसरी घोषणा में प्रो. सिंह ने विभाग के संकाय सदस्यों एवं शोधकताओं से सामूहिक ज्ञान, दूरदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से आए 150 से अधिक शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के पेशेवरों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सम्मेलन में अनेक प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं पेशेवरों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनमें प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण; प्रो. गुरमोहिंदर सिंह, प्राचार्य, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज; डॉ. प्रिया राय, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी; डॉ. वी. के. जे. जीवन, पुस्तकालयाध्यक्ष, इग्नू; प्रो. मनोज कुमार जोशी; प्रो. मीरा; प्रो. मनीष कुमार; प्रो. ए. पी. सिंह; प्रो. एम. पी. सिंह; प्रो. हंसराज सुमन; प्रो. मनोज कुमार कैन; डॉ. रितु सेठी; डॉ. संगीता तालुकदार; डॉ. कुमार संजय; डॉ. हंसराज; डॉ. जे. एन. सिंह; श्री एस. एस. खसा; डॉ. प्रभात चौधरी; डॉ. निर्मल खत्री; डॉ. अशोक कुमार तथा श्री संजय कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथि सम्मिलित रहे। सम्मेलन के आयोजन सचिव प्रो. एम. मधुसूदन ने आयोजन संबंधी गतिविधियों एवं सत्रों के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि सम्मेलन निदेशक प्रो. राकेश कुमार भट्ट ने उद्घाटन समारोह में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

आतंकवादी नई तकनीक का कर रहे इस्तेमाल

न्यूयॉर्क, एजेंसी। भारत ने दुनिया को आंतकियों के बदलते पैटर्न से आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से भारत ने तकनीक के दुरुपयोग का हवाला देते हुए हैकिंग के प्रति सतर्क रहने का आह्वान किया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि आतंकवादियों और नॉन-स्टेट एक्टर्स द्वारा उभरती तकनीकों का संभावित दुरुपयोग बेहद गंभीर चिंता का विषय है। तेजी से होते तकनीकी बदलावों के दौर में संघर्ष समाधान विषय पर सुरक्षा परिषद की एक चर्चा के दौरान उन्होंने कहा, एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जरिए अधूरा, गलत या जानबूझकर बदला गया डेटा निर्णय लेने की प्रक्रिया को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचे, साइबर सुरक्षा और उभरती हुई तकनीकों के क्षेत्र में काफी प्रगति की है।

कोलंबिया का बंधक संकट खत्म: सभी छुड़ाए, एक अपहरणकर्ता की मौत



बोगोटा, एजेंसी। *कोलंबियाई सुरक्षा बलों ने कैरेबियाई शहर काटार्जेना के एक सुपरमार्केट में धावा बोलकर दिन भर चले बंधक संकट को खत्म कर दिया है। राष्ट्रपति ने बताया कि सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया गया है और एक अपहरणकर्ता मारा गया है। सिंहुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार सुरक्षा बलों के इमारत में घुसने से पहले कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। माना जा रहा था कि वहां हथियारबंद लोगों ने लगभग 20 लोगों को बंधक बना रखा था। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, राष्ट्रपति अबेलार्डो डी ला एस्प्रिएला ने कहा, राष्ट्रीय पुलिस और सशस्त्र बलों के एक असाधारण संयुक्त अभियान के जरिए सभी बंधकों को सुरक्षित बचा लिया गया है। बुधवार आधी रात के कुछ समय बाद, सुपरमार्केट के बाहर सुरक्षा बलों के जमा होने के दौरान, एक पुलिस हेलीकॉप्टर शॉपिंग सेंटर के ऊपर काफी नीचे मंडरा रहा था। इसके बाद, जैसे ही टैक्टिकल टीमें अंदर दाखिल हुईं, पूरे परिसर में धमाकों की आवाजें गूंज उठीं।*

अमेरिका ने अलीबाबा की सात कंपनियों पर लगाया निर्यात प्रतिबंध

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका ने उन्नत कंप्यूटिंग उपकरणों और अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर चिप की अनधिकृत इस्तेमालकर्ताओं तक पहुंचने की आशंका के चलते सिंगापुर की कंपनी मेगास्पीड और अलीबाबा की एक सहायक कंपनी समेत सात कंपनियों पर निर्यात प्रतिबंध लगा दिया है।

अमेरिकी वाणिज्य विभाग के उद्योग एवं सुरक्षा ब्यूरो ने इन कंपनियों को अपनी एंटिटी लिस्ट में शामिल किया है। इसके बाद अमेरिकी निर्यात नियमों के दायरे में आने वाले उत्पादों, तकनीक और उपकरणों के निर्यात, पुनर्निर्यात या हस्तांतरण के लिए विशेष लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे लाइसेंस के आवेदनों को सामान्यतः खारिज किया जाएगा। ये प्रतिबंध 23 नवंबर से प्रभावी हो गए हैं। हालांकि, इन्हें औपचारिक रूप से 25 नवंबर को अमेरिकी फेडरल रजिस्टर में प्रकाशित किया गया।

टर्की में ट्रंप का दावा, ईरान की सैन्य ताकत लगभग खत्म हो गई



वाशिंगटन, एजेंसी। *अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में थैंक्सगिविंग के पारंपरिक टर्की पार्डन समारोह के दौरान दावा किया कि ईरान की सैन्य ताकत लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास अब न तो प्रभावी सेना बची है और न ही नौसेना। हालांकि, उसके पास कुछ मिसाइल दागने की क्षमता अभी भी है। इस समारोह में ट्रंप ने ईरान के साथ युद्ध, तेल आपूर्ति, ईंधन की कीमतों और हालिया चुनावों पर भी अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने वेस्ट वर्जीनिया में पाले गए दो टर्की फ्रीडम और फेदर्स को परंपरा के अनुसार थैंक्सगिविंग के भोज में शामिल नहीं किया,यानी उन्हें माफी दे दी गई।*

उन्होंने दावा किया कि युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में अभी होर्मुज स्ट्रेट से अधिक तेल की आवाजाही हो रही है। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी की भी तारीफ की और कहा कि अस्थायी रोक की अवधि को छोड़कर कोई ईरानी जहाज इस नाकेबंदी को पार नहीं कर पाया है।

ऑस्ट्रेलिया के फ्लिंडर्स द्वीप पर जंगल की आग हुई भीषण, बाहर निकलना जानलेवा

ऑस्ट्रेलिया में जंगल की आग का खतरा केवल तस्मानिया तक सीमित नहीं है। इससे पहले 20 नवंबर को पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने पर्थ के उत्तरी उपनगरों में भी जंगल की बेकाबू आग को लेकर आपातकालीन चेतावनी जारी की थी।



कैनबरा, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी तट के पास स्थित फ्लिंडर्स द्वीप पर जंगल की भीषण आग ने विकराल रूप ले लिया है। हालात की गंभीरता को देखते हुए जानलेवा आपातस्थिति घोषित की गई है। अधिकारियों ने प्रभावित इलाके के निवासियों और वहां मौजूद पर्यटकों को चेतावनी दी है कि अब वहां से निकलने में देर हो चुकी है और बाहर जाने की कोशिश उनकी जान के लिए खतरा बन सकती है।

तस्मानिया राज्य की अग्निशमन सेवा ने बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 10:43 बजे इमरजेंसी वॉर्निंग जारी की। इसमें कहा गया कि फ्लिंडर्स द्वीप के उत्तर-पश्चिमी तटीय इलाके में अनियंत्रित आग लोगों की जान और घरों के लिए खतरा बन गई है। प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले लोगों और पर्यटकों को तत्काल अपनी सुरक्षा के लिए कदम उठाने को कहा गया है।

सिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक, अलर्ट में कहा गया, अब वहां से निकलने में बहुत देर हो चुकी है। आग निकासी के रास्तों को अपनी चपेट में ले रही है और इस समय बाहर निकलने की कोशिश जानलेवा साबित हो सकती है। आग पहुंचने से पहले किसी सुरक्षित स्थान पर शरण लें। इस समय आग बुझाने की कोशिश न करें।

फ्लिंडर्स द्वीप ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण-पूर्वी राज्य विक्टोरिया और मुख्य तस्मानियाई द्वीप के बीच बास स्ट्रेट में स्थित है। बुधवार को जारी आपातकालीन चेतावनी जिस इलाके के लिए थी, वहां 2021 की राष्ट्रीय जनगणना के समय लगभग 43 लोग रहते थे।

अग्निशमन अधिकारियों ने लोगों को घर के भीतर ऐसे कमरे में शरण लेने की सलाह दी है, जहां से बाहर निकलने के रास्ते स्पष्ट हों। उन्हें सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद रखने तथा एयर कंडीशनर बंद करने को कहा गया है। चेतावनी में कहा गया कि घना धुआं और हवा के साथ उड़कर आने वाली आग की चिंगारियां आसपास के इलाकों को भी खाक कर सकती हैं। छोटी-छोटी जगहों पर आग भड़क सकती है और घरों को खतरा पैदा हो सकता है।